श्रावण शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.4° न्यून. 22.2°
रांची: अधिक. 28.5° न्यून. 23.0°

रांची, गुरुवार
31 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-179, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर








## सिंदूर की हिफाजत के लिए बंदूक भी थामती हैं हमारी बेटियां

राष्ट्रीय नवीन मेल



सरिता सिंह

भारत की पावन धरती पर जब-जब दुश्मनों ने नजरें गड़ाईं, तब तक उसे मुंह की खानी पड़ी। पुलवामा, उरी और पहलगाम जैसी घटनाएं उदाहरण हैं। कायराना हरकतों का हमारे सैनिकों ने सदैव मुंहतोड़ जवाब दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' न सिर्फ एकता के भाव से हमें अवगत कराया है, अपितु महिला सशक्तिकरण का भी उदाहरण पेश किया है। हमारे देश की बेटियां सिर्फ चूड़ियां ही नहीं पहनतीं, बल्कि सिंदूर की हिफाजत के लिए बंदूक भी थामती हैं।इस युद्ध में हमारे कई सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं, सारे देशवासियों ने उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। एक भावुक पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं-

जाने वह मंजर कैसा होगा,
हाथ हिलाकर जाने वाला
ताबूत में जब सिमटा होगा।

भारतीय सैनिकों दुनिया को दिखा दिया कि हम एक सुरक्षित कवच में घिरे हुए हैं। जो भी इस कवच को तोड़ने की कोशिश करेगा, वह अपने मुंह की खाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के देवघर आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

**रांची/देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को देवघर एम्स के पहले



दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई और 01 अगस्त 2025 को झारखंड के दौरे पर रहेंगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## रामगढ़ पुलिस ने छात्रा को सकुशल रांची पुलिस को सौंपा

# रांची से अपहृत स्कूली छात्रा कुजू से बरामद

*पुलिस के अभियान से घबराकर छात्रा को रास्ते में छोड़ भाग निकले अपराधी*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/रामगढ़।** रांची से अपहृत स्कूली छात्रा को तीन घंटे के अंदर पुलिस के लगातार चलाए गए छापेमारी अभियान के बाद सकुशल कुजू ओपी क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। रांची में बुधवार की सुबह करीब आठ बजे उस समय सनसनी फैल गई थी, जब स्कूल जा रही 10 वर्ष की एक छात्रा को सिरमटोली फ्लाईओवर के पास से अज्ञात अपराधियों ने अगवा कर लिया था। रामगढ़ पुलिस ने छात्रा को सकुशल रांची पुलिस को सौंप दिया है।

रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने बुधवार को कुजू ओपी में प्रेस वार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। अपहृत छात्रा के सकुशल बरामदगी के मामले में रामगढ़ एसपी ने मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार की सराहना की और कहा कि इनकी तत्परता से बच्ची को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सदानंद कुमार की त्ववरित कार्रवाई से रामगढ़ पुलिस को सफलता मिली है। बच्ची के अपहरण होने से जुड़े मामले के संबंध में एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपराधियों के वाहन को जब्त करने और उनकी धर पकड़ के लिए क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही है, वे जल्द ही पकड़े जाएंगे।



रामगढ़ के कुजू ओपी में प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसपी अजय कुमार।

### यह है पूरा मामला

बुधवार की सुबह करीब 8:00 बजे करबला चौक रांची निवासी एवं डेली मार्केट के एक फल कारोबारी की 10 वर्षीया पुत्री टोटो से बिशप एस्कॉर्ट स्कूल रांची जा रही थी। इसी बीच, रांची सिरमटोली फ्लाईओवर के पास कार पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने टोटो को टक्कर मारते हुए नाबालिग छात्रा को हथियार दिखाकर जबरन अपने कब्जे में कर रामगढ़ ओर भाग निकले।

इधर, छात्रा के अपहरण होने की सूचना परिजनों को होने के बाद तत्काल परिजनों द्वारा रांची पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद आईजी मनोज कौशिक, डीआईजी/एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रामगढ़ एसपी को सूचना दी। जिस पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच 33 पर पड़ने वाले सभी थाना व ओपी के प्रभारियों को बच्ची के अपहत होने की सूचना देते हुए नाकेबंदी करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद अपहत छात्रा को लेकर भाग रहे अपराधियों के काला रंग के आई20 कार (जेएच01 एफयू-6874) तेजी से मांडू की ओर जाने लगी। जैसे ही आई20 कार मांडू के समीप पहुंची, अपराधियों ने देखा कि मांडू पुलिस चेकनाका लगाकर तालाशी ले रही है। पुलिस को अपनी ओर आता देखकर अपराधी कार को पीछे मोड़कर कुजू की ओर ले जाने लगे। यह देख मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपराधियों का पीछा किया। इस पर अपराधियों ने अपनी कार श्री राम चौक कुजू चौक के रास्ते ले भागे। अपराधियों के अंदर पुलिस के दबिश व एनकाउंटर के डर से बैंक ऑफ बडौदा के पास अगवा की हुई छात्रा को उतार कर कुजू चौक की ओर फरार हो गए। इधर, पीछा कर रहे मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार व कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्ची को सकुशल बरामद कर ओपी ले आए।

अभियान में रांची ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी, चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि अख्तर अली, आशीष गौतम समेत रामगढ़ पुलिस टीम शामिल थे।

### अपराधियों की पहचान के लिए खंगाला जा रहा सीसीटीवी फुटेज

छात्रा के अपहरण की सूचना मिलते ही रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने शहर भर में नाकेबंदी कर संभावित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी थी। इधर, छात्रा की सकुशल बरामदगी के बाद पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल और रूट से जुड़े सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। मामले को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता भी बढ़ा दी गई है।

### अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है सोरेन सरकार

हेमंत सोरेन सरकार अपराधियों पर सख्त है। अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। सरकार अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कृतसंकल्प है। राज्य कैबिनेट में अपराधियों पर इनाम की घोषणा से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। राज्य में अब फरार चल रहे कुख्यात अपराधियों पर भी एक से लेकर 30 लाख रुपए तक के इनाम की घोषणा हो सकती है। इस संबंध में सभी जिलों के एसपी को जानकारी दे दी गई है।



### भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में रचा इतिहास

# इसरो ने लांच किया 'निसार मिशन'

- केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, बधाई हो भारत
- इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा इस मिशन से सभी को फायदा होगा



नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका की नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक साथ मिलकर 'निसार मिशन' लांच किया। यह सैटेलाइट बुधवार की शाम को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच की गई। 'निसार मिशन' पृथ्वी की बेहतर निगरानी करेगा। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, बधाई हो भारत। दुनिया के पहले दोहरे बैंड वाले रडार उपग्रह 'निसार' को ले जाने वाले जीएसएलवी-एफ16 का सफल प्रक्षेपण हुआ। चक्रवात और बाढ़ आदि जैसी आपदाओं के सटीक प्रबंधन में एक क्रांतिकारी बदलाव होगा। इसके अलावा, कोहरे, घने बादलों, बर्फ की परतों आदि को भेदने की शेष पेज 11 पर

### प्राकृतिक आपदा और पर्यावरण में हो रहे बदलावों पर नजर रहेगा

'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट है। यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसमें धरती को देखने के लिए दो अलग-अलग फ्रीक्वेंसी वाले रडार का इस्तेमाल किया गया है। 1.5 बिलियन डॉलर के इस मिशन का उद्देश्य पृथ्वी की सतह की निगरानी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरण में हो रहे बदलावों पर बारीकी से नजर रखना है।

## रूस के कामचटका में 8.7 तीव्रता का भूकंप

मास्को (आईएएनएस)

रूस के सुदूर पूर्वी इलाके कामचटका प्रायद्वीप में बुधवार तड़के भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। यह भूकंप इतना शक्तिशाली था कि इससे कामचटका प्रायद्वीप में 4 मीटर (करीब 13 फीट) ऊंची सुनामी उठी, जिसमें कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। जापान और अमेरिका के कुछ इलाकों में लोगों को सुरक्षित जगहों पर लो जाया गया। इससे पहले, इस संबंध में अलर्ट भी जारी किया गया था।

कामचटका प्रायद्वीप के तट पर 8.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे प्रशांत क्षेत्र में काफी चिंता फैल गई। यह भूकंप रूस के पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 119 किलोमीटर (74 मील) की दूरी पर केंद्रित था, जिसकी आबादी लगभग 1 लाख 80 हजार है, तथा इसके कारण कई देशों में तत्काल सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई थी। भूकंप के झटकों के कारण अधिकारियों को भूकंप के केंद्र के पास के कई क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा, विशेष रूप से कामचटका प्रायद्वीप में जहां 3 से 4 मीटर (10 से 13 फीट) ऊंची सुनामी लहरें उठने की सूचना मिली थी।

स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, कुछ इलाकों में इमारतों को नुकसान जरूर पहुंचा, लेकिन शुरू में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं मिली। इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, प्रशांत महासागर में आए भीषण भूकंप के कारण, हवाई में रहने वालों के लिए सुनामी की शेष पेज 11 पर

### जापान के कुछ हिस्सों में आईं सुनामी की लहरें



## कोई भी कानून के ऊपर नहीं : हाईकोर्ट

- गैंगस्टर अमन साव की मां की एफआईआर दर्ज नहीं करने पर कोर्ट नाराज

**रांची।** पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर अमन साव की मां किरण देवी की शिकायत पर एफआईआर रजिस्टर न करने पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने दो टूक कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, फिर चाहे वह पुलिस महानिदेशक ही क्यों न हो। अदालत ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार से विस्तृत जवाब दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गैंगस्टर अमन साव की कथित मुठभेड़ में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। शेष पेज 11 पर

## अलकायदा की महिला आतंकी शमा परवीन बेंगलुरु से गिरफ्तार



कोडरमा की निवासी बताई जाती है, गिरफ्तारी गुजरात एटीएस ने की है

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची/नई दिल्ली।** अलकायदा टेरर मॉड्यूल के मामले में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। जानकारी के मुताबिक गुजरात एटीएस ने आतंकी संगठन अलकायदा की महिला आतंकी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। 30 वर्षीया महिला आतंकी का नाम शमा परवीन बताया जाता है। उससे पूछताछ की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह झारखंड के कोडरमा की रहने वाली है। वह भारत में एक आतंकी मॉड्यूल चला रही थी। उस पर अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआईएस) के लिए युवाओं को ब्रेन वाश करने का आरोप है। इस संबंध में गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी के अनुसार, महिला को अल-कायदा से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में तीन अन्य लोगों की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है। 23 जुलाई 2025 को एटीएस ने अलकायदा (एक्यूआईएस) से कथित संबंध रखने वाले चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। शेष पेज 11 पर

## डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान

### 1 अगस्त 2025 से लागू होगा

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25% आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। यह टैरिफ 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। ट्रंप ने इस फैसले के पीछे भारत की ऊंची टैरिफ दरों, 'आपत्तिजनक' गैर-आर्थिक व्यापार अवरोधों और रूस से सैन्य व ऊर्जा खरीद को जिम्मेदार ठहराया है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने चीन के साथ चल रहे टैरिफ स्थगन को जारी रखने की घोषणा की है, लेकिन भारत के मामले में सख्ती दिखाई है। ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया गया ट्रंप का पूरा बयान इस प्रकार है- ध्यान दें, हालांकि भारत हमारा मित्र है, लेकिन वर्षों से हमने उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं, शेष पेज 11 पर



## इंडिया: बाढ़ जैसी स्थिति चेतावनी है, हम खरीद रहे हैं बर्बादी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विश्व के सबसे विकसित और शक्तिशाली देश अमेरिका के न्यूयॉर्क में बाढ़ के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर उसकी बदहाली का मजाक उड़ाने के बजाय हमें इसे चेतावनी के रूप में लेने की आवश्यकता है। अपने देश के उलट रिसर्च और योजनाबद्ध ढंग से विकास करने वाले न्यूयॉर्क में वहां की पुरानी जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक बारिश के हिसाब से तैयार नहीं किया गया था। भारत के शहरी बुनियादी ढांचे में बसी ज्यादातर आबादी अनियोजित ढंग से बने आवासों में निवास करती है, इसलिए ज्यादा असुरक्षित हैं। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि भारतीय शहर देश की जीडीपी में 63 फीसदी का योगदान दे रहे हैं, जिसके 2050 तक 75 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय तक मौजूदा शहरी आबादी का दोगुना यानी 95.1 करोड़ लोग शहरों में रहने लगेंगे। वे 70 प्रतिशत नए रोजगार पैदा करेंगे और दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप ईकोसिस्टम की मेजबानी करने वाले नवाचार के केंद्र होंगे, लेकिन वे तीव्र जलवायु परिवर्तन का भी सामना करेंगे और अभी शहरी बाढ़ की वजह से प्रतिवर्ष करीब चार अरब डॉलर का नुकसान होता है। 2070 तक यह नुकसान बढ़कर 14 से 30 अरब डॉलर पहुंच सकता है और करीब 4.6 करोड़ लोग मुसीबत में पड़ सकते हैं। और ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। मुंबई में बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किराया बीस से पच्चीस फीसदी कम है, जो गरीब परिवारों के जीवन को संकट में डालता है। कोलकाता में आधे से ज्यादा नागरिक सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं। एक तूफान सब कुछ तबाह कर सकता है। सूखा क्षेत्र पलामू के डाल्टनगंज में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई थी और नदी नालों के ऊपर अतिक्रमण से प्रभावित और शहर के बाहरी इलाकों में अनियोजित विकास जोखिम बढ़ा रहा है। वर्ष 1985 से 2015 के बीच बरसाती बाढ़ में 131 फीसदी की वृद्धि देखी गई। कभी कम जोखिम वाले शहर (हैदराबाद, बंगलूरू, इंदौर) अब नियमित रूप से बाढ़ का सामना कर रहे हैं।



एआई जेनरेटेड

रांची सहित अनेक स्मार्ट सिटी बन रहे हैं पर जलवायु-स्मार्ट शहरी डिजाइन समय की मांग है। रांची में सिवरेज सिस्टम के नाम पर गलियों के बीच रेन पाइप से भी पतली पाइप गाड़कर ठेकेदारों ने छोड़ दिया है जिससे लगभग बीस किलोमीटर की दूरी ऊंचाई तक पानी कैसे तय करेगा और पॉलीथिन जैसी फंस जाएंगी तो क्या होगा जैसे कई सवाल हैं जिनका जवाब ढूंढा जा रहा है।इसके अलावा बिना नक्शा पास कराए शहरी क्षेत्रों से जुड़े इलाकों में अंधाधुंध विकास एक अलग प्रकार के संकट को जन्म देगा।

## हड़ताल खत्म, चालक व ईएमटी कर्मी लौटेंगे काम पर

# आज से 108 एंबुलेंस सेवा पटरी पर

### संघ ने सरकार से वार्ता के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य की 108 एंबुलेंस सेवाएं एक बार फिर से सुचारू हो जाएंगी। पिछले दो दिनों से जारी एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने सरकार से बातचीत के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की है। गुरुवार से सभी कर्मचारी पुनः ड्यूटी पर लौटेंगे।

यह सहमति बुधवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के साथ हुई बैठक में बनी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी के एमडी शशि प्रकाश झा, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, परिवहन विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ प्रवीण प्रकाश एवं 108, 104 और एनजीओ के स्टेट नोडल पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार सिन्हा उपस्थित थे।



**सरकार ने की मांगों पर सकारात्मक पहल**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कर्मचारियों को कुशल श्रमिक की श्रेणी के मानदेय व ओवरटाइम भुगतान का निर्देश दिया। अगस्त से ईपीएफ लाभ सुनिश्चित करने तथा 15 हजार से अधिक की राशि पर कर्मियों से कंसेंट लेटर लेने का निर्देश दिया गया। सितंबर माह से ईपीएफ कटौती के साथ वेतन भुगतान करने को कहा गया। जिन कर्मियों को हड़ताल अवधि में हटाया गया था, उन्हें भी पुन: काम पर लेने का भी आदेश दिया गया। ड्राइवरों को अपने लाइसेंस और ईएमटी कर्मियों को अपने प्रमाण पत्र व्हाट्सएप ग्रुप में अपलोड करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में कर्मचारी संघ की चार सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें कुशल श्रमिक के अनुरूप मानदेय देने, अगस्त माह से ईपीएफ लागू करने तथा ओवरटाइम का नियमानुसार भुगतान शामिल था। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कर्मचारी अनुशासन बनाए रखें, अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मांगे मान लिए जाने के बाद संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और सभी कर्मियों को काम पर लौटने के निर्देश दिए। यह निर्णय राज्य भर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली की दिशा में एक राहतभरी खबर है, जिससे आम जनजीवन को बड़ी राहत मिलेगी।

## विस अध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# प्रश्नों का उत्तर ऐसा दें की सदन संतुष्ट हो पाए : रबिन्द्र नाथ महतो

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मानसून सत्र को लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने राज्य के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उक्त बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी उपस्थित रहे। वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि अगामी सत्र को ध्यान में रखते हुए,जिन पदाधिकारियों को उनके विभागों से सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर देने का दायित्व दिया गया है। वे इस बात का पूरा ख्याल रखेंगे कि उत्तर इस प्रकार हो कि जिस दृष्टिकोण से प्रश्न पूछे गए हैं। उत्तर से सदन संतुष्ट हो पाए तथा मंत्री सदन में जो आश्वासन देते है उसकी गरिमा बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के कार्यवाहियों के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारी अवश्य रूप से उपस्थित रहे। प्रश्नों के उत्तर सभा सचिवालय को चार बजे अपराह्न तक उपलब्ध करा दिया जाए तथा जिन विभागों का विधेयक उपस्थापन होना हो ससमय सभा सचिवालय को विभाग उपलब्ध कराएं ताकि सदस्यों को विधेयकों के अध्ययन करने का समय मिले। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री ने भी वरीय पदाधिकारियों को यह निदेश दिए कि वैसे विषयों पर जिनके उत्तर सरकार को देना हो उन विषयों की तैयारी पदाधिकारी पहले से करके रखे। 04 अगस्त को जिस दिन सदन में पहली अनुपूरक बजट का उपस्थापन होना है वित्त विभाग के पदाधिकारी अपनी डयूटी रोस्टर के अनुसार सदन में उपस्थित रहें। अध्यक्ष ने स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं गृह विभाग के वरीय पदाधिकारियों को भी सत्र के दौरान आवश्यक तैयारी के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विस प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम, मुख्य सचिव अलका तिवारी, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल, आईजी मुख्यालय सुदर्शन प्रसाद मंडल, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सचिव पूजा सिंघल, वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार, रांची नगर आयुक्त सुशांत गौरव, रांची उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राज भवन में हुई इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की स्टेट मैनेजिंग कमेटी की बैठक

# रेड क्रॉस की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी हो : राज्यपाल गंगवार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में बुधवार को राज भवन में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की स्टेट मैनेजिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में राज्यपाल ने रेड क्रॉस की भूमिका को और अधिक प्रभावी तथा जन-कल्याणकारी बनाने के लिए कई अहम निदेश दिए। राज्यपाल गंगवार ने विशेष रूप से स्वैच्छिक रक्तदान को एक सामाजिक जनांदोलन का रूप देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए और इनमें विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड जैसी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, सभी को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उन्हें भी अपने जीवन में 15-20 बार रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्त की बर्बादी नहीं होनी चाहिए, यदि रक्त अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाए, तो उसे समीपवर्ती जिलों में भेजा जाए। उन्होंने यह भी निदेश दिया कि रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। ऐसे रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने 50 बार या उससे अधिक रक्तदान किया है।



**'सेवा ही हमारा संकल्प हो', यही रेड क्रॉस की पहचान बने**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आशा व्यक्त की कि यदि रेड क्रॉस के सभी सदस्य मानव सेवा के प्रति संपूर्ण निष्ठा और संकल्प के साथ कार्य करें, तो यह संस्था एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यपाल के रूप में वे रेड क्रॉस की सेवा भावना से जुड़े हर प्रयास में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही हमारा संकल्प हो', यही रेड क्रॉस की पहचान बने।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी विगत एक सदी से अधिक समय से निःस्वार्थ मानव सेवा में संलग्न है। यह संस्था आपदा, विपदा और स्वास्थ्य संकट के समय लोगों की संवेदनशील, त्वरित और मानवीय सहायता के लिए जानी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि सेवा, करुणा और परोपकार भारतीय संस्कृति के मूल मूल्य हैं और ऐसी अपेक्षा है कि रेड क्रॉस की झारखंड शाखा इन मूल्यों का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करे।

राज्यपाल ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी की मृत्यु केवल समय पर रक्त न मिलने के कारण होती है, तो यह न केवल संबंधित अस्पताल प्रबंधन, बल्कि रेड क्रॉस से जुड़े सभी व्यक्तियों की भी असफलता व निष्क्रियता मानी जाएगी। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि कुछ स्थानों पर रक्त की बिक्री की शिकायतें प्राप्त होती हैं। उन्होंने सख्त निदेश दिए कि रेड क्रॉस सुनिश्चित करे कि कोई भी मरीज या परिजन विवश होकर रक्त न खरीदे। संस्था को एक समर्पित और भरोसेमंद रक्तदाता मंच के रूप में समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करनी चाहिए।

राज्यपाल गंगवार ने भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा किए गए देहदान का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मानवीय उदाहरण रेड क्रॉस के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सोसाइटी को सक्रियता और समर्पण के साथ सेवा कार्य करने के लिए कहा।

## भाजपा का सरकार पर हमला, कहा

# शराब घोटाले के बाद अब 'कोचिंग घोटाले' की बारी

- फिजिक्स वाला का नाम टेंडर से पहले क्यों?
- भाजपा ने उठाए सवाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हेमंत सोरेन सरकार पर आदिवासी छात्रों की शिक्षा योजनाओं में भ्रष्टाचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व में शराब घोटाले को अंजाम दिया गया, उसी तर्ज पर अब सरकार "अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम" के नाम पर एक और कोचिंग घोटाले की तैयारी में है। अजय के अनुसार, ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर की ओर से टेंडर संख्या 2025_WELFR_103203_1 जारी किया गया है, जिसमें 300 अनुसूचित जनजाति के छात्रों को NEET और IIT-JEE जैसी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए विभिन्न संस्थानों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। यह प्रक्रिया अभी जारी है और टेंडर खुलने की तिथि 11 अगस्त निर्धारित है। अजय साह ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले ही विभागीय मंत्री और अधिकारियों द्वारा एक विशेष संस्था फिजिक्स वाला का नाम सार्वजनिक रूप से घोषित कर देना पूरे तंत्र की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भी फिजिक्स वाला के नाम का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि परिणाम पहले से तय है और टेंडर प्रक्रिया महज औपचारिकता बनकर रह गई है।



अजय साह ने इसे सरकार की एक और सुनियोजित लूट बताते हुए आरोप लगाया कि पहले शराब घोटाले में भी श्री बाबूलाल मरांडी जी ने जिस कंपनी का नाम पहले ही उजागर किया था, वही बाद में ठेका प्राप्त करती दिखाई दी। अब इसी पैटर्न को कोचिंग योजना में दोहराया जा रहा है जहां मंत्री और अधिकारी टेंडर खुलने से पहले ही तय संस्थान के साथ बैठक कर उसका नाम उजागर कर रहे है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की लापरवाही और कमीशनखोरी की नीति ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पहले ही बर्बाद कर दिया है, और अब यह योजना आदिवासी छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मज़ाक बनती जा रही है। ऐसे छात्रों के लिए उन संस्थाओं का चयन होना चाहिए, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हों—ना कि वे जो मंत्रियों और अधिकारियों को कमीशन दे सकें। भाजपा ने इस पूरे टेंडर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने और एक उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर नो फ्लाइंग जोन की हुई घोषणा



**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची में 31 जुलाई और 01 अगस्त 2025 को परिदर्शन (विजिट) प्रस्तावित है। रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से बिरसा चौक, बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन की 200 मीटर की परिधि को ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून के संदर्भ में नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निषेधाज्ञा जारी की है। जारी निषेधाज्ञा के अनुसार 31 जुलाई 2025 से 01 अगस्त 2025 तक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक, हिनू चौक से बिरसा चौक, बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन की 200 मीटर के क्षेत्र में तथा इसके ऊपर ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेंगे। यह निषेधाज्ञा 31 जुलाई 2025 की प्रातः 06:00 बजे से 01 अगस्त 2025 की रात्रि 10:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा।

### ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को बांधी राखी



**रांची।** श्रावण मास में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड की केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को पवित्रता का प्रतीक राखी बांधी। आध्यात्मिक भावनाओं से अभिभूत होकर राज्यपाल ने राखी बंधवाई एवं ब्रह्माकुमारी बहनों को धन्यवाद दिया। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि आज का यह शुभ अवसर रक्षाबंधन के उस दिव्य पर्व का प्रतीक है, जो हमें आत्मा और परमात्मा के पवित्र संबंध की स्मृति कराता है। यह राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि एक दिव्य संकल्प का प्रतीक है कि हम सभी मिलकर इस राष्ट्र की रक्षा, समाज की सेवा और आत्मा की पवित्रता बनाए रखने हेतु समर्पित रहेंगे। निर्मला बहन ने कहा कि यह बंधन हमें जीवन की उच्च सोच, सेवा भावना और पवित्रता को अपनाने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल राज्य के पालक के रूप में जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। आज की यह राखी उनके इस परम दायित्व में आध्यात्मिक बल और शुभ संकल्प प्रदान करती है।

### मुख्यमंत्री से विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मंईयां योजना की सराहना की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में विश्व बैंक के भारत स्थित कंट्री निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर ऑगस्टे तानो कौमे ने झारखंड के आर्थिक विकास तथा गरीबी उन्मूलन उत्थान की प्रमुख योजना (मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना) की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल को राज्य में हो रहे ग्रामीण आर्थिक विकास, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, उत्पादन, कृषि, शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधन में हो रहे कार्य तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों सहित निवेश की संभावनाओं से अवगत कराया। श्री कौमे और उनकी टीम ने भारत में विश्व बैंक द्वारा समर्थित परियोजनाओं के अनुभव साझा किए और राज्य सरकार को विकास योजनाओं, कार्यक्रम डिजाइनिंग तथा क्रियान्वयन तंत्र को मजबूत करने में सहयोग देने की इच्छा जताई, जिससे राज्य के नागरिकों को लाभ मिल सके। मौके पर दोनों पक्षों ने बातचीत को आगे बढ़ाने और रांची में एक संयुक्त चर्चा एवं कार्यशाला आयोजित करने पर सहमति जताई, जिससे सार्थक सहयोग स्थापित हो सके।

### एसीएस ने डीएसपीएमयू के प्रभारी कुलपति से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) का प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के प्रभारी कुलपति डॉ अंजनी कुमार मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि पिछले एक माह में प्रभारी कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं, जिससे शैक्षणिक व प्रशासनिक माहौल में पारदर्शिता और अनुशासन बढ़ा है। छात्र संघ ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में जिन प्रवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी देखी जाती थी, उनमें अब उल्लेखनीय सुधार आया है और गलत तरीकों से प्रवेश दिलाने जैसी गतिविधियों में कमी आई है। यह बदलाव छात्रों और अभिभावकों के बीच भरोसे को मजबूत करता है। अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि छात्र संघ प्रशासन के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के वातावरण को और बेहतर बनाने में सहयोग करता रहेगा।

# झारखंड के नवनिर्माण के संघर्ष को तेज करेगी आजसू : प्रवीण



- मिलन समारोह में दर्जनों आदिवासी युवा जुड़े आजसू से

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में युवा आजसू का मिलन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने सभी नए सदस्यों को माला और पट्टा पहनाकर आजसू की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश उपस्थित रहे। संचालन देवाशीष चट्टोराज ने किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों आदिवासी युवाओं ने युवा आजसू की सदस्यता ग्रहण की। श्री प्रभाकर ने युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि जब भी युवा मचलता है, तो इतिहास बदलता है। आजसू पार्टी ने झारखंड के नवनिर्माण का संघर्ष शुरू किया है, उसमें युवाओं की भागीदारी इसे जनआंदोलन का रूप दे रही है। झारखंड के नवनिर्माण के संघर्ष को तेज किया जाएगा। मिलन समारोह में सुमित कुमार एवं बसंत तिर्की के नेतृत्व में बबलू मुंडा, निखिल मुंडा, सुरेश मुंडा, अनुराग, अभिषेक कुमार, बजरंग गंजू, सनी नायक, छोटू दामू, राज सिंह गंजू, सीजक लकड़ा, सचिन सिंह सहित दर्जनों युवाओं ने आजसू की विचारधारा में आस्था जताते हुए संगठन की सदस्यता ली।

### सूचना अधिकार कानून से डरती है सरकार : विजय



**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के बार-बार निर्देश के बावजूद राज्य सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों से सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं करना इस बात का प्रतीक है कि हेमंत सरकार सूचना अधिकार कानून से डरती है। उन्होंने कहा कि यह देश का संभवतः पहला राज्य होगा, जहां सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पिछले पांच वर्षों से लंबित पड़ी है। मंच का मानना है कि झारखंड की सरकार सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 को लागू करने में अपनी नाकामी को छिपा नहीं सकती। पिछले पांच वर्षों से राज्य सूचना आयोग को जानबूझकर पंगु बनाए रखा गया है। क्या सरकार को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 से एवं पारदर्शिता और जवाबदेही से डर लगता है।

## कल्याण मंत्री ने चान्हो स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का किया निरीक्षण

# पीपीपी मोड में भी कौशल विकास संस्थानों को बढ़ावा दिया जाएगा : चमरा लिंडा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को चान्हो प्रखंड स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज की प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर कॉलेज के संचालन, आधारभूत संरचना और भविष्य की योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री लिंडा ने कॉलेज परिसर की भौतिक स्थिति, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और छात्रावास सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कॉलेज के छात्राओं से संवाद भी किया और उनकी शैक्षणिक एवं बुनियादी आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मंत्री ने आश्वस्त किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा ताकि छात्राओं को बेहतर और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण मिल सके। श्री लिंडा ने कॉलेज प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह कैंपस अत्यंत सुव्यवस्थित और संसाधनों से परिपूर्ण है। इसका समुचित उपयोग करते हुए हम यहाँ मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न व्यावसायिक कोर्स जैसे - नर्सिंग की शुरुआत कर सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को अत्यधिक लाभ मिलेगा। वे एएनएम जीएनएम बनकर राज्य एवं देश की सेवा करेंगी। मंत्री चमरा लिंडा ने कॉलेज प्रबंधन से कहा कि वे इस दिशा में विस्तृत योजना बनाकर विभाग को प्रस्ताव भेजें। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण मेडिकल शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराई जाए ताकि ग्रामीण बच्चे - बच्चियों को न सिर्फ रोजगार के अवसर मिलें बल्कि राज्य को प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों का भी लाभ मिले। इसके अलावा, मंत्री ने यह संकेत भी दिया कि सरकारी-निजी भागीदारी में भी इस प्रकार के कौशल विकास संस्थानों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि झारखंड के युवा आत्मनिर्भर बन सकें।

# डॉ कलाम जैसे लोग के दम पर ही भारत की क्षमता का लोहा पूरा देश मान रहा है : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता



**डॉ कलाम का सादा जीवन ही उनकी पहचान थी : डॉ रविंद्र राय**

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि डॉ कलाम का सादा जीवन ही उनकी पहचान थी इतने बड़े वैज्ञानिक होने के बाद भी बहुत ही सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे उन्होंने अपना जीवन शिक्षा और किताबों के अध्ययन से जोड़कर देश को बहुमूल्य योगदान दिया उन्होंने कहा कि डॉ कलाम जैसे लोग देश हमारे देश में रहेंगे हमारे देश को कोई आंख उठा कर देखने की भी हिम्मत नहीं करेगा

**रांची।** भारत रत्न डॉ अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि पर स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0 एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम की प्रभारी जफरिन महजबी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रवक्ता राफिया नाज, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमल खान, सोना खान, काजिम कुरैशी शामिल थे। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ कलाम जैसे लोग के दम पर ही भारत की क्षमता का लोहा पूरा देश मान रहा है आज पूरा देश उनको कोटि-कोटि नमन करता है मोदी जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने दुश्मनों को धूल चटाने का काम किया उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने डॉ कलाम की क्षमता को पहचान और उन्हें देश का राष्ट्रपति बनाने का काम किया डॉक्टर कलाम ने देश को साक्षी शक्तिशाली बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। अपने संबोधन में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज अल्पसंख्यक समाज का हर युवा डॉ कलाम बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है केंद्र में भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार में अल्पसंख्यक समाज का पूर्ण विकास हो रहा है शिक्षा के क्षेत्र में भी अल्पसंख्यक समाज के लोग आगे बढ़ चक्र हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अलवर हयात में कहा कि देश की युवा को डॉकलाम के पद चोन पर चलने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि डॉ कलाम को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से बहुत सारी प्रेरणा मिलती है देश के लिए कुछ कर गुजरें। आज के कार्यक्रम में तारिक इमरान, डॉआरिफ नासिर भट्ट, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, बलराम सिंह, राजू सिंह, शमीम रजा, आलमगीर अंसारी, लड्डू खान ,जफर आलम, रिंकू शेख, मौलाना जिया उल हक अशरफी, क्या मुद्दीन खान, मौलाना अब्दुल रकीब, आदि सैकड़ो संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।




## राड़हा और पिठोरिया पंचायत को शहर मानता है बिजली विभाग

# प्रदर्शन को सरकारी काम में बाधा माना जाएगा : जीएम

- स्मार्ट प्रीपेड मीटर का विरोध कर रहे हैं ग्रामीण
- एक सप्ताह पहले मीटर लगा और फिर स्मार्ट प्री पेड मीटर




**मनोज मिश्रा।** रांची। पिठोरिया घाटी अपनी घुमावदार सड़कों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जानी जाती है। रांची से 15 से 20 किलोमीटर दूर पिठोरिया गांव के पास होने के कारण इसे पिठोरिया घाटी कहा जाता है। एक तरफ यह गांव घाटी की मनोरम वादियों के लिए लोकप्रिय है वहीं सोमवार की शाम को ग्रामीणों एवं स्थानीय दुकानदारों के बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पर हुए विरोध प्रदर्शन ने घटना को चर्चित कर दिया है। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने पिठोरिया और राड़हा पंचायत में ग्रामीणों एवं स्थानीय दुकानदारों से विशेष बातचीत की और स्मार्ट मीटर के विरोध का ठोस कारण जानने की कोशिश की। आईए जानते हैं क्या है मामला।




### स्मार्ट मीटर लगने से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं : दीपक

पिठोरिया निवासी दीपक कुमार ने कहा कि अबुआ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में एक 200 यूनिट फ्री बिजली योजना है। इसमें हम सब ठगे महसूस कर रहे हैं। जब स्मार्ट मीटर का पहले रिचार्ज कराना ही होगा तो 200 यूनिट फ्री बिजली कैसे मिलेगा। मोहम्मद इकबाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से पहले 800 रुपए का बिल आता था स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब 1800 रुपए का मासिक बिल आता है। जयंत केसरी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनाप-शनाप बिजली बिल आने की खबरें आती रहती है। वहीं उपस्थित अन्य लोगों ने कहा कि मीटर रीडिंग करने कोई नहीं आएगा तो हमें अपने बिजली बिल की जानकारी कैसे प्राप्त होगी जबकि यहां की 80% आबादी के पास स्मार्टफोन नहीं है और ना चलाना जानते हैं। सरकार को किसानों की आय देखना चाहिए मजदूरों को भी अगर बिजली के लिए पहले रिचार्ज कराना होगा तो हम लोगों के लिए यह आर्थिक भार असहनीय होगा। कुछ लोगों ने कहा कि स्मार्ट मीटर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं लगाया जाता है। संजय कुमार ने बताया कि नया बिजली कनेक्शन लिया था जिसमें बिजली विभाग से मीटर मिला था जिसे लगाया और अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और स्मार्ट मीटर लगाने लोग आ गए। जब स्मार्ट मीटर लगाना था तो शुरू में ही लगा देते।

### डर से स्मार्ट मीटर तो लगवा लिया : सोनू केसरी


सोनू केशरी

पिठोरिया पंचायत के स्थानीय दुकानदार सोनू केसरी ने बताया कि दो-तीन दिन से लगातार 10 से 12 व्यक्ति एक साथ घर पर आकर धमका रहे हैं कि स्मार्ट मीटर जल्दी लगाओ नहीं तो जेल जाना होगा और अभी बिजली काट दिया जाएगा। डर के कारण उन्होंने स्मार्ट मीटर तो लगवा लिया लेकिन उसके बाद ग्रामीण एवं स्थानीय दुकानदारों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध प्रदर्शन किया।

### मीटर कहां लगेगा या नहीं लगेगा इसका निर्णय विभाग को करना है : जीएम


जीएम मनमोहन कुमार

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने बिजली विभाग के जीएम मनमोहन कुमार से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि पिठोरिया ग्रामीण क्षेत्र नहीं है गुमला, सिमडेगा जैसे इलाके ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं। कहां स्मार्ट मीटर लगेगा कहां नहीं लगेगा इसका निर्णय विभाग करेगी डेंस पापुलेशन रेवेन्यू क्षेत्र के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाने का चुनाव होगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर विभाग लगवा रहा है इसमें किसी कंपनी का कोई रोल नहीं है, कंपनी का आदमी नहीं बल्कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने विभाग के लोग ही जाते हैं, मीटर लगाना अनिवार्य है। इसके विरोध प्रदर्शन को सरकारी काम में बाधा माना जाएगा।संवाददाता ने पूछा कि 200 यूनिट फ्री योजना का लाभ ग्रामीणों को किस प्रकार से मिलेगा। जीएम ने बताया कि रिचार्ज के बाद 200 यूनिट से कम बिजली खपत होने पर रिचार्ज में बैलेंस बच जाएगा। टैरिफ पर सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में टैरिफ लगभग समान है 50 पैसे के आसपास का ही अंतर है। कई गांव में अधूरे पड़े कवर्ड वायर से संबंधित सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्थानीय विरोध आता है कोई भी वायर कवर करने में बाधा न डालें नहीं तो कानूनी करवाई की जाएगी।

### स्मार्ट मीटर लगाने वाले की भूमिका संदिग्ध : रामलगन महली

विशेष बातचीत में पिठोरिया पंचायत के उप मुखिया रामलगन महली ने बताया कि डराने धमकाने की आ रही शिकायतों पर मैंने स्मार्ट मीटर लगाने वालों से बात की तो उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर कंपनी को मिला है। श्री महली ने पूछा कि डरा धमका कर जिस तरह से मीटर लगाया जा रहा है तो इसमें भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है कृपया अपना वर्क आर्डर दिखाएं। उन्होंने बताया कि मोबाइल पर कुछ दिखाया गया लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिए जिससे सशंकित हूं। ग्रामीण कई बार ऑनलाइन हो या ऑफलाइन अलग-अलग विषयों पर ठगे गए हैं जिसके बाद भरोसा करना आसान नहीं होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसी खेत हैं जहां खेतों के ऊपर से नंगी तार गई हुई है इससे दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। विभाग को जल्द से जल्द इसे कवर्ड कर देना चाहिए। वहीं तोहिद आलम ने बताया कि बरसात में जमीन भींगा रहता है जिससे किसानों की जान पर खतरा बना रहता है।

## प्रॉस्पेक्टेस का काम अंतिम चरण में, जल्द ही जारी होगा : प्राचार्य



- अबुआ अधिकार मंच ने किया एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज दिन अबुआ अधिकार मंच के सदस्यो ने बुधवार को नए भवन जी+10 के निर्माण समेत कई अन्य छात्र-छात्राओं से संबंधित मामले को लेकर ऋषभ मिश्रा एबं करण सिंह के नेतृत्व मे एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य का घेराव किया। मौके पर मौजूद अबुआ अधिकार मंच के एसएस मेमोरियल महाविद्यालाय अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा ने प्राचार्य से प्रॉस्पेक्टेस जारी करने, छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड लागू करने, महाविद्यालय मे छात्र-छात्राओं के लिये वाई-फाई सुविधा, वाश रूम की मरम्मत एवं नियमित साफ सफाई, की मांग की।एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के महासचिव करण सिंह ने जी+10 भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाने समेत कई अन्य मांग प्राचार्य के समक्ष रखी।मौके पर मौजूद एसएस मेमोरियल के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा के प्रॉस्पेक्टेस का काम अंतिम चरण में है, जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। भवन निर्माण के मांग पर उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य को ले कर हर संभव प्रयास कर रही है। कई बार विश्वविद्यालय प्रसाशन को अवगत भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कुलपति से महाविद्यालय भवन निर्माण करवाने पर पुनः चर्चा कर सकारात्मक पहल की जाएगी।मंच के सदस्यों ने कहा कि अगर हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस घेराव में मुख्य ऋषभ मिश्रा, करण सिंह, शाह अफसर, सोनू कुमार, राहुल गुप्ता, राज करमाली, मोहित करमाली, शिवम दुबे, राजू कुमार, प्रिंस शर्मा, अमित कुमार प्रशांत ओझा के अलावा कई अन्य सदस्य शामिल थे।




## दही हांडी प्रतियोगिता के लिए पांच अगस्त से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के सदस्यों की बैठक बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुई। निर्णय लिया कि इस वर्ष भी अलबर्ट एक्का चौक पर 16 और 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पहले दिन 16 अगस्त को दिन के चार बजे झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन होगा। इस दौरान श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी सहित बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता होगी। 10 वर्ष तक के बच्चे, बच्चियां श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ भाग लेंगे। बच्चों के बीच प्रथम व द्वितीय पुरस्कार समेत सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। दूसरे दिन 17 अगस्त की शाम चार बजे से दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता सह भजन संध्या के साथ नृत्य नाटिका होगा। दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। समिति के संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि इसमें भाग लेने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। हांडी फोड़ प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फॉर्म पांच अगस्त से प्राप्त होगा। इसे लोग मेन रोड फिरायालाल में केडिया साइकिल व अपर चुटिया में होटल शगुनम से प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फॉर्म 16 अगस्त तक जमा किए जाएंगे। बैठक में समिति के संरक्षक अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, संयोजक कुणाल आजमानी, महासचिव रविंद्र मोदी, रमेंद्र कुमार, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, किशन साबू, नरेंद्र लखोटिया, शिव शंकर साबू, मनोज कुमार, नीरज चौधरी, नीरज कुमार, राज वर्मा, कमलजीत सिंह शटी, संतोष सेठ, सत्येंद्र सिंह गुड्डू आदि उपस्थित थे।

## डाकघरों में तकनीकी गड़बड़ी से 10वें दिन भी परेशान रहे लोग

**रांची।** डाकघरों में तकनीकी बदलाव के कारण लगातार 10वें दिन बुधवार को भी लोग परेशान रहे। डोरंडा मुख्य डाकघर, रांची जीपीओ सहित कई डाकघरों में धीमे काम के चलते लोगों में नाराजगी दिखी। राखी की बुकिंग के लिए लोग सुबह से ही कतार में लगे रहे। कई बार लिंक फेल होने के कारण लोग कियोस्क से भी बुकिंग का प्रयास करते दिखे। लेकिन कियोस्क मशीन से भी काम न होने पर लोगों को राखी भेजने के लिए अन्य कुरियर सर्विस का सहारा लेना पड़ा।

## विद्युत आपूर्ति हेड क्वार्टर के बगल में

# एक साल इंतजार के बाद जली स्ट्रीट लाइट

**खबर का असर**

रांची। पूरे रांची को जगमग करने वाला कुशई कॉलोनी के आसपास का इलाका अंधेरे में नामक शीर्षक से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें बताया गया था कि डोरंडा बिशप वेस्टकॉट स्कूल से लेकर घाघरा होते हुए नामकुम सदाबहार चौक तक एक साल पहले लगी स्ट्रीट लाइट एक दिन भी नहीं जली और करोड़ों खत्म हो गए। साल भर से पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है। खबर का असर हुआ और पूरा क्षेत्र स्ट्रीट लाइट से जगमगाने लगा। स्थानीय लोगों ने संवाददाता को बताया कि 1 साल का इंतजार करना पड़ा लेकिन खुशी है कि स्ट्रीट लाइट जल गई और अब मन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।


पूरे रांची को जगमग करने वाला कुसई कॉलोनी के आसपास का इलाका अंधेरे में




## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में हुई प्रसार शिक्षा परिषद की 39वीं बैठक

# किसानों के विकास में केवीके की भूमिका अहम : डॉ एससी दुबे

- बीएयू के कुलपति ने कहा, केवीके वैज्ञानिक सरकार के सामान्य वित्तीय नियमों की रखें जानकारी




### नए वर्ष की कार्य योजना को दिया गया अंतिम रूप

बीएयू की प्रसार शिक्षा परिषद की बैठक में गत वर्ष की प्रसार शिक्षा उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा नए वर्ष की कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। किसान प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा कार्यक्रमों से अपनी उत्पादकता, आय और जीवन में आए बदलाव के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि राज्य के कृषि परिदृश्य और किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में अनुकूल बदलाव लाने के लिए जिला स्तर पर कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के वैज्ञानिक महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्हीं के माध्यम से विश्वविद्यालय की शोध उपलब्धियां और अनुशंसाएं धरातल पर पहुंच रही हैं और किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि हो रही है। कुलपति बुधवार को बीएयू की प्रसार शिक्षा परिषद की 39वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बीएयू के कुलपति डॉ दुबे ने केवीके वैज्ञानिकों को सलाह दी कि केंद्रों में कर्मियों की कमी के मद्देनजर उतना ही काम लें, जितना गुणवत्ता के साथ करना सहजता से संभव हो। कहा कि सरकार के सामान्य वित्तीय नियमों और खरीद प्रक्रिया की जानकारी रखें, जिससे भविष्य में कोई दिक्कत नहीं हो। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (एटीएआरआई), पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार ने कहा कि प्रसार उपलब्धियों के ब्योरे में केवीके की गतिविधियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों की प्रसार उपलब्धियों का भी विवरण रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के केवीके वैज्ञानिक झारखंड के किसानों के लिए ही कार्य कर रहे हैं ।अतिथियों का स्वागत करते हुए बीएयू की प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा गत वर्ष किसानों, ग्रामीण युवाओं तथा प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए विभिन्न अवधि के कुल 2021 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गए, जिनसे 61 हजार से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। केवीके द्वारा वर्ष 2024-25 में विभिन्न श्रेणी के लगभग चार हजार क्विंटल बीज तथा विभिन्न फल, सब्जी, फूल एवं औषधीय पौधों की 8.73 लाख रोपण सामग्री का उत्पादन किया गया। इस अवसर पर तीन प्रगतिशील किसानों - कृष्णा उरांव (लातेहार), सुषमा देवी (बोकारो) तथा ऐनुल अंसारी (चान्हो, रांची) को उनकी नवोन्मेषी कृषि के लिए सम्मानित किया गया। संचालन शशि सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ रंजय कुमार सिंह ने किया।जोन 4 (साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो) की प्रसार उपलब्धियों का ब्योरा केवीके दुमका की प्रमुख डॉ किरण कुमारी, जोन 5 (गढ़वा, पलामू, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, सिमडेगा) की उपलब्धियां की रूपरेखा केवीके चतरा के प्रमुख डॉ रंजय कुमार सिंह तथा जोन 6 की रिपोर्ट केवीके पूर्वी सिंहभूमके प्रमुख डॉ अमरेश चंद्र पांडेय ने प्रस्तुत की। स्वयंसेवी संगठनों द्वारा संचालित केवीके (गुमला, रांची, गोड्डा, देवघर) की प्रमुख गतिविधियों की प्रस्तुति केवीके रांची के प्रमुख डॉ अजित कुमार तथा झारखंड के आईसीएआर संस्थानों द्वारा संचालित केवीके की उपलब्धियों का विवरण केवीके कोडरमा के प्रमुख डॉ अजय कुमार राय ने रखा। इस अवसर पर बीएयू की प्रसार उपलब्धियों से संबंधित प्रकाशन का लोकार्पण किया गया। बैठक में राज्य के सभी 24 जिले के कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुखों भाग लिया।

# नाग पंचमी पर ब्रह्माकुमारी आश्रम पिठौरिया में हुई विशेष पूजा - अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को नाग पंचमी पूजा के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय पिठौरिया में विशेष पूजा - अर्चना किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दूध ,चना, चावल, ल ।वा,फूल और फल को शिवलिंग पर चढ़ाकर शिवलिंग पर अभिषेक भी किया। साथ ही साथ नाग देवता का पूजन भी किया ।शिव भक्तों ने सभी की उन्नति और खुशहाली की कामना भी किया।

मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्य अतिथि रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी जी उपस्थित थे।

संस्था कि संचालिका बी के राजमती बहन ने सभी भक्तों को विधिवत् पूजा- अर्चना कर नाग पंचमी पर नाग देवता की विधिवत् कथा भी सुनाई। उन्होंने कहा कि इस पूजा के साधक में शिवत्व का उदय होता है ।भक्त को भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है और उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते होते हैं। उन्होंने बताया कि सदा शिव रुद्र की पूजा से सभी देवताओं की पूजा स्वत हो जाती है। पूजा के समय पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौजूद लोगों में इस पूजा को लेकर काफी उत्साह देखा गया ।सभी भक्तों ने मिलकर नाग देवता को प्रसन्न करने के लिए पूजा अर्चना किया।

पूजा के उपरांत सभी भक्तों के बीच भोग का भी वितरण किया गया।

मौके पर अशोक उरांव,देवपूजन ठाकुर,लीला देवी, उर्मिला देवी, कविता सेन, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## जेयूटी के वीसी को रांची विवि के वीसी के रूटीन वर्क का अतिरिक्त प्रभार



रांची। राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति पद के सामान्य कार्यों (रूटीन वर्क) के निष्पादन के लिए अगले आदेश तक झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), रांची के कुलपति को अतिरिक्त प्रभार दिया है। साथ ही, यह निदेश दिया गया है कि सामान्य प्रशासनिक कार्यों को छोड़कर किसी भी नीतिगत निर्णय के लिए कुलाधिपति की स्वीकृति अनिवार्य होगी।

### आवारा कुत्तों के हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

# बोड़ेया गांव में फैले कुत्तों के आतंक से लोग दहशत में

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के बोड़ेया गांव निवासी करीब 60 वर्षीय मनेस्वर नायक को मंगलवार को देर रात लगभग 02:30 बजे आवारा कुत्तों ने काट-काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मनेस्वर नायक विकलांग और अत्यंत गरीब हैं। सूचना मिलते ही अधिवक्ता ईशान रोहन ने डीएसपी-एक अमर कुमार पांडे को जानकारी दी, जिसके बाद कांके थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए रिम्स भेजा। उनकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर निगम की गाड़ियों से गांव में आवारा कुत्तों को छोड़ दिया जाता है। इससे कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## चान्हो के युवक की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत

**चान्हो।** प्रखंड के बलसोकरा निवासी 42 वर्षीय शाहिद अंजुम की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह पिछले 10 वर्षों से जुबैल शहर में रह रहे थे। शाहिद अंजुम के तीन बच्चे हैं और उनकी मौत से घर में मातम का माहौल है। शाहिद के छोटे भाई राशिद इकबाल ने बताया कि उन्हें 29 जुलाई रात को सूचना मिली कि बड़े भाई की मौत हो गई है। परिजनों ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से अपील की है कि शाहिद अंजुम के शव को जल्द स्वदेश लाया जाए, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके।

# आयुक्त ने की प्रमंडलीय स्तरीय कल्याण विभाग की बैठक



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की योजनाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री मैट्रिक योजना, पोस्टमैट्रिक,अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), अत्याचार निवारण अधिनियम, सरना, मसना, हड़गड़ी स्थल इत्यादि की घेराबंदी, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/ छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, साइकिल वितरण योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला एवं खूंटी में भी अनुसूचित जाति के छात्रों की छात्रवृति उम्मीद से कम पाई गई। रांची जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या जिले में कम है जिस कारण अनुसूचित जाति में छात्रवृति की राशि पूर्णता खर्च नहीं हो पाता है। आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त योजना के संबंध में जिस मद में राशि पूर्णतः खर्च नहीं होता है वह राशि विभाग को वापस भेजा जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के साथ बैठक कर छात्रवृति भुगतान करने का समय सीमा निर्धारित करेंगें एवं सभी अहर्ताधारी छात्रों को यथाशिघ्र राशि हस्तानांतरित कराना सुनिश्चित करेंगें। गुमला जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत 70 फीसदी राशि का व्यय हो चुका है। जबकि रांची में 89 फीसदी एवं लोहरदगा में 59 फिसदी राशि व्यय किया गया है।

### मुख्यमंत्री सख्त कार्रवाई का निर्देश दें

# झारखंड आतंकी संगठनों की शरणस्थली बनता जा रहा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

- **ऐसी घटनाएं पूरे राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) द्वारा हाल ही में बेंगलुरु के हेब्बल इलाके से गिरफ्तार की गई संदिग्ध महिला आतंकी शमा परवीन का झारखंड के कोडरमा जिले से सीधा संबंध सामने आना बेहद चिंताजनक है। एटीएस की जांच में खुलासा हुआ है कि शमा अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट जैसे खतरनाक आतंकी संगठन से जुड़ी थी और सोशल मीडिया के जरिए आतंकी विचारधारा का प्रचार कर रही थी। कहा कि गौर करने वाली बात है कि शमा मूल रूप से कोडरमा की रहने वाली है और पिछले कुछ वर्षों में हैदराबाद होते हुए बेंगलुरु में अपने भाई के साथ रह रही थी। यह गिरफ्तारी झारखंड में पनप रहे आतंकी नेटवर्क की एक और कड़ी को उजागर करती है। कहा कि बीते वर्षों में रांची, जमशेदपुर, लोहरदगा, हजारीबाग जैसे जिलों से भी आतंकी गतिविधियों और संदिग्ध गिरफ़्तारियों की खबरें आती रही हैं। कहा कि झारखंड धीरे-धीरे आतंकी संगठनों की शरणास्थली बनता जा रहा है। ऐसी घटनाएं पूरे राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। पुलिस को निर्देश देकर राज्य में फल फूल रहे सभी आतंकी नेटवर्क को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दें।

# नहीं रहे धनबाद जिला कराटे संघ के सचिव राजेश सिंह

**रांची।** धनबाद जिला कराटे संघ के सचिव राजेश सिंह की धनबाद स्थित पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। 29 जुलाई को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था जहां बुधवार शाम लगभग 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस लिया. वे अपने पीछे अपनी पत्नी तथा दो पुत्री को छोड़ गए. राजेश सिंह का अचानक असमय जाना धनबाद जिला कराटे संघ ने शोक जताया है। संघ ने इसे स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के लिए भी एक अपूरणीय क्षति बताया। वहीं कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें.

## एनएच 39 पंडरी में ट्रक और चेचिस की आमने-सामने टक्कर



**चान्हो।** थाना क्षेत्र में एनएच-39 पंडरी के पास मंगलवार मध्य रात्रि लगभग 12 बजे एक ट्रक और चेचिस के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में किसी तरह की कोई हताहत की खबर नहीं है, लेकिन दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कोयला लदा हुआ ट्रक लोहरदगा की ओर से विपरीत दिशा से आ रहा था, तभी रांची की ओर से जा रहे एक चेचिस के साथ आमने-सामने की टक्कर हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कोयला लदे ट्रक का ड्राइवर नशे में धुत्त था, जिसके कारण यह घटना घटी। मौके पर पहुंची चान्हो पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी कुछ भी कहा जा नहीं सकता है। दुर्घटना कैसे हुई और क्यों हुई जांच के बाद ही पता चल सकता है। जांच के बाद ही कार्रवाई पक्रिया की जाएगी।

## डीपीएस रांची की शिक्षिका सोनाली गुप्ता को मिला 'टीचर ऑफ द मंथ' सम्मान



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने एक बार फिर अपने शिक्षकों के समर्पण और उत्कृष्ट कार्य को सम्मानित किया है। सेकेंडरी विंग की शिक्षिका मिस सोनाली गुप्ता को 'टीचर ऑफ द मंथ' के पुरस्कार से बुधवार को नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें उनके शिक्षण क्षेत्र में रचनात्मक योगदान, विद्यार्थियों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार और निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ जया चौहान ने शिक्षिका सोनाली गुप्ता की सराहना करते हुए कहा, एक सच्चा शिक्षक केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं रहता, वह विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देता है। सोनाली गुप्ता जिस धैर्य, संवेदनशीलता और नवीनता के साथ छात्रों का मार्गदर्शन करती हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है।

इस अवसर ने स्कूल समुदाय को यह याद दिलाया कि समर्पित शिक्षकों का प्रभाव विद्यार्थियों के जीवन में दूरगामी होता है। शिक्षिका सोनाली गुप्ता की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### डोरंडा कॉलेज का मनाया गया 64वां स्थापना दिवस

# यह एक परिकल्पना का साकार होना है : सुदिव्य कुमार

## रांची विवि के कुलपति ने सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी

**नवीन मेल संवाददाता**

- **आज यहां एक ऐसे व्यक्ति भी उपस्थित हुए हैं, जिन्होंने 64 वर्ष पूर्व डोरंडा कॉलेज के स्थापना काल को देखा है**




**रांची।** डोरंडा कॉलेज के 64वें स्थापना दिवस का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह तथा डोरंडा कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय अपने स्थापना काल से निरंतर प्रगति के पद पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं यहां लगभग डेढ़ वर्षो से कार्य कर रहा हूं। हम योजना बना कर काम कर रहे हैं। और, आप जहां भी हों, आप सभी को महाविद्यालय परिवार की ओर से नमन है। आपने जिस पौधे को लगाया आज वह बधाई के रूप है। इस महाविद्यालय में लगभग 15,000 बच्चे पढ़ते हैं। वोकेशनल और जनरल कोर्सेज में प्लेसमेंट भी हो रही है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह एक परिकल्पना का साकार होना है। इसमें वे लोग भी हैं, जिन लोगों ने इसके स्थापना काल में अपना बहुत कुछ दिया।

वे लोग भी हैं, जो इस कॉलेज से पढ़े और वे लोग भी हैं, जो आज इस महाविद्यालय में अध्यनरत हैं और अपने भविष्य के सपनों को ढूंढ रहे हैं। आज यहां एक ऐसे व्यक्ति भी उपस्थित हुए हैं, जिन्होंने 64 वर्ष पूर्व डोरंडा कॉलेज के स्थापना काल को देखा है। वे भूतकाल और वर्तमान के बीच एक सामंजस्य के तौर पर अभिभावक के रूप में शामिल हुए और वे हैं शकील साहब। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री ने कहा, मैं झारखंड का ही निवासी हूं, पर डोरंडा कॉलेज के बारे में पहले जानने की कभी बहुत आवश्यकता महसूस नहीं हुई। लेकिन, आज जब इस कार्यक्रम में आ रहा था, तो डोरंडा कॉलेज से संबंधित जानकारी को इकट्ठा करने का प्रयास किया। इस प्रयास में एक बड़ी सुखद अनुभूति इस बात की हुई कि समाज और सरकार कहीं ना कहीं एक दूसरे के पूरक होते हैं।

**संस्कति** | व्यास पूजा सह एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ समापन

# गुरु ज्ञान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माता भी होते हैं : डॉ रणजीत

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। भारतीय शिक्षण मंडल, झारखंड प्रांत और आरटीसी बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में "व्यास पूजा सह एक दिवसीय संगोष्ठी" का सफल आयोजन संपन्न हुआ । इस व्यास पूजन सह संगोष्ठी का विषय "भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा" रहा इस संगोष्ठी का उद्घाटन आरटीसी बीएड कॉलेज के निर्देशक डॉ रुद्रनारायण महतो ने किया, साथ हीं सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर भारत माता व महर्षि वेदव्यास के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएवी बरियातू के प्रिंसिपल डॉ संजय कुमार मिश्रा, मुख्यवक्ता प्रांत अध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि प्रांत मंत्री डॉ सुबास साहु व संगोष्ठी की अध्यक्षता आरटीसी कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिचा पदमा ने किया व संगोष्ठी की संचालन डॉ प्रिया पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति में गुरु की महिमा का वर्णन वैदिक काल से ही मिलता है गुरु अपने आचरण से अनुभव व अनुभूतियों से शिष्यों को सिर्फ ज्ञान की बातों के अलावा शिष्यों के जीवन मूल्यों, नैतिक शिक्षा,अध्यात्म, धर्म,कर्तव्य आदि के साथ आत्मसात् कर ज्ञान का आत्मबोध कराते थे। मुख्य वक्ता डॉ रणजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि मैं भारत हूं और मैं एक कदम भी बढ़ता हूं तो मेरा भारत बढ़ेगा इस भाव के साथ राष्ट्र सर्वोपरि के भाव जगाने वाले गुरु हीं होते हैं। गुरु ज्ञान के साथ साथ राष्ट्र निर्माता भी होते हैं, चाणक्य और चंद्रगुप्त की सार तत्व से हम सभी अवगत हैं हीं, गुरु शिष्य की परम्परा देवव्यास जी के जयंती गुरु पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है उसी का यह एक कड़ी है। हमें इस परम्परा को पुनः स्थापित करना होगा। 'गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ रिचा पदमा ने कहा कि इस गुरु शिष्य परम्परा को पुनः स्थापित करने को लेकर भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत के अध्यक्ष महोदय व प्रांत मंत्री महोदय का मैं आभारी हूँ कि हमारे कॉलेज को यह अवसर प्रदान किया और हमारे विद्यार्थियों में भी यह भाव पुनः प्रवाहमान बना रहे ।

## सीयूजे के कुलपति ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम में लिया भाग




**रांची।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित एक दिवसीय भारतीय शिक्षा समागम -2025, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विकसित भारत में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में देश भर से शिक्षा मंत्री, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षाविदों ने भाग लिया। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड राज्य का पहला विश्वविद्यालय है जिसने प्रो. दास के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कोर्स की सफल शुरुआत की है। कुलपति ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल पांच वर्ष पूरे होने पर सीयूजे में भी तीन दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है जिसमें विद्यार्थियों को एनईपी के विषय में प्रोफेसरों और एनईपी सारथी ने जानकारी दी। साथ ही क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया है।

# न्यूज बॉक्स

## महाविद्यालय के नए प्रचार्य को पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया स्वागत



**मांडर।** मांडर प्रखंड के पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाजसेवी रामबालक ठाकुर ने मांडर कॉलेज प्रभारी प्रचार्य प्रो गवां तिग्गा से मुलाक़ात क़र उन्हें बधाई दी साथ ही पुष्प गुछ देकर उनका स्वागत किया,और कहा की एक स्थानीय व्यक्ति का इस अंगिभूत महाविद्यालय का प्रचार्य बनना हम सबों के लिए गौरव की बात है, इनके प्रचार्य बनने से इस महाविद्यालय का चहुमुखी विकास होगा, वेहतर शैक्षनिक माहौल बनेगा, मौक़े रहमान अंसारी, नंदू उराव मुख्य रुप से उपस्थितथे.

## केसीबी कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ डेलोमयी हासंदा ने पदभार ग्रहण किया



**बेड़ो।** बेडो.स्थित करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के नये प्राचार्य के रूप में बुधवार को डॉ. डेलोमयी हासंदा ने पदभार ग्रहण किया। जहां पूर्व प्राचार्य डॉ. विनोद सिंह ने पदभार देकर इन्हें कुर्सी पर बैठाया और शुभकामनाएं दीं। मौके पर गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पदभार ग्रहण कर प्राचार्य डॉ. डेलोमयी हासंदा ने कहा कि इस कॉलेज में ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे पढ़ने आते है। चूंकि मैं भी यहीं की रहने वाली हूँ। मैं अपने सहयोगियो साथ शैक्षणिक माहौल दूंगी। साथ ही मेरे पति डॉ दिवाकर मिंज रांची विश्वविद्यालय रांची के सेवानिवृत प्रॉक्टर रहे हैं जिनकी शिक्षा के प्रति सोच पुरा करने की प्रयास करूंगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, पूर्व प्रमुख धनंजय कुमार रॉय व झामुमो के प्रखंड संयोजक मुन्ना बड़ाईक ने डॉ हांसदा को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतीक चित्र देकर नए प्राचार्य का स्वागत किया। मौके पर शिक्षाविद् डॉ दिवाकर मिंज, अयूब अंसारी, डॉ रवि भूषण साहू,, किशोर साहु, बर्सर डॉ आशा रानी लकड़ा व दिलीप उरांव समेत कई शिक्षाविद मौजूद थे। उधर करमचन्द भगत महाविद्यालय, बेड़ो में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. डेलो मई हासंदा जी के नए प्रभारी प्राचार्या के रूप में पदभार ग्रहण करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बेड़ो इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नितेश कुमार पासवान जी के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट किया और नए प्राचार्या को श्रीमद् भगवद्गीता, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।

## कांवरिया शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** जेनरिक फॅमिली फाउंडेशन सेंट्रल कमिटी के अभय कुमार मांझी चैयरमेन सोशल एंड मीडिया के दिशा निर्देश पर जेनरिक फॅमिली फाउंडेशन बरहरवा जोन के पी यू मेडिकल एजेंसी और बी आर फार्मा बसंत कुमार महतो उपाध्यक्ष जीएफएफ सेंट्रल कमिटी के सौजन्य से कांवड़ यात्रियों के सेवा में कांवरिया शिविर का आयोजन किया गया जो प्रत्येक सप्ताह के शनिवार एवं रविवार को सेवा दी जाती है जिसमें यात्रियों को दवा के साथ शर्बत, पानी की व्यवस्था भी की जा रही है ।बरहरवा जोन द्वारा मानवहित में की जा रही इस कार्य को जीएफएफ सेंट्रल टीम के सभी पदाधिकारियों ने काफ़ी सराहा है।

## गुजरात डकैती कांड का अभियुक्त खलारी से गिरफ्तार



खलारी। गुजरात के तापी जिले में हुई डकैती की एक वारदात के मामले में फरार चल रहे आरोपी को खलारी पुलिस की मदद से गुजरात पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान खलारी के ठाकुरधौड़ा निवासी सुनील नायक के पुत्र मनीष उर्फ सोनू (27 वर्ष) के रूप में हुई है। मनीष पहले गुजरात के सूरत में रहकर काम करता था। जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को तापी जिला अंतर्गत सोनलबेन के आवास पर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार अन्य अभियुक्तों ने मनीष का नाम सह-अभियुक्त के रूप में उजागर किया था। सूचना के आधार पर गुजरात पुलिस की टीम खलारी पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर मनीष को गिरफ्तार किया। बुधवार को उसे न्यायिक दंडाधिकारी, रांची के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुजरात पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

## टैक्टर के धक्के से स्कूटी सवार युवक की मौत



पिठौरिया। कांके थाना क्षेत्र के बोड़ेया गांव स्थित बोड़ेया हाई स्कूल के समीप बालू डंप यार्ड के पास टैक्टर के धक्के से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। वहीं घटना में एक घायल हो गया ।घटना मंगलवार देर रात की है ।मृतक आकाश कुमार वर्मा(26) पिता स्व. भारत वर्मा व पवन दोनों अरसंडे के रहने वाले है। घटना के संबध में घायल पवन ने बताया कि दोनों दोस्त हमलोग देर रात घर लौट रहे थे। इसी बीच बालू डंपयार्ड से एक टैक्टर बालू डंप कर गाड़ी बैक कर रहा था ।इसी बीच हमलोग टैक्टर के चपेट में आ गये। घटना के बाद आकाश व पवन को कांके जेनरल अस्पताल लाया गया ।गंभीर रुप से घायल आकाश को डाक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स जाने के क्रम में आकाश का रास्ते में ही मौत हो गई ।वहीं घायल पवन का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## बुढ़मू में फिर गजराज का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

**रांची।** बुढ़मू प्रखंड के आरा देवरखंड में एक बार फिर से गजराज की दस्तक हुई है। 25 हाथियों का एक बड़ा झुंड इस क्षेत्र में पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। हाथियों के झुंड के आने से ग्रामीणों को अपनी जान और मवेशियों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाथियों को सुरक्षित तरीके से भगाने की मांग की है।

# पदाधिकारी ने विकास योजनाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिला उपायुक्त द्वारा निर्धारित साप्ताहिक कार्य दिवस कार्यक्रम के तहत बड़कागांव के वरीय पदाधिकारी सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने प्रखंड सभागार में विकास योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, बिरसा मुंडा आवास,आंगनवाड़ी, जन वितरण प्रणाली दुकान, 15वीं वित्त आयोग आदि विभागों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। जानकारी के बाद अधूरे योजनाओं को जल्द पूरा करने एवं सही लाभुकों तक संचालित योजनाओं को लाभ पहुंचाने का दिशा निर्देश दिया। बैठक के बाद वरीय अधिकारी ने प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव पहुंचकर विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय कक्ष का अवलोकन किया। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, मनरेगा बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, अंचल निरीक्षक नवल किशोर प्रसाद, प्रखंड प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज, प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी पंकज गुप्ता, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कन्हैया, शिक्षक अशोक राम सहित कई अधिकारी, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## दीदी बड़ी योजना को लेकर लगाया गया शिविर



**चलकुशा।** प्रखंड के चलकुशा पंचायत भवन में दीदी बाड़ी योजना को लेकर लगाया गया शिविर। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के आदेशानुसार बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता एवं मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह कि उपस्थिति में चलकुशा पंचायत भवन में दीदी बाड़ी योजना से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से जेएसएलपीएस के बीपीएम मुरलीधर महतो, सीसी पवित्र कुमार यादव, ने जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को जागरूक करते हुए। दीदी बाड़ी योजना से आवग कराया। साथ ही छह लोगों का पेंशन संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया जिसका निष्पादन मौक़े पर ही किया गया। मौक़े पर बीपीओ राजेश कुमार सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार, रुपेश कुमार,संतोष कुमार चलकुशा सक्रिय ललिता देवी, खुशबू कुमारी, आशिया खातून एवं अन्य महिलाऐं उपस्थित थे।

## पतरातू डैम के समीप कोयला लदे ट्रक में लगी आग, टायर जले



**पतरातू।** पतरातू डैम के लेक रिसॉर्ट के निकट मंगलवार की अल सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कोयला लदे ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विक्राल रूप ले लिया। लोगों ने पतरातू थाना पुलिस और अग्निशमन रामगढ़, जिंदल फायरबिग्रेड,पीवीयूएनल को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलते ही पतरातू थाना की पुलिस और फायरबिग्रेड की टीम दमकल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। ट्रक से कोयला को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक गाड़ी के सभी टायर जलकर राख हो गए। बताया जाता है कि जेएच 01 एजेड4021 ट्रक पिपरवार से हजारीबाग की ओर जा रहा था।

# सांसद, विधायक व सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा



**रामगढ़।** सांसद मद, विधायक मद एवं सीएसआर मद से संचालित योजनाओं के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।ठक के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग वित्तीय वर्ष में सांसद, विधायक एवं सीएसआर मद के तहत ली गई योजना एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने एवं किसी भी परिस्थिति में योजनाओं का दोहरीकरण नहीं होने देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सांसद एवं विधायक मद से संचालित योजनाओं की प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो आदि मौजूद थे।

### अबुआ आवास व योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा द्वारा मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हो रहे विकास कार्यों की जानकारी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को दी। मनरेगा अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मानव दिवस सृजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडवार मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की मौके पर उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायत में निर्मित किए जाने वाले खेल मैदानों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन पंचायत में अब तक खेल विकास योजना के तहत मैदान का निर्माण नहीं हो पाया है उनसे संबंधित प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों से प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं के जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर एप, सोशल ऑडिट, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी फणींद्र कुमार गुप्ता द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

### उपायुक्त ने जिले वासियों से प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। उपायुक्त के निर्देश पर 15 अगस्त 2025 तक जिले में 1 लाख लोगों को सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार से संबंधित प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है वहीं अब तक हजारों लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से अपने निकटतम प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की है। 31 जुलाई 2025 को गोला प्रखंड अंतर्गत संग्रामपुर, साडम, नावाडीह, सरागडीह, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत चितरपुर पूर्वी, मांडू प्रखंड अंतर्गत छोटकीडुंडी, पुण्डी, बारुघुटु उत्तरी, केदला दक्षिणी, सारूबेड़ा, बुमरी।

# भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने सांकेतिक हड़ताल वापस ली

**रामगढ़।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने अपनी 41 सूत्री मांगों के समर्थन में पिछले दिनों प्रधान डाकघर रामगढ़ सहित जिले के अन्य डाकघरों में सबसे पहले अपने कार्यालय में काली पट्टी बांध कर राष्ट्रहित, विभाग हित, कर्मचारी हित और जनहित में काम किया। उसके बाद हजारीबाग परमंडल में डाक अधीक्षक कार्यालय के समीप 22 जुलाई को काम करने के बाद संध्या 5:00 बजे धरना दिया। धरना के बाद अपनी 41 सूत्री मांगों की प्रति डाक अधीक्षक हजारीबाग कार्यालय में सरकार के ध्यानाकर्षण के लिए दिया। इस संबंध में प्रधान डाकघर रामगढ़ के कर्मियों ने बताया कि डाक विभाग ने 41 सूत्री मांगो पर विचार करने के लिए भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री से वार्ता रखी है। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रहित, विभाग हित,कर्मचारी हित और जनहित में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन ने दिनांक 31 जुलाई 2025 को होनेवाले एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल को वापस लिया है। भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ हजारीबाग डिवीजन, रामगढ़ कैंट झारखंड के सदस्यों ने कहा कि अगर सफल वार्ता हमारे पक्ष में नहीं होती है तो हमारे राष्ट्रीय महामंत्री जो आदेश जारी करेंगे उसे हम सभी पूरा करेंगे। बताया कि 41 सूत्री मांगों में सरकारी कर्मचारियों में 8 वां वेतन आयोग के क्रियान्वयन जल्द करने , ग्रामीण डाक सेवक के वेतन पर विचार, पोस्टमैन कर्मचारियों को पोस्टमैन बीट ड्यूटी देना बंद करना, सभी डाकघरों में पुरुष और महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था करना आदि शामिल हैं।

## एक अगस्त को पीडीएस दुकानदारों का एकदिवसीय धरना



**टाटीझरिया।** पीडीएस दुकानदारों की बैठक बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में अध्यक्ष अरुण सिंह की अध्यक्षता में विगत मंगलवार को संपन्न हुई। कई महीनों से पीडीएस दुकानदारों का कमीशन भी नहीं मिला है। इस संबंध में इनका प्रतिनिधिमंडल जिला के विभिन्न पदाधिकारियों और सचिव को ज्ञापन दे कर लंबित भुगतान की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद भी अब तक इनके लंबित कमीशन, यहां तक कि कोरोना काल का भी कमीशन बकाया है। जिससे कई दुकानदारों के पास आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि हमलोगों का भुगतान नहीं होने जीवन की गाड़ी रूक गई है। इस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसे देखते हुए एक बार फिर से जिला में समाहरणालय के पास एक दिवसीय धरना पहली अगस्त को दिए जाने की रूप रेखा तय किया गया। बैठक में ओम प्रकाश गुप्ता,अरुण राम, सुरेंद्र सिंह, द्वारिका महतो,सीताराम कुशवाहा समेत अन्य डीलर उपस्थित थे।

### स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

# बरसात के मौसम में स्वच्छता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता : रेखा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पेयजल एवं स्वचछता विभाग के निर्देशानुसार बरकट्ठा जल सहिया संघ अध्यक्ष रेखा देवी कि अध्यक्षता में एक बैठक रखा गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नागरिकों से अधिक से अधिक सिटिजन फिडबैक करवाना है । रेखा देवी ने कहा कि बरसात के मौसम में सभी लोगों को स्वचछता पर ध्यान देना चाहिए ताकि बीमारियों से बचाव हो और लोग स्वस्थ रहें। वहीं प्रखंड कॉडिनेटर मुकेश कुमार ने सभी दीदी से फीडबैक कराने का आग्रह किया। अभियान में बरकनगांगो, बरकटठा उतरी, चेचकपी, चुगलामों, गंगपाचो, गोरहर, झुरझुरी, सलैया और शिलाडीह पंचायत की जलसहियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फीडबैक दर्ज कराया| बैठक में सभी जलसहिया दीदी ने यह निर्णय लिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी बरकटठा के निर्देशानुसार अपने पंचायतों के रैंकिंग को बेहतर करने के लिए अधिक से अधिक लोगो का फिडबैक प्रत्येक जलसहिया को कराना है। बैठक में मुख्य रूप से सुनैयना देवी,सोमा कुमारी गुप्ता,दुलारी कुमारी, सुनीता देवी, अजमेरी खातुन, संगीता शर्मा, कौशल्या देवी नवाडीह, कौशल्या देवी, बबीता देवी, अनीसा हेम्ब्रम, मोनिका देवी, पिंकी देवी, सोनीका कुमारी, ललीता देवी, मंजु देवी सहित दर्जनों जलसहिया उपस्थित थे।

## जर्जर लोहे का खंभा दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**हजारीबाग।** शहर के कुम्हार टोली पार नाला देवी मंडप के पुराने और जर्जर एक लोहे के पोल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। खासकर देवी मंडप के पास महिलाएं पूजा करने आती हैं। दिन भर यहां आसपास के महिलाओं की बैठकी लगी रहती है। यहां पर एक पुराना लोहा का खंभा जर्जर होकर लटक रहा है। जिस पर 11000 वोल्ट का तार दौड़ रहा है। यह कभी-भी गिर सकता है यह इतना जर्जर हो चुका है कि अधिक इधर से गुजरते वाले राहगीर डरते हुए गुजरते हैं। कहीं बिजली तार गिर नहीं जाए। मोहल्ले के लोग इस लोहे के पोल को जानमाल का खतरा बताते है। जीवन पथ निवासी राकेश ठाकुर कहते हैं कि कई बार इसकी शिकायत दर्ज कराई गई।लेकिन विभाग इस तरफ ध्यान नही दे रहा है। तेज हवा या बारिश में यह कभी-भी गिर सकता है जैसे बिजली की तार टट सकती है आस पास के लोगों को खतरा हो सकता है। इस मोहल्ले में कई सीमेंट के पल भी जर्जर हो गए हैं।

# जरहिया डैम में नहाने के दौरान डूबने से बुजुर्ग की मौत

बरही। बरही के जरहिया गांव के रहने वाले रुपलाल यादव उम्र 57 वर्ष की जरहिया डैम में नहाने के दौरान मौत हो गई। रुपलाल यादव के पुत्र सुजित कुमार ने **बताया** कि शाम के समय उसके पिता रुपलाल यादव खेत में काम करके उसकी मां और भाभी के साथ घर लौट रहे थे। रास्ते में जरहिया डैम के पास रुककर उसके पिता डैम में नहाने चले गए। उसकी मां और भाभी घर आ गए। घर आकर मां ने कहा कि पिताजी नहा रहे हैं बाइक से जाकर ले आओ। जब वह अपने पिता को लाने गया तो डैम के आसपास पिता को नहीं देखा। कुछ दूर पर कुआं के पास पिता की लुंगी और चप्पल देख वह घबरा गया और डैम के पानी में देखने चला गया। तो देखा कि उसके पिता पानी में डुबे हुए हैं। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें डैम से बाहर निकाल कर इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विवि में भूजल मुद्दे पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# जल हमारे जीवन का मुख्य आधार है संरक्षण करना हर लोगों का दायित्व है : कुलाधिपति

- **भूजल एक संसाधन हैं एवं इसके संरक्षण और प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की जरूरत है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** 30 जुलाई को केंद्रीय भूमि जल बोर्ड ,राज्य कार्यालय, रांची भारत सरकार द्वारा आयोजित राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में भूजल संबंधित मुद्दे तथा प्रबंधन टोअर-III प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के छात्र छात्राएं बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्विद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को पौधे एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलाधिपति बी एन साह ,मुख्य वक्ता रोज अनीता कुजूर, वैज्ञानिक 'घ' प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड , रांची , सुनील टोप्पो एवं सुलेखा भाया वरिष्ठ वैज्ञानिक, ग्रेड 'सी' एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार उपस्थित रहे। कुलाधिपति बी एन साह ने आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि जल हमारे जीवन का मुख्य आधार है और इसका सदुपयोग एवं संरक्षण करना अति आवश्यक है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना की और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता रोज अनीता कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षा जल संचयन,जल- बचत उपकरणों का उपयोग ,रिसाव की मरम्मत और जल का पुनः उपयोग कर जल संरक्षण कर सकते हैं। सुनील टोप्पो वरिष्ठ वैज्ञानिक सभी विद्यार्थियों को भूजल स्तर में गिरावट ,अत्यधिक दोहन, प्रदूषण ,जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। सुलेखा भाया वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि भूजल के सतत उपयोग के लिए , भूजल से संबंधित मुद्दे को समझना और प्रभावी प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना आवश्यक है।

## उपर पोचरा में 10 दिनों से बिजली कटौती पर ग्रामीणों में आक्रोश



**बरकाकाना।** छावनी परिषद वार्ड नंबर सात के ऊपर पोचरा में बिजली विभाग के कार्यशैली पर ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया है। ग्रामीणों का कहना है की ज्यादा लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार जल जाता है। ज्यादा कनेक्शन के कारण 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाना चाहिए। ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर ट्रांसफार्मर को मरम्मती करवाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 10 दिन से कभी ट्रांसफार्मर खराब, तो कभी केबल कनेक्शन के नाम पर बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारी कई तरह का बहाना बनाकर ग्रामीणों को ठग रहे हैं। अधिकारियों को फोन करने पर वे फोन का जवाब तक नहीं देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 24 घंटे के अंदर अगर नियमित बिजली ऊपर पोचरा में बहाल नहीं की गई, तो सैकड़ों ग्रामीण बाध्य होकर सड़क पर उतर जाएंगे। जिसकी जवाबदेही बिजली की विभाग होगी। लोगों का कहना है कि जिस तरह से बिजली की हालात है वह बहुत ही खराब है। बरसात के मौके में बिजली नहीं रहने पर काफी कठिनाईयों सामना करना पड़ता है। गर्मी पड़ने पर लोग रात भी सो नहीं सकते हैं, ज्यादा मुश्किल पानी को लेकर हो रही है। मोटर नहीं चलने के कारण नहाने और कपड़ा धोने में तकलीफ हो रहा है।

विरोध करने वालों में चंदन गोप, मुन्ना साव, देवेंद्र सिंह, दीपक साह, जलदेव साहू, गंगा दांगी सहित कई लोग मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ, दो कट्ठा क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं प्लांट



**बरही ।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट लगाए जा रहे है. यह यूनिट खराब और कूड़े जैसे प्लास्टिक का रीसाइक्लिंग कर प्लास्टिक की लुगदी बनाएगा. जिसे प्लास्टिक निर्माता कंपनियों को प्लास्टिक की वस्तु बनाने के लिए भेजा जाएगा. इससे सिर्फ कचड़े का रीसाइक्लिंग हीं नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे. उक्त जानकारी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने दी. उन्होंने बताया कि बरही नदी के समीप दो कट्ठा क्षेत्र में प्लास्टिक यूनिट का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है. प्लांट निर्माण में लगभग 10 लाख रुपए के बजट निर्धारित हैं. जिसे पीएचईडी के कनीय अभियंता बिमल किशोर की देख रेख मैं तैयार किया जा रहा है. जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा. प्लांट को संचालित करने के लिए करीब 6 माह पूर्व मशीन क्रय किए जा चुके हैं. कूड़े के रिसाइकलिन की की जा रही है व्यवस्था : मामले के संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने भी बताया कि पूर्वी पंचायत में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है. इसके निर्माण व संचालन से कूड़ा प्रबंधन में सहायता मिलेगी और बेकार पड़े पॉलिथिन या प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग के बाद फिर से विभिन्न रूपों में सदुपयोग किया जा सकेगा.

## जिला परिषद की बैठक में जिप उपाध्यक्ष ने उठाए जनहित के कई मुद्दे



**बरही।** मंगलवार को जिला परिषद सभागार में संपन्न हुए जिप सदस्यों की बैठक में बरही पूर्वी जिप सदस्य सह जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए जनहित के कई मुद्दे उठाए. इनमे से प्रमुख रूप से डपोक पंचायत के ग्राम ओरपरता मंदिर से डपोक होते हुए गुड़ियों बैक मोड़ तक कालीकरण व मरम्मती, ग्राम चतरो में पुल एवं रोड का निर्माण, बेलादोहर पी डब्लू डी रोड से आरईओ रोड बुंडू तक कालीकरण, अनुमंडल कोर्ट परिसर में शौचालय का निर्माण, हरिजन स्कूल से बांझेडीह तक बिजली की तार तार को ऊंचा करने, बरसोत पंचायत के चलंगा में टावर की समस्या से संबंधित मामला उठाया गया. आंगनबाड़ी केंद्र विहीन गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना तथा धोब घट में बोरिंग करवाने की मांग शामिल है. जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया गया. यह आश्वासन मिला कि आंगनबाड़ी विहीन क्षेत्रों में जमीन उपलब्ध होने या ग्रामीण द्वारा जमीन देने पर केंद्र का निर्माण और धोबघट में शीघ्र बोरिंग करवाया जाएगा. जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बैठक में डीडीसी मो इश्तियाक अहमद सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व जिप सदस्य मौजूद थे. बैठक जिप अध्यक्ष उमेश मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई.

## आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर डीबीएफ कलहाबाद में प्री बैच का शुभारंभ



**बरकट्ठा।** ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन कल्हाबाद के तत्वावधान में छात्रों को परीक्षा तैयारी को लेकर प्री बैच का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। प्री बैच 30 बच्चों के साथ शुरू हुआ। डीबीएफ छह का शुभारंभ 30 छात्रों के प्री बैच संस्थापक केदार प्रसाद, शिक्षक सुरेश प्रसाद के उपस्थिति में किया गया। मैनेजमेंट हेड संजय प्रसाद ने बताया कि छात्रों को अक्तूबर माह तक पढ़ाया जाएगा। स्टेज दो की अंतिम जांच परीक्षा में फाइनल सिलेक्शन के बाद नियमित क्लास चलेगा। फाइनल में चयनित बच्चों को नवोदय, नेतरहाट, इंदिरा गांधी, सैनिक स्कूल, मॉडल स्कूल, सीएम उत्कृष्ट स्कूल आदि आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु निशुल्क तैयारी कराया जाता है। इन बच्चों के शिक्षण में विशेष रूप से बीएल प्रसाद, मनु भाई, प्रभात कुमार, रविकांत प्रसाद, शशिभूषण प्रसाद का सहयोग में होता है।

## बरही पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, दर्जनों मोटरसाइकिलें जब्त




**बरही।** एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बुधवार को बरही थाना क्षेत्र में सघन मोटरसाइकिल जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जिनके पास आवश्यक कागजात या सुरक्षा मानकों की कमी पाई गई। यह जांच अभियान बरही थाना के समीप चलाया गया, जिसकी निगरानी पु.नि. सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने की। उन्होंने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता फैले और ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। थाना प्रभारी ने सभी वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और मोटरसाइकिल से संबंधित सभी वैध कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा आदि साथ रखने की अपील की है। इस अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार, दीपक कुमार, एएसआई रामेश्वर रविदास समेत बरही थाना के कई जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# डीसी ने योजनाओं का किया निरीक्षण और लाभुकों को सौंपे अबुआ आवास

नवीन मेल संवाददाता



● पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ और कुरूसकेला पंचायत का दौरा



● स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षा गुणवत्ता की जांच

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने पाकरटांड़ प्रखंड के सिकरियाटांड़ एवं कुरूसकेला पंचायत के योजनाओं का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित आम बागवानी, बिरसा कूप सिंचाई संवर्धन योजना, अबुआ आवास सहित कुल 20 योजनाओं का जायजा लिया। बागवानी योजना के तहत फीड टीकिंग गड्ढा खुदाई कार्य का निरीक्षण करते हुए एजेंसी से पौधों की आपूर्ति की समयसीमा की जानकारी ली। उपायुक्त ने लाभुकों को पेड़ लगाने के साथ घेराबंदी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उन्हें समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के तहत पूर्ण हो चुके आवास का फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। कुरूसकेला पंचायत में लाभुक बिमला देवी एवं मनीष कुमार साहू के आवास का गृह प्रवेश कराते हुए उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। मनीष कुमार साहू की मां ने बताया कि उनका बेटा दिव्यांग है, जो सुनने एवं स्पष्ट बोलने में असमर्थ है। उन्होंने पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का आभार व्यक्त किया और कहा कि पहले वे कच्चे मकान में रहते थे, जिससे बरसात के दिनों में उन्हें काफी परेशानी होती थी।इसके बाद उपायुक्त ने कुरूसकेला पंचायत भवन में बने ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध पुस्तकों एवं सुविधाओं की जानकारी ली। पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि विद्यालय के बच्चों को ज्ञान केंद्र में उपलब्ध पुस्तकों के अध्ययन एवं ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधाओं के प्रति जागरूक करें। उपायुक्त ने जिले के सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने नजदीकी पंचायत भवन स्थित ज्ञान केंद्र में जाकर पुस्तकों का अध्ययन करें और ऑनलाइन क्लास की सुविधा का लाभ उठाएं।इस दौरान उपायुक्त ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकरियाटांड़ एवं भेलवाडीह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल भवन की स्थिति, साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर और बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता का आकलन किया। बच्चों से सिलेबस की जानकारी लेते हुए स्मार्ट क्लासरूम का भी अवलोकन किया। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने सड़क पर बिना हेलमेट चलने वाले स्कूल-कॉलेज के बच्चों एवं आम लोगों की गाड़ियों को रोककर जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर पहुंचे परिवहन पदाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई की। उपायुक्त ने लोगों से सड़क सुरक्षा अपनाने और हेलमेट पहनने की अपील की।इस मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता-सह-सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा तिर्की, बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा कलाकारों ने की "करम धरम" नागपुरी फिल्म निर्माण की शुरुआत

**सिमडेगा।** झारखंड की विलुप्त हो रही संस्कृति और धरोहरों को बचाने के उद्देश्य से कला संस्कृति मंच सिमडेगा के युवा कलाकारों ने नागपुरी फिल्म "करम धरम" के निर्माण की शुरुआत की है। बुधवार को सदर प्रखंड के बीरू गांव में आयोजित कार्यक्रम में फिल्म का उद्घाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने नारियल फोड़कर किया।इस अवसर पर विधायक बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा खेल और शिक्षा की नगरी के रूप में जाना जाता है, अब यह क्षेत्र फिल्म निर्माण में भी अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने स्थानीय कलाकारों की पहल की सराहना करते हुए उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों को राज्य स्तर पर मदद मिल सके इसके लिए वे सदन में भी आवाज उठाएंगे।फिल्म निर्माण से जुड़े युवा कलाकारों ने बताया कि झारखंड की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में कई कला और सांस्कृतिक धरोहरें गुम होती जा रही हैं। इस स्थिति को देखते हुए "करम धरम" फिल्म बनाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय भाषा नागपुरी में बन रही इस फिल्म में सिमडेगा के ही कलाकारों को शामिल किया गया है।

# न्यूज बॉक्स

## बानो में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बानो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने की, जबकि थाना प्रभारी सोनू कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यशाला में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, साइबर फ्रॉड से बचाव और सर्पदंश की रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ अंसारी ने कहा कि बेटियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने सेविकाओं को सलाह दी कि वे बेटियों के खानपान और स्वास्थ्य जांच को नियमित कराएं। सर्पदंश से बचाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें। पीड़ित की चोट पर मुंह से खून नहीं चूसें और न ही उस जगह को कसकर बांधें। तुरंत अस्पताल पहुंचाकर इलाज कराएं, जिससे समय पर पीड़ित की जान बचाई जा सके।साइबर फ्रॉड पर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि अज्ञात नंबर से कॉल आने पर किसी को भी आधार कार्ड, बैंक पासबुक नंबर या ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं से कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करें, क्योंकि अपराधी नए-नए हथकंडों का इस्तेमाल करते हैं।

## विधायक प्रतिनिधि बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले

**सिमडेगा।** विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा के निर्देशानुसार जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति से मुलाकात की. ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर को मरम्मत कर अधिष्ठापन करते हुए ग्रामीणों को निर्बाध बिजली बहाल की दिशा में कार्यपालक अभियंता को अवगत कराया गया. विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि पुरनापानी में 63 केभी, कोबांग बिल्होरटोली में 25 केभी, कुरडेग खिंडा में 25 केभी, पाकरटांड़ भण्डारटोली में 63 केभी, सोगड़ा पेठियारटोली में 100 केभी, बासेन चेंगझरिया में 25 केभी तथा सिकरियाटांड़ तुमंगा में 63 केभी ट्रांसफार्मर खराब है, इसे शीघ्र ही बदलने हेतु कार्यपालक अभियंता से वार्ता की।ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में विधायक भूषण बाड़ा लगातार प्रयासरत हैं।साथ हीं विद्युत विभाग को भी इस दिशा में शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया है. कार्यपालक अभियंता ने भी शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की बात कही है।

## हर पंचायत में कांग्रेस की विचारधारा को मज़बूती से पहुंचाएं: विधायक भूषण बाड़ा

**पाकरटांड।** प्रखंड अंतर्गत पाकरटांड बाजारटांड में कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा गया। प्रमाण पत्र वितरण का सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की एवं प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा के करकमलों से संपन्न हुआ। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गाँव की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में होती है। हमें हर पंचायत में कांग्रेस की विचारधारा को मज़बूती से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है, वो जनसेवा का एक अवसर है। पाकरटांड की धरती पर जो जन-जागृति देख रहा हूँ, वह आने वाले समय में बदलाव की नींव रखेगी। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख रजत लकड़ा, ओबीसी जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद, प्रवेक्षक सह जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, संसदीय प्रतिनिधि भूषण राम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूर, विजय बेक, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, प्रदीप केशरी, लखन गुप्ता समेत अनेक पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## बारिश की वजह से कॉलेजटोली निवासी व्यक्ति का मकान हुआ ध्वस्त



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पंचायत के कोलेबिरा कॉलेज टोली निवासी जगमोहन राम का घर पिछले दिन हुए लगातार वर्षा के कारण गिर गया। जिसके कारण उन्हें रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घर का एक हिस्सा पूरी तरह गिर गया है. इस संबंध में जगमोहन राम ने बतलाया कि लगातार बारिश होने के कारण अचानक बिगत रात्रि उनका घर का एक बड़ा हिस्सा भड़बड़ा कर गिर गया। जिसके चलते उन्हें और उनके परिवार वाले को रहने में परेशानी हो रही है उन्होंने प्रखंड प्रशासन से उचित सहयोग की अपील किया है।

## कोलेबिरा वन विभाग चेक नाका के पास के खड्डे की स्थानीय लोगों ने की मरम्मत



**कोलेबिरा।** प्रखंड में पिछले दिन हुए लगातार बारिश के कारण कोलेबिरा वन विभाग विभाग के चेक नाका के समीप एनएच 143 में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसके कारण वाहन चालकों एवं यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है और लोग घायल हो रहे हैं, जिसे देखते हुए स्थानीय ग्रामीण मोतीलाल साहू, कृष्ण सिंह आरती लोगों के द्वारा श्रमदान कर गड्ढे को भरने की सार्थक प्रयास किया गया. ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित विभाग को जल्द से जल्द ध्यान देने की अपील किया है।

## मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर जोर

**सिमडेगा।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर छोटानागपुर कल्याण निकेतन की पहल पर सिमडेगा में आयोजित कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों से जुड़े विभिन्न हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में बीडीओ, सीओ, बाल कल्याण समिति, थाना प्रभारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, शिक्षक, पीएल, जल सहिया, पीड़ित परिवार और संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एक सुर में स्वीकार किया कि बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए विभागों व एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है।अधिकारियों ने माना कि मौजूदा कानूनों की जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों के तौर-तरीकों के बारे में बताना और मुक्त कराए गए बच्चों को समय पर न्याय व पुनर्वास सुनिश्चित करना तत्काल जरूरी है।निर्देशक प्रियंका सिन्हा ने कहा कि तस्करों को शीघ्र और सख्त सजा दिलाना जरूरी है, ताकि उनमें कानून का भय पैदा हो। जुलाई में संगठन ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर रेलवे स्टेशनों पर बाल तस्करी रोकथाम अभियान भी चलाया था।अंत में संस्था ने सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बच्चों की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

## मोंटफोर्ट स्कूल लचरागढ़ में अग्निशमन कार्यशाला का आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित मोंटफोर्ट विद्यालय में बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन पदाधिकारी संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बचाव व सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को आगजनी जैसी आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई।संजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को बताया कि आग लगने पर घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेना चाहिए। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया और विद्यालय कर्मचारियों को आग बुझाने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। प्रधान अग्निक चालक पप्पू कुमार राय और अग्नि चालक महबूब अंसारी ने भी इस प्रशिक्षण में सहयोग किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रदर जेवियर टेटे, वाइस प्रिंसिपल कुलदीप कूजुर सहित स्वास्तिक डांग, सर फेलिक्स बिलुंग, संदीप कुजूर, पवन कुमार सिंह, आलोका बेक, एडमन डांग, मनोज बड़ाईक, सिस्टर सिंधु, सिस्टर अर्पणा, और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व नॉन-टीचिंग स्टाफ उपस्थित थे।

## हुरदा-जोरपोंडा-सिमभूम सड़क जर्जर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के हुरदा से जोरपोंडा होते हुए सिमभूम तक जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सांसद व विधायक कोचे मुंडा को आवेदन देने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण की कोई पहल नहीं की गई। इसको लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को आवेदन पत्र सौंपकर शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है।जोरपोंडा ग्राम सभा अध्यक्ष राजेश बड़ाईक ने बताया कि पंचायत के विभिन्न गांवों में बड़ी मात्रा में सब्जी की खेती होती है। यहां की सब्जियां हर सीजन में राउरकेला, रांची और मनोहरपुर जैसे बड़े शहरों में भेजी जाती हैं। लगातार सब्जी परिवहन व ग्रामीणों के निजी कार्यों के लिए वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन सड़क की जर्जर हालत के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि बरसात में सड़क पर कीचड़ भर जाने से हालात और बिगड़ जाते हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने विधायक से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि कृषि कार्य और दैनिक आवाजाही में सुविधा हो सके।

## सड़क हादसे में मृत बस सहचालक के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**सिमडेगा।** सिमडेगा मोटर वर्कर यूनियन ने बुधवार को सड़क दुर्घटना में मृत यात्री बस के सह चालक रोशन मिंज के परिजनों को आर्थिक मदद प्रदान की। यूनियन के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राजेंद्र सिंह, मो. रुफी, सुरजीत सिंह, विजय प्रसाद, मुस्ताक और बॉबी बुधवार को मृतक रोशन मिंज के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।इस दौरान यूनियन की ओर से मृतक की पत्नी रेजीना मिंज को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मौके पर यूनियन अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा कि यूनियन हर संभव मदद के लिए हमेशा परिजनों के साथ खड़ी रहेगी।गौरतलब है कि पिछले दिनों मून लाइट नामक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बस में सवार सह चालक रोशन मिंज की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड समन्वयक समिति की बैठक

## स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तृत चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वयक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि भारत को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए पिछले दिनों विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि बानो प्रखंड में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ी हैं, इसलिए ग्रामीणों को जागरूक करना जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में सर्पदंश के उपचार हेतु पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने अपील की कि यदि सर्पदंश की घटना हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो को सूचित करें, ताकि समय पर इलाज हो सके और लापरवाही से बचा जा सके।डॉ. कुमार ने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए गर्भवती महिलाओं का तीन माह में ही पंजीकरण होना चाहिए, जिससे मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहें। इसके साथ ही बच्चों को समय पर टीकाकरण दिलाने के महत्व पर भी जोर दिया गया।बैठक में टीबी उन्मूलन पर चलाए जा रहे '100 डेज' कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा की गई। जिला सहित सभी 16 प्रखंडों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। टीबी का संस्थागत इलाज सीवाई-टीबी के अंतर्गत किया जा रहा है।बच्चों में कुपोषण रोकने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में 10 बेड वाला उपचार केंद्र बनाया गया है। वर्तमान में यहां मात्र तीन बच्चे भर्ती हैं। डॉ. कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से गांव-टोले में जागरूकता बढ़ाकर इस केंद्र के खाली बेड भरे जा सकते हैं।

## किशोरी का अपहरण और सहेली का यौन शोषण के मामले में आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में 27 जुलाई को नाबालिक किशोरी का अपहरण कर एवं उसकी नाबालिक सहेली का यौन शोषण करने के विरुद्ध थाना में उनके परिजनों के द्वारा कोलेबिरा थाना में आरोपी युवक के खिलाफ लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। जिसके आधार पर कोलेबिरा थाना कांड संख्या 67/2025, रविवार को धारा-137(2)/65(1)/126(2)/127(2) बीएनएस 2023 एवं 4/6/8 पोक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत मामला अंकित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सिमडेगा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोलेबिरा पु.अ.नि. हर्ष कुमार साह, कांड का अनुसंधानकर्ता पु.अ.नि. सकलदेव महत्व एवं थाना सशस्त्र बल के साथ इस घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध सघन छापामरी कर घटना में संलिप्त अजय जड़िया उम्र 20 वर्ष पे०नवेल खड़िया गांव पाड़ो टोंगरीटोली थाना बानो जिला सिमडेगा को गिरफ्तार किया गया एवं इस घटना में उसके एक अन्य सहयोगी नाबालिक साथी को विधि विरूद्ध निरूद्ध किया गया है।घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर PB36E-7668 को भी बरामद किया गया है।पुलिस कांड के अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान जारी रखी है।छापामारी दल में थाना प्रभारी कोलेबिरा हर्ष कुमार साह,पु.अ.नि. सकलदेव महतो,ह.सुखदेव उरांव,आ.236 रेशमनी दास और सशस्त्र बल शामिल थे।

## कोरोंजो में हाथी प्रभावित परिवार से मिले कांग्रेस नेता, मुआवजे का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के दुमकी पंचायत अंतर्गत कोरोंजो गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने कहर बरपाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे हाथी ने आलर बिलुंग (पिता स्व. हाबिल बिलुंग) के घर पर हमला कर घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी ने घर में रखे अनाज सहित कुर्सी, टेबल, पलंग, बर्तन आदि कई सामान नष्ट कर दिए। घटना के दौरान परिवार के सदस्य डर के मारे एक कोने में दुबक गए और शोर मचाकर किसी तरह हाथी को भगाने में सफल रहे।सुबह घटना की सूचना कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी को दी गई। विधायक ने तत्काल कांग्रेस नेता एवं प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज और विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारु को प्रभावित परिवार से मिलने और हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया। निर्देश पाकर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मो. कारु सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।इस दौरान प्रभावित परिवार को सहयोग स्वरूप एक बोरी चावल दिया गया, क्योंकि हाथी ने उनका सारा राशन खा लिया था। नेताओं ने आवेदन लिखकर देने की सलाह दी और मुआवजे की राशि जल्द से जल्द दिलाने का आश्वासन दिया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुशील बोदरा, बिजय बिलुंग, सुनील और सहबाज सहित अन्य लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों की बढ़ती गतिविधियों पर नियंत्रण करने की मांग की है।

## रफी नाइट की संस्कृति समिति में नाम जोड़ने पर पत्रकार संघ का विरोध

नवीन मेल संवाददाता

● दो पत्रकारों ने समिति में शामिल होने से किया इनकार

**सिमडेगा।** जिले में आयोजित होने वाले रफी नाइट कार्यक्रम के लिए जिला खेल पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित संस्कृति समिति में पत्रकार संघ के दो सदस्यों के नाम बिना अनुमति शामिल किए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। सिमडेगा पत्रकार संघ के सदस्य विकास साहू और अफजल इमाम ने संघ को सूचना दी कि उन्हें समिति में शामिल किए जाने की जानकारी पहले से नहीं थी। यह मामला तब सामने आया जब कुछ अखबारों में समिति की सूची प्रकाशित हुई। पत्रकार संघ के अध्यक्ष ने इस पर आपत्ति जताते हुए समिति के अध्यक्ष एवं खेल पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा।संस्कृति समिति के अध्यक्ष एवं डीडीसी दीपांकर चौधरी ने कहा कि वे संबंधित बैठक में उपस्थित नहीं थे और यह जांच की जाएगी कि दोनों पत्रकारों के नाम समिति में किसने जोड़े। वहीं जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर जल्दबाजी में बैठक हुई थी, जिसके कारण तैयारी का अवसर नहीं मिल सका। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम सरकारी फंड से आयोजित नहीं किया जा रहा है।

**दूषित मानसिकता** | जिला प्रशासन चलाएगा व्यापक जागरूकता अभियान : डीसी कंचन सिंह

# सुरक्षित नहीं हैं बेटियां, बढ़ गई है दुष्कर्म की घटनाएं

- जिले में बेटियों की सुरक्षा पर गंभीर संकट।
- पिछले 7 महीनों में लगभग 48 दुष्कर्म के मामले सामने आए

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जंगलों पहाड़ों से भरी प्राकृतिक सौंदर्य का जिला सिमडेगा के अब दूषित मानसिकता से विकृत होने लगा है। सिमडेगा में सुरक्षित नहीं हैं बेटियां, क्योंकि जिले में बढ़ने लगी है दुष्कर्म की घटनाएं। जो जिले के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है।सिमडेगा में सुरक्षित नहीं है बेटियां। हाल के दिनों में बेतहाशा बढ़ी है दुष्कर्म की घटनाएं। विकृत होने लगा है युवा पीढ़ी। सिमडेगा में पिछले छह महीनों में अगर सरकारी आंकड़ों को देखें तो पिछले सात माह में लगभग चार दर्जन दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन और समाज पर उंगली उठी लगा है कि आखिर ये क्या और क्यों हो रहा है सिमडेगा में। क्यों सिमडेगा का शुद्ध वातावरण विकृत होने लगा है। क्या हो गया है यहां की युवा होती पीढ़ी को। पुलिस आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी माह में दुष्कर्म के 12 घटनाएं दर्ज की गई थी। वही फरवरी माह में दुष्कर्म 06 घटनाएं, मार्च महीने में दुष्कर्म की पांच घटना, अप्रैल में दुष्कर्म की आठ घटनाएं, मई में दुष्कर्म की तीन घटनाएं, जून में 05 घटनाएं और जुलाई में दुष्कर्म की 07 घटनाएं सामने आई है। सिमडेगा में पैदा होते ऐसे विकृत परिवेश को देख कर नेता और समाज सेवी भी काफी चिंतित है। इस संदर्भ में जब हमने सिमडेगा की आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की से बात की तो उन्होंने कहा कि इस दिशा में जिले के लिए कोई एक्शन प्लान नहीं बना है जो विकृत होते समाज को सही दिशा दे सके। साथी उन्होंने कहा कि दुष्कर्म जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस भी विफल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जिले में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही है।



### लव जिहाद को बताया दुष्कर्म मामलों का मुख्य कारण

सिमडेगा के परिवेश में युवा पीढ़ी में आई मानसिक विकृति और बढ़ी दुष्कर्म मामले पर चिंता जाहिर करते विहिप सिमडेगा के जिला अध्यक्ष कौशल सिंह राज देव ने कहा कि दुष्कर्म के मामलों में ज्यादातर लव जिहाद से जुड़े मामले नजर आते हैं। जो गंभीर मामला है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दुष्कर्म मामले में कड़े एक्शन लेने और उसे मीडिया तक लाने की मांग की है। जिससे दुष्कर्म करने का विचार रखने वालों तक कड़ी करवाई का संदेश मिल सके।जिला प्रशासन से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लगा सके और यहां की बेटियां सुरक्षित रह सके। जिले में बढ़ते दुष्कर्म के मामलों पर जब सिमडेगा डीसी कंचन सिंह से बात की गई तो उन्होंने भी ऐसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि, सिमडेगा जिला प्रशासन जल्द ही व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएगी।

### प्रखंड मुख्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# प्रखंड में कक्षा 8 वीं के छात्र - छात्राओं के बीच हुआ साइकिल का वितरण : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**तिसरी।** झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों के छात्र - छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकल का वितरण किया जा रहा है. इसी क्रम में बुधवार को तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ मनीष कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एस. के. पोद्दार,सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला मंत्री मनोज यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुनिबुद्दीन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, लक्ष्मण मोदी, सोनू हेमब्रम, संतोष गुप्ता के हाथों मुख्यालय स्थित मॉडल स्कूल और मध्य विद्यालय बालक के बच्चों के बीच साइकल का वितरण किया गया. बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत तिसरी प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 वीं के अनुसूचित जाती, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र - छात्राओं के बीच 2046 साइकल का वितरण और किया जाना है, जिसकी शुरुआत आज से हो चुकी है। बीडीओ ने कहा कि स्कूल में छात्र और छात्राएं काफी दूर दराज से आते हैं और वह पैदल चलकर स्कूल तक पहुंचते जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को साइकिल मिलने से काफी सुविधा हुई है अब वह आसानी से स्कूल आ जा सकता है। सरकार चलाई गई यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है।

## महिला सुरक्षा व अधिकार को लेकर आजीविका न्याय केंद्र के सलाहकार समिति का गठन

बरही । महिलाओं की सुरक्षा व आजीविका को लेकर जेएसएलपीएस की अगुवाई में प्रखंड सभागार में एक आवश्यक बैठक हुई. जिसमे मुख्य रूप से बीडीओ जयपाल महतो, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, डालशा के प्रतिनिधि, संकुल स्तर से कलस्टर कोऑर्डिनेटर, सभी पंचायत से जेंडर सीआरपी और संकुल संगठन का ओबी मेंबर्स बैठक में शामिल हुए. इस बैठक में लिंग भेद संबंधित घरेलू व सामाजिक विवाद/हिंसा और उनके अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संकुल स्तरीय संगठन जेंडर रिसोर्स सेंटर का गठन किया गया. साथ हीं इसकी रक्षा और पर्यवेक्षण के लिए आजीविका न्याय सलाह केंद्र भी बनाए गए. जो घरेलू हिंसा, डायन उत्पीड़न, यौन प्रताड़ना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से बहिष्कृत महिलाओं की शिकायतों के समाधान करेगा. इसके लिए पीड़ित महिलाए दीदी ग्राम संगठन जैसे मंचों से या व्यक्तिगत रूप से जानकारी दे सकते हैं.

## 5 माह से वेतनविहीन सफाईकर्मी हड़ताल की कगार पर शासन-प्रशासन से की हस्तक्षेप की मांग

**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा में श्री श्याम एसडब्लूएम प्रा. लि. के संरक्षण में कार्यरत सफाईकर्मी आगामी 31 जुलाई 2025 को पाँच माह बिना वेतन पूरा कर लेंगे। सफाईकर्मियों का कहना है कि वे लगातार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक शोषण का सामना कर रहे हैं। तीन माह पूर्व नगर प्रशासक द्वारा 8 दिनों में भुगतान का आश्वासन दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका है। इसके पश्चात श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में तीन बार त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई, जिसमें कम्पनी के हेड मैनेजर श्री संजीव कुमार ने हर बार 1-2 दिन में वेतन भुगतान का भरोसा दिया, लेकिन वह भी केवल आश्वासन तक सीमित रहा। सफाईकर्मी सामूहिक रूप से कहना चाहते हैं कि वे जनता को असुविधा नहीं देना चाहते, लेकिन अगर एक सप्ताह के भीतर वेतन भुगतान नहीं हुआ, तो हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जवाबदेही नगर प्रशासन पर होगी। हम, झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ, उपायुक्त लोहरदगा से पुनः आग्रह करते हैं कि दलित-पीड़ित सफाईकर्मियों की पीड़ा को समझें और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप करें। महासंघ आपके सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगा। त्योहार बिना भोजन, इलाज के अभाव में गई जान इस लंबे अंतराल में सफाईकर्मियों के समक्ष अनेक विकट परिस्थितियाँ उत्पन्न हुईं। वर्षा ऋतु में बीमार बच्चों का इलाज न हो पाने के कारण सफाईकर्मी बीरजू उरांव की पुत्री की मृत्यु हो गई। त्योहार बिना राशन के बीत गए, दुकानदार उधार देने से इनकार करने लगे। जो थोड़ी बहुत जमीन थी, उसमें खेती करना भी अब असंभव हो गया है। वंचित हैं सभी मूल अधिकारों से सफाईकर्मियों को न ही वेतन, न भत्ता और न ही बोनस उपलब्ध कराया गया है—जो अन्य नगर परिषदों के सफाईकर्मियों को सुलभ है।

## न्यूज बॉक्स

### गुमगी बाईपास में ट्रक और हाइवा का आमने सामने से हुई टक्कर , कोई हताहत नहीं



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी - गांवा मुख्य सड़क स्थित सिंघो बाईपास के पास बुधवार की दोपहर हुई हाइवा और मालवाहक के बीच आमने सामने की टक्कर के बाद मालवाहक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की गई स्टोन पीचिंग पर चढ़ गई. हालांकि इसे भ्रष्टाचार का साइड इफेक्ट कहें या किस्मत! गाड़ी के दबाव से स्टोन पीचिंग वहीं धंस गया. जिसके कारण वह गाड़ी वहीं रुक गई वरना उससे नीचे 12 फीट गड्ढे में जा गिरती. हादसे में मालवाहक का चालक वाहन में ही फंस गया था जिसे स्थानीय लोगों ने निकाला. मिली जानकारी के अनुसार मालवाहक में धनबाद से सोयाबीन लोड कर नवादा और बिहारशरीफ ले जाया जा रहा था. इसी क्रम में सिंघो बाईपास सड़क के पास सामने से आ रही एक हाईवा ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर मारने वाला हाइवा मौके से फरार हो गया, वहीं घटना की जानकारी पर तिसरी पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई.मौके पर जुटे लोग कानाफुसी करते दिखे कि भ्रष्टाचार के कारण ऐसा हुआ वरना बड़ा हादसा हो सकता था.

### 1.5 करोड़ के आभूषण लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार



**बोकारो।** चास मार्केट में ज्वेलरी शॉप से 1.5 करोड़ के आभूषण लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बोकारो एसपी ने बताया कि बरामद किए गए जेवरात में सोने जैसे दिखने वाले 3 छोटे-बड़े हार, 5 कंगन, 4 मंगलसूत्र, 5 महिलाओं की अंगूठी, 25 जोड़ी कान की बालियां, चांदी जैसे 19 बिछियाा और 25 ग्राम चांदी शामिल हैं।

### श्रद्धालुओं का जत्था 1200 फीट गुफा में भोलेनाथ के जलाभिषेक कर टांगीनाथ पहुंचा

**लोहरदगा।** श्रावण माह के पावन अवसर पर हिंदूवादी संगठन लोहरदगा जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में बुधवार सुबह 8 बजे पावरगंज चौक से श्रद्धालुओं का विशाल जत्था बसों से गढ़गांव की 1200 फीट ऊंची प्राचीन गुफा में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और गुमला जिले के प्रसिद्ध टांगीनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ। महिला, पुरुष और बच्चों समेत लगभग 250 श्रद्धालु इस दिव्य यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने महादेव मंडा, बूढ़ा महादेव और छोटा अमरनाथ के नाम से प्रसिद्ध गढ़गांव की प्राचीन गुफा में जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कठिन 1200 फीट ऊंचाई तक की चढ़ाई में कई भक्तों को कठिनाई हुई, जहां झखरा जय श्रीराम समिति के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय सहयोग दिया। समिति ने असमर्थ श्रद्धालुओं को मोटरसाइकिल और छोटी गाड़ियों से ऊपर तक पहुँचाया, जिसके लिए भक्तों ने आभार व्यक्त किया। गुफा दर्शन के बाद श्रद्धालु टांगीनाथ धाम पहुंचे, जहां भक्ति और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे रास्ते माताएं और बहनें भजन-कीर्तन करती रहीं, ढोल-मंजीरे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और हर तरफ हर-हर महादेव तथा जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। टांगीनाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मंगलकामनाएं मांगी और इसी पावन स्थल पर जय श्रीराम समिति की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत ज़रूरतमंदों की कर रही है स्वास्थ्य सहायता : निशीथ

**लोहरदगा।** जिले के सदर अस्पताल में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आवश्यक बैठक सिविल सर्जन राजू कच्छप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शामिल हुए और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। भंडरा के भिट्ठा निवासी गायत्री देवी को गंभीर बीमारी स्वास्थ सहायता अन्तर्गत राशि 4,99'412 एवं तिवारी दुरा कोयरी मुहल्ला लोहरदगा निवासी कमल कांत मौर्य को किडनी प्रत्यारोपण के लिए राशि 7,45,400 और ओयना हिरही निवासी जहाना ख़ातून को कैंसर बीमारी के इलाज के लिए राशि 4,98,698 प्रदान किया गया। मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि झारखंड सरकार सभी कार्यों को करने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत ज़रूरतमंदों की बेहतर स्वास्थ्य सहायता कर रही है इसी को लेकर आज लोहरदगा जिला अंतर्गत गंभीर बीमारी से जूझ रहे रोगियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई ताकि वे सुचारु रूप से अपना इलाज करा सके और स्वास्थ्य लाभ पा सकें। हमारे स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव स्वास्थ्य सहायता के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल से लेकर रिम्स तक की सुविधा के लिए प्रयासरत है और बराबर इसकी समीक्षा करते रहते हैं ,झारखंड सरकार गंभीर बीमारियों के निदान पर एकमुश्त लाभ प्रदान करती है जो रोगियों को मनोबल प्रदान करता है यह लाभ चिकित्सा खर्चों, खोई हुई आय और अन्य वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद करता है।

## एलएन मिश्र कॉलोनी में 'साज द फैमिली सैलून' का हुआ शुभारंभ



**रांची।** राजधानी रांची के इटकी रोड स्थित ललित नारायण मिश्र कॉलोनी में बुधवार को 'साज द फैमिली सैलून' का शुभारंभ हुआ। निवर्तमान पार्षद अरुण कुमार झा ने फीता काटकर 'साज द फैमिली सैलून' का शुभारंभ किया। प्रोपराइटर रीना मिश्रा एवं शरत मिश्रा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर निवर्तमान पार्षद अरुण कुमार झा ने स्थानीय समाज के लिए नजदीक में महानगर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रोपराइटर रीना मिश्रा एवं शरत मिश्रा को बधाई दी। बताया गया कि 'साज द फैमिली सैलून' में महिला एवं पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। सैलून में बाल कटिंग, स्टाइलिंग, हेयर स्पा, फेशियल, मैनीक्योर, पैडीक्योर, वैक्सिंग, मेकअप, नेल एक्सटेंशन, ब्राइडल मेकअप आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कुशल कामगार सुरक्षित एवं आकर्षक सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर प्रोपराइटर रीना मिश्रा एवं शरत मिश्रा के अलावे ब्रज किशोर झा, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, घनश्याम पांडेय, रवि रोहतगी, अशोक कुमार झा, दिव्य नारायण झा, प्रिंस सिंह, राम नारायण सिंह, शतीष झा, हीरा झा, रिंकी सिंह, बिभा तिवारी, बबिता झा, सुशीला झा, नेहा यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। लोगों ने घूम-घूम कर सारी सुविधाओं का अवलोकन किया और अंत में अल्पाहार का आनंद लिया। ओनर ने लोगों से कई तरह के ऑफर का लाभ उठाते हुए सैलून में आने का आग्रह किया।

### उपायुक्त ने नवोदय विद्यालय, गांडेय का किया निरीक्षण

# परीक्षा की तैयारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज गांडेय प्रखंड अंतर्गत संचालित नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षा का स्तर कैसा है, और छात्र क्या सीख रहे हैं समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उपायुक्त ने शैक्षणिक गतिविधियां, पेयजल, शौचालय, आधारभूत संरचना, किचेन शेड, बच्चों को मिल रही भोजन की गुणवत्ता आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति, साफ-सफाई तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही छात्रों की पढ़ाई में आ रही चुनौतियों की जानकारी लेकर समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में रखे उपस्थिति पंजी, सामग्री पंजी व अन्य अभिलेखों की भी जांच की। उन्होंने कहा कि बच्चों का समग्र विकास, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक सुनिश्चित करना शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर राज्य और देश का भविष्य टिका है। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र देवघर में नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में नवाचार पर विचार गोष्ठी आयोजित




देवघर। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र देवधर द्वारा जारी नयी शिक्षा नीति 2020 के पाँच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में नवाचार को बढ़ावा" इस अवसर पर डॉ. विद्यासागर फाउंडेशन स्कूल ऑफ एडुकेशन एंड ट्रेनिंग, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल के प्राचार्य डॉ. दिनकर दीक्षित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विषय पर बोलते हुए नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बेहतर पठन-पाठन के लिए आधारभूत संरचना, तकनीकी प्रबंधन व प्रशासन इत्यादि विषयों में नवाचार की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने नयी शिक्षा नीति 2020 में निहित मूल बिन्दुओं की चर्चा करते हुए नवाचार की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने नवाचार की राह में आने वाली बाधाओं और चुनौतियों का भी जिक्र किया। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यक्तिगत सृजनात्मक चिंतन, प्रशासनिक सहयोग तथा व्यक्तिगत पहलों में सामंजस्य स्थापित कर यह उद्देश्य पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक श्री अरविन्द मनोज कुमार सिंह ने इग्नू द्वारा नयी शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर निर्णायक भूमिका निभाते हुए कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसमें चार वर्षीय पाठ्यक्रम को लागू करना, ऑनलाइन शिक्षा, तकनीकी व डिजिटाइजेशन, समावेशी शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा संस्कृति के संरक्षण संबंधित कार्यक्रम की शुरूआत, अंतराष्ट्रीय समझौते, भारतीय भाषाओं में कार्यक्रमों की शुरूआत इत्यादि के बारे में बताया।

## ढाबों-होटलों में बिक रही थी अवैध शराब, एसडीएम की छापेमारी में बड़ा खुलासा, 5 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

गिरिडीह, खोरीमहुआ। अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेश रंजन के नेतृत्व में राजधनवार थाना और घोरथम्बा ओपी क्षेत्र स्थित कई ढाबों और लाइन होटलों पर छापेमारी की गई, जहां से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें विभिन्न ब्रांड की अवैध विदेशी शराब और बीयर की दर्जनों बोतलें जब्त की गईं। छापेमारी के दौरान मौके से ढाबा और होटल संचालकों समेत कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इन ढाबों और होटलों में लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिल रही थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए यह कदम उठाया गया। अनुमंडल प्रशासन ने साफ किया है कि आगे भी इस तरह की अवैध

## अपनी संतान के साथ श्री कृष्ण जैसा बर्ताव रखो : साध्वी मीणा



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री कृष्ण बीतक कथा के चौथे दिन बुधवार को वृंदावन की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा महाराज एवं विदुषी पूर्णा महाराज ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। बीतक कथा का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में हुआ है। चौथे दिन की कथा मे विदुषी साध्वी मीणा महाराज ने श्री कृष्ण की मार्मिक कथा के इस प्रसंग में कहा, हे माता अपने घर जो संतान आती है, उनके साथ श्री कृष्ण जैसा बर्ताव रखो। क्या पता तुम्हारे घर में कोई अवतारी पुरुष आ जाए। नारी निंदा ना करो, नारी रतन की खान। नारी ने ही जन्म दिया, राम कृष्ण हनुमान। इस संसार में नारी की कितनी बड़ी महिमा है। इस प्रकार निजानंदाचार्य जी श्री देवचंद्र महाराज ने श्री कृष्ण प्रणामी धर्म को विश्व विख्यात बनाने के लिए किस प्रकार प्रारंभ कियाद्ध। श्री देवचंद जी के चरणों में मिहिराज ठाकुर आए, जो बाद में महामति प्राणनाथ जी के नाम से विश्व मे प्रसिद्ध हुए। प्रेम छुपाये ना छुपे जा घर प्रगट होय। जो पे मुख बोले नहीं तो नैन देत है रोए। किसी व्यक्ति में प्रेम है तो वह प्रेम छुपा नहीं सकता परमात्मा के चरणों के प्रति प्रेम का उदय हो वह प्रेम कभी छुपाए नहीं छिपता, मुख से बोलकर नहीं सुनाता है कि मैं प्रेमी हूं। इस प्रकार गुरु शिष्य का प्रेम होना चाहिए।

### सड़क पर बने गड्ढे में पलटा टेंपो, बाल-बाल बचा चालक ग्रामीणों

# ग्रामीणें की चेतावनी : दो दिन में नहीं हुई मरम्मत तो सड़क पर रोपेंगे धान

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेंगाबाद।** बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग स्थित छोटकी खरगडीहा के समीप मंगलवार को एक टेंपो गहरे गड्ढे में असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, जबकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। यह घटना एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और पथ निर्माण विभाग की लापरवाही को उजागर करती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में कई जगहों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी ने जानकारी दी कि इस संबंध में 3 मई 2025 को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को लिखित आवेदन देकर मरम्मत की मांग की गई थी। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को भी इसी सड़क पर एक पिकअप वाहन गड्ढे में फंस गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीर घंटों परेशान रहे। स्थानीय लोग ट्रैक्टर की मदद से फंसे वाहन को बाहर निकालते नजर आए। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि सड़क की स्थिति दिन पर दिन बद से बदतर होती जा रही है। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो वे प्रतीकात्मक विरोधस्वरूप सड़क पर धान की रोपनी करेंगे। ग्रामीण महेंद्र प्रसाद वर्मा, बाबू चांद साह, सुभाष राणा एवं राम प्रसाद महतो का कहना है कि यह कदम विभाग की उदासीनता को दर्शाने और प्रशासन को जगाने के लिए उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क अब सिर्फ खेती लायक बची है, यातायात के लायक नहीं।

### राष्ट्रपति के दौरे से पहले एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल स्थगित, सेवा बहाल

**धनबाद।** झारखंड में 108 एंबुलेंस के चालकों व कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दो दिनों के लिए स्थगित कर दी गई है. यह निर्णय बुधवार को धनबाद के सिविल सर्जन के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एक अगस्त को धनबाद दौरे को ध्यान में रखते हुए हड़ताल स्थगित की गई है. यह हड़ताल भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के बैनर तले की जा रही थी, जिसमें राज्यभर के 2500 से अधिक एंबुलेंस कर्मी शामिल हैं. कर्मियों का आरोप है कि उन्हें छह महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है. एंबुलेंस यूनियन के प्रतिनिधियों ने बताया कि बुधवार को सिविल सर्जन के साथ हुई वार्ता में प्रशासन ने उनकी मांगों को राज्य सरकार और संबंधित एजेंसी तक पहुंचाने का भरोसा दिया है.

**झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
पंजीकृत कार्यालय, जे.यू.एस.एन.एल. भवन, कुसाई कॉलोनी, डोरण्डा, राँची–834002
उपमहाप्रबंधक का कार्यालय, संचरण अंचल, हजारीबाग
अंचल कार्यालय:- श्रृंगारी कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल्ला, कनहरी हिल पथ, मोंटफोर्ट विद्यालय के निकट, हजारीबाग–825301

**प्रेस विज्ञप्ति**
**सार्वजनिक आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 400 के0 वी0 द्विपथ Quad Moose पतरातु (कटिया) से 400 के0 वी0 स्वीचयार्ड PVUNL (पतरातु) संचरण लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त संचरण लाईन दिनांक 31.07.2025 को 13:00 hrs. या इसके पश्चात् किसी भी समय उच्च शक्ति (400 के०वी०) विद्युत का प्रवाह प्रारम्भ किया जा सकता है।

यह नव–निर्मित संचरण लाईन रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रो यथा कटिया, बरतुआ, कोतो एवं सांकुल से होकर गुजर रही है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विद्युत संचरण लाईन के टॉवरों (खंभा), तार इत्यादि पर चढ़ने या छूने का प्रयत्न न करे, क्योंकि ऐसा करने से जीवन की हानि होने की संभावना है। उपरोक्त सूचना हिदायत के विरूद्ध यदि किसी ने कोई कार्यवाही की जिसके फलस्वरूप किसी प्रकार की कोई हानि होती है तो इसके लिए झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड किसी भी प्रकार का उत्तरदायी/जिम्मेदार नही होगा।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/–
उपमहाप्रबंधक,
संचरण अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.358587 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

हमेशा सहज रहने की चाह में आप आलसी हो जाते हैं, हमेशा पूर्णता की चाह में, आप क्रोधित हो जाते हैं, हमेशा अमीर बनने की चाह में आप लालची हो जाते हैं। - श्री श्री रविशंकर जी

## संपादकीय

# भाषा विवाद व राज्यपाल का संदेश

कहा जाता है महाजनो येन गतः स पन्थाः" यानी "जिस मार्ग पर महान व्यक्ति चलते हैं, वही मार्ग सही है।" झारखंड के पूर्व वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भले ही तमिल भाषी हों, लेकिन मराठी गौरव बोध के बहाने जारी भाषा विवाद में हस्तक्षेप करके उन्होंने एक तरह से अपने दायित्वबोध को ही जाहिर किया है। वह मानते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय व्याप्ति के लिए हिंदी का सहयोग जरूरी है। 1968 में तमिलनाडु में हिंदी को राजभाषा बनाने के खिलाफ हिंसक आंदोलन हो चुका है। राधाकृष्णन ने उस आंदोलन की हिंसक तपिश महसूस की है। फिर भी, हिंदी सीखना उनकी चाहत रही है। हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है। वह मानती है कि अगर हिंदी विरोध की आंच से झुलसने का उसे अंदाजा होता, तो हिंदी के विरोध में वह अपनी जिंदगी और अपने सपनों को होम नहीं करती। राज्यपाल ने सिर्फ यह कहा है कि किसी को पीटने के बाद क्या वह तत्काल मराठी बोलने लगेगा। निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है। सीपी राधाकृष्णन 1998 और 1999 में लगातार दो बार कोयंबटूर से चुने गए थे। उन दिनों वह तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष भी रहे। उसी दौर की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा है कि एक बार वह तमिलनाडु में कहीं जा रहे थे, तो तमिल न बोलने के चलते स्थानीय भाषा आंदोलनकारी कुछ हिंदी भाषी लोगों को पीट रहे थे। इसके लिए उन्होंने हिंदी भाषियों से माफी मांगी और तमिल बोलने की जिद करने वाले लोगों से कहा था कि क्या उनके हाथों पिट जाने के बाद कोई तत्काल तमिल बोल पाएगा। भारत की हर भाषा और उसे बोलने वालों का सम्मान हो, इस सोच को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत की भाषाएं आपस में बहनें हैं। इस भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है। बहुभाषी भारत में कहावत है कि कोस-कोस पर पानी बदले, तीन कोस पर बानी, यानी कुछ ही दूरी पर भाषा का स्वरूप बदल जाता है। लेकिन क्या व्यक्ति इसका व्यवहार करना छोड़ देता है, क्या कुछ दूरी पर बदली भाषा से वह घृणा करने लगता है। भाषाओं की दुनिया किसी राष्ट्र की चौहद्दी नहीं है कि बाड़ लगाकर उन्हें रोक दिया जाएगा, भाषाओं का समाज नदी के पाट की तरह भी नहीं है कि उनके किनारों को बांध बनाकर रोक दिया जाएगा और उसके पानी को नियंत्रित कर लिया जाएगा। दरअसल, भाषाएं नदी के प्रवाह की तरह हैं। जिस तरह हर नदी का अपना प्रवाह है, उसके प्रवाह की अपनी ध्वनि है, कुछ ऐसा ही हाल हर भाषा का है। राज्यपाल के बयान का मकसद भाषाओं की दुनिया की इसी खूबसूरती और उनके गौरव बोध से लोगों का परिचय कराना है। महाराष्ट्र में मराठी बोली जाए या तमिलनाडु में तमिल का व्यवहार बाकी भाषाओं की तुलना में बेहतर हो, इससे भला किसी को क्यों इन्कार होगा। लेकिन मराठी और तमिल को बेहतर बताने और हिंदी या अन्य दूसरी भाषा को कमतर बताने की सोच को स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपनी भाषा के कथित गौरव बोध के नाम पर हिंसा का सहारा लेना कतई उचित नहीं है। ऐसा करना एक तरह से कानून-व्यवस्था का मामला बन जाता है। ऐसे में राज्यपाल का यह कहना उचित ही है कि कानून-व्यवस्था ठीक नहीं रहेगी, तो निवेशक राज्य में आने से बचेंगे, निवेश घटेगा तो राज्य में उत्पादक इकाइयां कम होंगी, इससे रोजगार घटेगा और राज्य का राजस्व भी। भाषा की राजनीति को इन तथ्यों को भी समझना होगा। उसे देखना होगा कि भाषा के प्रति प्यार अराजकता का जरिया न बने।

*हिंदी विरोध की आंच में पली-बढ़ी तमिलनाडु की एक पूरी पीढ़ी आपसी बातचीत में मानती है कि उसने क्या खोया है।*

31 जुलाई कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती पर विशेष

# आज भी प्रासंगिक है प्रेमचंद का विस्तृत रचना संसार



भारत के गांवों की जीवंत कहानी रचने वाले कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां आज भी प्रासंगिक हैं और उनका उनका रचना संसार लोगों को अपना दर्द लगता है । उनकी कहानियों के पात्र आज भी बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में उसी तरह संघर्षरत हैं। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुकुमरानों से उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह सामाजिक बदलाव के लिए आंदोलनरत हैं जब इन्हें लिखा गया था । सवाल है कि इतना कुछ बदल जाने के बावजूद आज भी उनकी कहानियों के पात्र उसी तरह लाचार, बेबस और निसहाय क्यों हैं ? हम सब विकास और आधुनिकता की जितनी भी बातें कर लें, लेकिन गांवों और कस्बों की सूरत अभी नहीं बदल पाई है । इन्हीं गांवों और कस्बों की सूरत को बदलने के लिए मुंशी प्रेमचंद लगातार अपने पात्रों के माध्यम से समाज को आईना और संघर्ष के लिए उठ खड़े होने की प्रेरणा देते रहे थे। इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी । प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा ही बदल कर रख दी थी। उन्होंने समकालीन व पूर्व के लेखकों को कहानी रचनाकर्म की एक नई धारा से परिचित कराया था। उस कालखंड में यह बात प्रचलित थी कि हिंदी कहानियों में तिलस्म और ऐय्यारी का ही बोलबाला था । प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था ।

समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं ? समाज किस ओर जा रहा है ? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है ? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है ? उनका जीवन स्तर क्या है ? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं ? समाज में बच्चों की स्थिति क्या है ? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है ? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है ? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है ? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है ? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है ? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है ? ये अनेक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे इतने मार्मिक ढंग से चित्रित नहीं होते थे।

प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में एक परिवर्तन लाने का सार्थक प्रयास किया था। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के सच से लोगों को परिचित कराया। उनकी कहानियों का भारतीय जनमानस पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखे । इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां समाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। उनकी कृतियां सामाजिक मुद्दे पर समाज में एक नई चेतना लाना चाहती हैं। उनकी कृतियां समाज में एक नई बहस कराना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक परिवर्तन है ।

उनकी कहानियों को समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है। उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थी। उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है। प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे । गुलामी का दौर था । देश के स्वाधीनता सेनानी, देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आंदोलनरत थे। तब भला प्रेमचंद इस आंदोलन से कैसे अलग रह सकते थे ? उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था। वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे। फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था। यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था। वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों पर चलते भी रहे थे।

आज की बात



विजय केसरी

वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी । उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना ज्यादा थी । यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है। उनकी एक लोकप्रिय कहानी 'कफन' है,जो तत्कालीन समय , समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है। ग़रीबी और भूख क्या होती है ? इस बात को भी प्रस्तुत करती है । जब आदमी भूखा होता है, तब उसकी मानसिक अवस्था कैसी हो जाती है ? भूख आदमी को कितना नृशंस बना देती है ? इसकी भी तस्वीर कफन कहानी में उभर कर सामने आती है । इसके साथ ही मनुष्य जब मनुष्यता का त्याग कर देता है, तब वही मनुष्य, राक्षस के रूप में कैसे तब्दील हो जाता है। एक मनुष्य को दूसरे लाचार मनुष्य की पीड़ा भी सुनाई नहीं पड़ती है । कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य को सुनाई नहीं पड़ती है । मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है ? क्या हमारे समाज का सच यही है ? सुबह, प्रसव पीड़ा से कराह रही स्त्री के मरणोपरांत, उसके दाह संस्कार के लिए मिले कुछ पैसे का वे दोनों बाप बेटे कैसे दुरुपयोग करते हैं। प्रेमचंद ने इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया । मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है। इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं।

प्रेमचंद अपनी तमाम कहानियों के माध्यम से समाज के हर उथल-पुथल पर अपनी दृष्टि रखते हैं। एक परिवार में एक बहू की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बेटी की क्या भूमिका होनी चाहिए ? एक बहू का अपने ससुराल के प्रति क्या कर्तव्य होना चाहिए ? ऐसे पारिवारिक मुद्दे पर प्रेमचंद ने 'बड़े घर की बेटी' लिखकर पाठकों के बीच उनके ही आसपास घरों की घटनाओं को प्रस्तुत कर रख दिया। प्रेमचंद की कहानियों में समाज के अंतर्द्वंद्व, पीड़ा और शोषण की ध्वनि साफ सुनाई पड़ती है। प्रेमचंद के जमाने में गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी अपनी पराकाष्ठा पर थी । आम आदमी का जीवन स्तर बहुत ही निम्न कोटि का बन चुका था। वहीं शासक और जमींदार वर्ग बहुत ही शानदार जीवन जी रहे थे । उन्होंने समाज के इस दोहरे जीवन पर जमकर प्रहार किया है। एक ओर गरीबी, भुखमरी और लाचारी है, तो दूसरी ओर बड़े-बड़े आलीशान भवनों में रात में पार्टियां चल रही थीं ।

उन्होंने समाज में व्याप्त जात पात पर जोरदार प्रहार किया है। 'सवा सेर गेहूं' कहानी के माध्यम से उन्होंने ब्राह्मणवाद व्यवस्था पर जबरदस्त प्रहार किया है । प्रेमचंद का मानना है कि समाज में रहने वाले हर जाति, धर्म ,वर्ग और वर्ण के लोग एक हैं। सबों को ईश्वर ने बनाया है । तब जाति , धर्म, वर्ग ,वर्ण के नाम पर अलग-अलग क्यों हैं ? जात पात के नाम पर कितनी नृशंसता बढ़ती हैं ? किस तरह दलितों, वंचितों को समाज में दबाकर रखा जाता है। सवा सेर गेहूं के माध्यम से कहानीकार प्रेमचंद ने एक हरिजन की पीड़ा और बेबसी को पाठकों के बीच रखा है। उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से एक नव जागृति लाने का काम किया है। उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिलजुल कर रहने का संदेश दिया है। 'नमक का दरोगा' 'दो बैलों की कथा' 'पंच परमेश्वर' आदि कहानियां समाज के उसी यथार्थ पर बुनी गई हैं । बस जरूरत है, उसे समझने की ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## मोदी की लोकप्रियता को खबरों में कम आंकना सही नहीं

17 सितम्बर 25 के दिन का प्रधान मंत्री मोदीजी का मीडिया में खुब खबर चल रही है कि वो 75 साल के हो जायेंगे और क्रोई और होगा। इधर यह भी चर्चा में है उपराष्ट्रपति किसी दबाव में इस्तीफा दिए हैं और इसमें प्रधानमंत्री को भी घसीटा जा रहा और बहुत से यू टुबर ने इतना गन्दा राजनीती बयान दे रहें हैं कि उपराष्ट्रपति कँगना रनौत होगी ऐसा गलत संदेश पहुँचाना देश के प्रधानमंत्री का अपमान है। नारजगी है तो अगले चुनाव में उनके खिलाफ वोट दे देना लेकिन घटिया यू टुब मत बनाएं। इससे पढ़े लिखे लोग में आपके चैनल में गलत संदेश जाता है जो उनकी नहीं आपकी मानसिकता को गलत दृष्टिकोण से देखती है। देखिए ये लोकतान्त्रिक देश है इसमें संख्या बल देश को सरकार बनाती है आज ये बात सही है बीजेपी के पास बहुमत नहीं है लेकिन थोड़ा ही कम है मात्र 30 सांसद जो एनडीए के 292 सीट के साथ बहुमत में हैं 75 साल उम्र पर बहस करना प्रधानमंत्री जैसे पद के लिए ठीक नहीं है क्योंकि 2024 का चुनाव मोदीजी के नेतृत्व में लड़ा गया और एनडीए की सरकार बनी जहाँ तक किसी को लाने या ना लाने का प्रश्न है उसमें जब आप जीतते हैं तो सब आपके पीछे लग जाते हैं और जब हारते हैं तो भाग कर इधर उधर चले जाते हैं। मोदीजी भले ही 17 सितम्बर 25 को 75 साल के हो जाए, लेकिन प्रधानमंत्री लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः जब 2024 में सब कुछ स्पष्ट हो गया तो उम्र का सवाल ही पैदा नहीं होता ट्रम्प जो 79 साल के हैं वो अमेरिका के राष्ट्रपति है अतः किसी नेता के नाम की चर्चा करना की योगी होंगे, केंद्रीय मंत्री गडकरी होंगे या राजनाथ सिंह होंगे ये सब एक भर्मित करना और देश हित में नहीं है। आज किसी से पूछ लीजिएगा मोदीजी की लोकप्रियता सभी नेता से ज्यादा है और क्रोई एनडीए में अपना भी भविष्य देखेगा तो मोदी पर पूर्ण भरोसा होगा ऐसा इसलिए है कि उनके पास ना तो बहुत बड़ी संपत्ति है और ना ही परिवार लेकिन सभी लोग चाहते हैं प्रधानमंत्री के लिए 6राज्य यूपी, महाराष्ट्र,मप्र, गुजरात और बिहार बहुत महत्वपूर्ण हैं और ऐसे कर्नाटक भी है। लेकिन जब देश की बात आती है तो उप्र और बिहार को पहले देखा जाता है जहाँ बीजेपी का गढ़ है और वहाँ मोदीजी को लोग इसलिए पसंद करते हैं कि क्योंकि वहाँ महिलाओ, बुजुर्गो और युवाओ का बड़ा तपका उनके पक्ष में नजर आता है। 2014 चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि बीजेपी अब कभी सत्ता में नहीं आएगी। लेकिन मोदीजी को जनता ने पसन्द किया और जीत मिली जितने पर जो उनके खिलाफ भी थे सब ने भरे मन से नहीं लेकिन किसी पद की लालच में बाहबाहि लूटने की कोशिश की और कहीं राजयपाल कहीं मंत्री के रूप में जमे रहें और सभी जो पहले सत्ता का स्वाद चख चुके थे नहीं मिलने पर नाखुश हुए जो ठीक नहीं है अतः जो होगा वो भी प्रभु राम की मर्जी से होगा।

आपकी बात



संजय गोस्वामी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# तुलसीदास ने अपनी लेखनी से धर्म और भक्ति को जन-जन तक पहुंचाया

अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती रांची के उपाध्यक्ष सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गोस्वामी तुलसीदास जयंती का पर्व इस वर्ष 31 जुलाई दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। यह तिथि श्रावण मास की सप्तमी को पड़ती है जिसे महान संत कवि और भक्त गोस्वामी तुलसी दास जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। गोस्वामी तुलसीदास जयंती, भारतीय धर्म और साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन हम उन महान संत की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से धर्म, भक्ति, और आदर्श जीवन के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। महान ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 ग्रंथों की रचना की। सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस को मिली,ये उन्होंने सरल अवधि भाषा में लिखी। श्रीरामचरितमानस के बाद हनुमान चालीसा उनकी लोकप्रिय रचना है। गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान शिव और माता पार्वती के मार्गदर्शन से अपने जीवन में सगुण रामभक्ति की धारा को ऐसा प्रवाहित किया कि वह धारा आज भी प्रवाहित हो रही है। रामभक्ति के द्वारा न केवल अपना ही जीवन कृतार्थ किया अपितु जन-जन को श्रीराम के आदर्शों से बांधने का प्रयास किया।गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन एक प्रेरणा का स्रोत है। वे हिंदी साहित्य के महान कवि और संत थे, जिनकी काव्य रचनाएं विशेष रूप से भगवान राम के प्रति उनकी गहरी भक्ति को दर्शाती हैं। उनके प्रमुख ग्रंथों में 'रामचरितमानस', 'हनुमान चालीसा', 'दोहावली', और 'कवितावली' शामिल हैं। 'रामचरितमानस' उनकी सबसे प्रसिद्ध रचना है, जो वाल्मीकि की रामायण का हिंदी में सरल रूपांतरण है। इस ग्रंथ में भगवान राम की जीवनी को सरल और सरस भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे हर व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। उन्होंने अपना अंतिम समय काशी में व्यतीत किया और प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हुए अपने शरीर का त्याग किया एवं उनकी आत्मा प्रभु श्री राम में विलीन हो गई। उनके ग्रंथों में भगवान राम के जीवन के आदर्श पहलुओं को उजागर किया गया है, जो हर भक्त के लिए मार्गदर्शक हैं। 'हनुमान चालीसा' में हनुमान जी की शक्तियों और उनके भक्तों के प्रति असीम कृपा का वर्णन किया गया है, जो भक्तों को साहस और विश्वास प्रदान करता है। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर हम उनकी शिक्षाओं और रचनाओं की महत्ता को समझते हुए, अपने जीवन को धार्मिकता और भक्ति की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उनका जीवन और उनके ग्रंथ हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे, और हम उनकी उपासना के माध्यम से उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने काव्य में केवल धार्मिक भावनाओं को ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता सदाचार और करूणा जैसे मानवीय मूल्यों को भी स्थान दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को भगवान श्री राम के आदर्शों से जुड़ने का कार्य किया उन्होंने भक्ति को ही मोक्ष का मार्ग बताया और बताया कि प्रभु केवल भाव के भूखे हैं, जाति भाषा वर्ण के नहीं। गोस्वामी तुलसीदास जयंती केवल एक कवि या संत की जयंती नहीं है यह दिन हमें उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है आज जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से गुजर रहा है तुलसीदास जी के विचार उनकी भक्ति और साहित्य एक प्रकाश स्तंभ की भांति मार्गदर्शन करता है उनकी रचनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस युग में थी। रामचरितमानस की चौपाइयां में आज भी भारतीय संस्कृति की आत्मा बसती है तुलसीदास का जीवन काव्य और भक्ति अनंत काल तक मानवता को राह दिखाते रहेंगे।



अध्यात्म की बात



संजय सर्राफ

गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 31 जुलाई को

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पाक न था संबल , गयी बिना उड़े ही जान।
संबल ले उस 'पाक' का, पार गये हनुमान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# धनखड़ की महत्वाकांक्षा ने सिद्धांतों की दुहाई देने वाली सत्ता को किया बदरंग

जगदीप धनखड़ को अब जाट नेता के तौर पर प्रायोजित किया जा रहा है। जाति के एक संकुचित से दायरे में लाकर खड़ा कर देने वाला यह तर्क उस खेमे से आ रहा है जिसके कारण बीमारी के नाम उपराष्ट्रपति जैसे सम्मानित पद से इस्तीफा देने को लाचार धनखड़ आज उसी व्यूह रचना में फंस चुके हैं जहाँ से उन्होंने राजनैतिक पारी की शुरुआत की थी। अब कई बातों को लेकर चर्चाएं हो रही है कि परंपरा के विपरित निजी विदेश यात्रा पर गई धर्मपत्नी के लिए प्रोटोकॉल की नाजायज मांग, तमाम सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की तरह उपराष्ट्रपति के फोटो लगाने की मांग, धुर विरोधी होने के बावजूद अचानक संघ की तारीफ, एक न्यायाधीश पर महाभियोग मामले में कांग्रेस को पक्षपातपूर्ण बढ़त देने और भारत दौरे पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ मीटिंग की मांग आदि तमाम उदाहरणों के बीच उनके द्वारा कैसे सरकार को कटघरे में लाकर खड़ा करने का प्रयास किया गया! धीरे धीरे अकड़ की एक लंबी सूची सामने है जिसमें प्रधानमंत्री को चुनौती देता एक संदेश साफ नजर आ रहा है कि उपराष्ट्रपति की हैसियत के सामने मोदी जी बहुत छोटे हैं। इसी तरह उनके वक्तव्यों में प्रायः देश की सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और मान्य परंपराओं से भी बड़े होने का भ्रम लगातार अपडेट होता रहा। निसंदेह प्रोटोकॉल के अनुसार उपराष्ट्रपति का पद देश के प्रधानमंत्री से बड़ा होता है परन्तु धनखड़ के अकड़ को शायद यह कभी समझ में ही नहीं आया कि प्रधानमंत्री देश का प्रशासनिक प्रमुख होता है। संविधान में भी उपराष्ट्रपति के लिए अपेक्षाकृत बहुत सीमित अधिकारों की चर्चा है और देश में उपराष्ट्रपति के अधिकार व कर्तव्यों को लेकर कोई भ्रम भी नहीं है। ऐसा नहीं है कि पेशे से वकील और लंबे राजनैतिक कैरियर वाले धनखड़ साहब को इन तथ्यों की कोई जानकारी न थी। सबकुछ जानते हुए लगा मानों अपनी कुंठा, संस्कार और महत्वाकांक्षा के कारण भस्मासुर की तरह वे मोदी व सरकार को उंगली करते नजर आते रहे। अब तो उन पर चंद्रबाबू नायडू को बरगलाकर उस मोदी को पदच्युत करने की साजिश का हिस्सा बनने जैसे गंभीर व आपत्तिजनक आरोप भी लग रहे हैं जिस मोदी ने उन्हें गुमनामी से बाहर निकालकर पहले राज्यपाल बनाया और फिर उपराष्ट्रपति का ताज पहनाने का काम किया। यह साजिश भी ऐसी कि चंद्रबाबू नायडू को भी यह पता है कि वे मोदी जी के साथ उनकी हैसियत नंबर दो की है और इंडी का हांथ पकड़ते ही यह गिरकर पांचवें पायदान पर आ जाएगी। दूसरी ओर, भाजपा को भी इस बात का पूरा अहसास है कि मोदी सरकार का वर्तमान कालखंड अभी तेरह महीनों का है जबकि कभी इन्हीं तेरह महीनों में एक साजिश के तहत वाजपेयी जी की सरकार को शहीद कर दिया गया था। इस घटनाक्रम को बीते छब्बीस साल हो गए है और भाजपा को अब कहीं अधिक परिपक्व माना जा रहा है। ऐसे में धनखड़ की अकड़ निकालने में चुक की कोई गुंजाइश नहीं थी परन्तु इस सवाल का जवाब किसी भाजपाई के पास नहीं है कि किसी भी संवैधानिक पद के लिए आयातित नेताओं पर वह भरोसा ही क्यों करती है? क्या भाजपा यह भूल बैठी है कि सैकड़ों उदाहरणों के बीच लेफ्ट विंग से आए सुधीर कुलकर्णी जैसे एक अदद सलाहकार के कारण "जिन्ना के जिन्न" ने उनके शीर्षस्थ नेता आडवाणी जी के जीवन भर की तपस्या पर पानी फेरकर रख दिया? हैरानी की बात तो यह भी है कि विपक्ष के जो लोग कल तक धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के जुगाड़ में बैठे थे उनके लिए यह सबकुछ जाटों के अपमान का कैसे विषय बन गया? इस पूरे प्रकरण से अभी रहस्य का पर्दा भी पूरी तरह से नहीं उठ सका है परन्तु इस घटनाक्रम ने इतना तो साबित कर ही दिया है कि पीट चुके विपक्ष और सिद्धांतों को स्वार्थ से पाट चुके सत्तापक्ष की राजनीति में परिपक्वता की कोई अहमियत ही नहीं है।

अलग बात



केदारनाथ दास



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्रावण शुक्ल सप्तमी पर अशुभ योग, बृहस्पति पूजन से खुलेंगे सफलता के द्वार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी गुरुवार को है। इस दिन आडल योग भी पड़ रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह अशुभ योग है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित होते हैं। दृक पंचांग के अनुसार, इस दिन अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से शुरू होकर 12 बजकर 54 मिनट तक रहेगा और राहुकाल का समय दोपहर के 02 बजकर 09 मिनट से शुरू होकर 3 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। आडल योग, ज्योतिष में एक अशुभ योग माना जाता है। इससे पहले ऐसा योग नवरात्रि के पहले दिन साल 2022 में हुआ था। इस दिन शुभ कार्य भी वर्जित होते हैं, लेकिन बृहस्पतिदेव के पूजन से जीवन में सुख-शांति के साथ सफलता के द्वार खुलते हैं। बृहस्पति के पूजन के साथ उनका व्रत रखना भी उत्तम माना जाता है।

मान्यता है कि केले के पत्ते में भगवान विष्णु का वास होता है। इसलिए गुरुवार के दिन केले के पत्ते की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत शुरू करने के लिए आप सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें, फिर मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल छिड़ककर शुद्ध करें। एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर पूजन सामग्री रखें, इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करके व्रत का संकल्प लें। फिर केले के वृक्ष की जड़ में चने की दाल, गुड़ और मुनक्का चढ़ाकर भगवान विष्णु की पूजा करें। दीपक जलाएं और कथा सुनें और भगवान बृहस्पति भगवान की आरती करें। उसके बाद आरती का आचमन करें। इस दिन पीले रंग के खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।



## पीले वस्त्र और फल-फूल दान करने से मिलते शुभ फल

अग्नि पुराण में उल्लेख मिलता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने काशी में शिवलिंग की स्थापना की थी, जिस वजह से गुरुवार के दिन भगवान बृहस्पति की पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। अग्नि पुराण और स्कंद पुराण के अनुसार गुरुवार के दिन व्रत रखने से धन, समृद्धि, संतान और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। व्रत रखने के लिए इस दिन पीले वस्त्र धारण करने और पीले फल और पीले फूलों का दान करने से भी लाभ होता है। गुरुवार के दिन भगवान विष्णु को हल्दी चढ़ाने से मनोकामना पूरी होती है और पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, इस दिन विद्या की पूजा करने से भी ज्ञान में वृद्धि होती है। गुरुवार के दिन किसी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति को अन्न और धन का दान करने से भी पुण्य प्राप्त होता है। इस व्रत को किसी भी माह के शुक्ल पक्ष के पहले गुरुवार से शुरू कर सकते हैं और 16 गुरुवार तक व्रत रखकर उद्यापन कर दें।

## 'सरकार में ट्रंप को झूठा कहने की हिम्मत नहीं', मल्लिकार्जुन खड़गे का हमला

**एजेंसी। नी दिल्ली**



लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम का जिक्र न होने पर कांग्रेस पार्टी फिर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उनमें इतनी हिम्मत नहीं है कि वे ट्रंप को झूठा कह सकें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैंने कहा था कि संसद में मेरा भाषण समाप्त होने तक डोनाल्ड ट्रंप का 'सीजफायर' वाला दावा 30 दफा हो जाएगा, लेकिन इनमें (प्रधानमंत्री) हिम्मत नहीं है कि वो ये बोल पाएं कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। और हम इसको सहन नहीं करेंगे। हम ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं करेंगे, ऐसा बोलने की इनकी हिम्मत नहीं है।"मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा, "दाल में कुछ काला है, इसीलिए वह (प्रधानमंत्री) कुछ नहीं कह रहे हैं। उनकी क्या कमजोरी है, यह देश को बताना चाहिए। दो घंटे के भाषण में डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया।"इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री ने ट्रंप का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है क्या हुआ है और प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया तो ट्रंप खुलकर बोलेंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे, इसलिए प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं।"राहुल गांधी ने यह भी कहा कि ट्रंप बार-बार एक ही बात को इसलिए दोहरा रहे हैं, क्योंकि वो ट्रेड डील में भारत सरकार को दबाएंगे।

### जेपी नड्डा का कांग्रेस पर हमला, कहा-

## पिछली सरकार में भारत-पाकिस्तान के बीच आतंक, व्यापार और पर्यटन चलता रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जारी चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक नेतृत्व बहुत अहम है। पिछली सरकार में भारत-पाकिस्तान के बीच आतंक, व्यापार और पर्यटन चलता रहा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा, "21 जुलाई को जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई थी, तो उस दौरान मैंने कहा था कि हम 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पहलगाम हमला बहुत ही दुखदायी है और मानवता को झकझोर देने वाला है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए, वह बहुत कम है। हमें मालूम है कि पहलगाम के हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक ने अपनी जान गंवाई। हम इस घटना की पूरजोर निंदा करते हैं। साथ ही यह भी बताना चाहते हैं कि जिस दिन पहलगाम में घटना घटित हुई, उसके तुरंत बाद शाम पांच बजे गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहुंच गए थे। इसके अलावा, पीएम मोदी सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर भारत आए और कैबिनेट सुरक्षा कमेटी की बैठक की।

# 212.85 करोड़ से अधिक की अचल संपत्तियों को किया ईडी ने कुर्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **कुर्क की गई संपत्ति :** गोवा में ₹212.85 करोड़ की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क
- **कानूनी आधार :** प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए, 2002 के तहत कार्रवाई की
- **जांच का कारण :** भूमि हड़पने और जालसाजी की एक व्यापक आपराधिक साजिश की जांच
- अपराध से अर्जित 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' (POC) को
- परिजनों और सहयोगियों के खातों में भेजा गया
- फर्जी लेन-देन से वैध दिखाने की कोशिश की गई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पणजी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने गोवा में 212.85 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गोवा राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थित अचल संपत्तियों पर ये कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को एक बयान में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने 28 जुलाई को गोवा के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थित कई अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिनका मूल्य 212.85 करोड़ रुपए है। यह कार्रवाई रोहन हरमलकर और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक गिरोह द्वारा किए गए भूमि हड़पने और जालसाजी की व्यापक साजिश की चल रही जांच के संबंध में की गई है। ईडी के मुताबिक, ईडी ने गोवा पुलिस द्वारा दर्ज दो प्राथमिकियों के आधार पर जांच शुरू की है। ये एफआईआर रोहन हरमलकर और अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई थीं। उन पर जालसाजी, धोखाधड़ी, फर्जी पहचान का इस्तेमाल करने और नकली दस्तावेजों के जरिए उत्तर गोवा में जमीन के टुकड़े धोखे से हड़पने के आरोप हैं। ईडी की जांच में पता चला है कि रोहन हरमलकर ने अलकांट्रो डिसूजा और अन्य लोगों के साथ मिलकर एक आपराधिक षड्यंत्र रचा, जिसके तहत अंजुना, रेवोरा, नडोरा, कैमुरलिम, पर्रा, और बारदेज तालुका व मापुसा शहर, गोवा के आसपास के अन्य क्षेत्रों में स्थित उच्च मूल्य की संपत्तियों को हड़पने की साजिश रची गई।



पीएमएलए जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने कीमती अचल संपत्तियों पर झूठा मालिकाना हक जताने के लिए नकली वंशावली रिकॉर्ड, फर्जी बिक्री विलेख, जाली वसीयत, बदली गई इन्वेंट्री कार्यवाहियां और अन्य नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इसके जरिए वे इन संपत्तियों को वैध दिखाने की कोशिश कर रहे थे। इस तरह उन्होंने बड़ी मात्रा में अपराध की कमाई (पीओसी), जो पीएमएलए की धारा 2(1)(यू) के तहत परिभाषित है, उत्पन्न की। अपराध से कमाई गई रकम (पीओसी) का एक हिस्सा सीधे रोहन हरमलकर, अलकांट्रो डिसूजा और अन्य आरोपियों को मिला। बाद में इस रकम को उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के बैंक खातों के जरिए घुमाया गया। इस अवैध कमाई को अलग-अलग खातों से गुजारकर और मिलाकर ऐसे दिखाया गया कि जैसे वह वैध (साफ-सुथरी) हो, ताकि काले धन को सफेद किया जा सके।

## हैदराबाद में भेड़ वितरण घोटाले को लेकर ईडी की बड़ी कार्रवाई, 8 ठिकानों पर छापेमारी

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को भेड़ वितरण घोटाले के सिलसिले में हैदराबाद के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। ईडी ने यह जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की है। छापेमारी उन लोगों के ठिकानों पर की गई है जो योजना के लाभार्थी या बिचौलियों के तौर पर पहचाने गए हैं। जिन लोगों पर कार्रवाई की गई उनमें जी. कल्याण भी शामिल हैं, जो पूर्व बीआरएस मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) रह चुके हैं। उन्हें एसीबी की एक एफआईआर में नामजद किया गया है। तेलंगाना सरकार ने वर्ष 2017 में 'भेड़ वितरण एवं विकास योजना' (एसआरडीएस) की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत चरवाहा परिवारों को 75 प्रतिशत सब्सिडी पर 20 मादा और एक नर भेड़ देने का लक्ष्य रखा गया था। पहले चरण में 1.28 करोड़ से अधिक भेड़ वितरित की गई थी। हालांकि, बाद की जांच में सामने आया कि योजना में बड़ी हेराफेरी हुई। नकली बिल, फर्जी परिवहन दस्तावेज और बेनामी खातों के जरिए सरकारी धन की बड़ी मात्रा में बंदरबांट की गई।

## दुर्ग में ईडी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त छापेमारी मोक्षित कॉर्पोरेशन के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में मोक्षित कॉर्पोरेशन के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त कार्रवाई में दुर्ग स्थित तीन आवासीय परिसरों और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, इस छापेमारी में दो दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल थे, जिनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी भारी संख्या में तैनात रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया और किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) में हुए 650 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले से जुड़ी हुई है। इस घोटाले में पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। लगभग छह महीने पहले ईओडब्ल्यू और एसीबी ने इस मामले में संयुक्त रेड डाली थी। अब मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम इस घोटाले से जुड़ने के बाद यह मामला प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ गया है।

## सोनिया और कई विपक्षी नेताओं ने एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था। उन्होंने 'एसआईआर वापस लो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों की मांग है कि इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## एसआईआर विवाद: संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो। सीपीआई सांसद पी. संतोष ने भी एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव आयोग पर नियंत्रण कर रखा है और इसीलिए यह प्रक्रिया बंद की जानी चाहिए। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। 2003 और 2006 में भी यह प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और वही इस प्रक्रिया का निर्णय करता है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा, "जो लोग संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं, वही संवैधानिक व्यवस्था का सबसे अधिक मजाक उड़ा रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, धन लाभ के नए स्रोत नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, आप से प्रतिस्पर्धा करने वालों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष :** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। रोजगार में आपको बड़े मौके मिलेंगे, जिनका लाभ उठाकर आप बढ़िया धन कमायेंगे। किसी सोचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन काम में लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहित जातकों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज सारा काम आपके हिसाब से होगा, आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज भाई बहनों के साथ मौज-मस्ती करेंगे, बाहर घूमने जायेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कन्या :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके व्यापारिक मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। छात्र आज अपनी पढाई पर अच्छे से फोकस करेंगे, सीनियर्स का साथ मिलेगा। कपड़ा व्यापारियों को अधिक धन लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको बढ़िया लाभ मिलेगा। आज नौकरी करने वाले लोगों को पदोन्नति मिलने से ख़ुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन मिलने के चांस बन रहे हैं। पारिवारिक सुख सौहार्द बना रहेगा, संतान से सुख मिलेगा।

**धनु :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑटोमोबाइल कम्पनी में काम करने वाले व्यक्तियों को आज आर्थिक लाभ होगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, परिवार का सहयोग मिलेगा। आज ससुराल पक्ष से मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे।

**मकर :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी, कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कुंभ :** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज व्यापारिक गतिविधियों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज आप परिवार के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते है।

**मीन :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख - सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। छात्र आज किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा।

### ऑपरेशन शिवशक्ति

## पुंछ में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया, तीन हथियार बरामद

**एजेंसी। पुंछ**

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक सफल आतंकवाद-रोधी अभियान चलाया। इस अभियान को 'ऑपरेशन शिवशक्ति' नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जो सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इस ऑपरेशन में तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सटीक और समन्वित खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। एक्स पोस्ट में लिखा है, "हमारी सतर्क सेना ने सटीक टारगेट के साथ त्वरित कार्रवाई से आतंकियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।" यह अभियान बुधवार सुबह शुरू हुआ और अभी भी जारी है। सेना ने बताया कि यह ऑपरेशन उनकी अपनी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के समन्वय से संचालित किया गया, जिसके कारण यह सफल रहा।

इससे पहले, सोमवार को जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़े ऑपरेशन में 3 आतंकवादियों को मार गिराया था। इन आतंकियों में एक लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर सुलेमान भी शामिल था। इसके अलावा, दो अन्य आतंकी, अफगान और जिब्रान भी लश्कर के 'ए' ग्रेड के आतंकवादी थे। आतंकी सुलेमान पहलगाम और गगनगीर आतंकी हमले में लिप्त था। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत इन तीन आतंकियों को ढेर किया। लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जानकारी दी कि इन तीनों आतंकवादियों ने ही पहलगाम की घटना को अंजाम दिया था। अमित शाह ने सदन में आतंकियों की पहचान से जुड़े तथ्य बताए थे। इसके अलावा, पहलगाम हमले में इन आतंकियों के शामिल होने की पुष्टि एफएसएल चंडीगढ़ में घटनास्थल से बरामद हुए कारतूसों के मिलान के बाद हुई।

### महागठबंधन के घटक दलों की बैठक शुरू, चुनावी तैयारी को लेकर चर्चा

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। इसे लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी रणनीतियां बनाने में जुट गई हैं। इस बीच, बुधवार को महागठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कहते हैं कि इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की बैठक में आगे की रणनीतियों पर चर्चा होगी। हम लोग सारे मुद्दों पर बात करेंगे। सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा हो सकती है। उन्होंने दावे के साथ कहा कि महागठबंधन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी के 'हम' के साथ आने पर कहा कि डरे, सहमे लोग हमारे मजबूत सहयोगी को साथ आने का ऑफर देते रहते हैं, लेकिन कहीं कोई बात नहीं है। कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि बैठक में सभी विषयों पर चर्चा होगी।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' राजनीतिक तमाशा : शिवसेना-यूबीटी

## लोगों का सरकार से विश्वास उठ गया है

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) ने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन महादेव' पर सवाल उठाए हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी ने दावा किया कि सरकार ने विपक्ष के सवालों की बौछार से बचने के लिए सुलेमान जैसे मामले को गढ़ा है। बता दें कि सुलेमान लश्कर का आतंकी है, जिसे 'ऑपरेशन महादेव' के तहत सेना ने सोमवार को ढेर किया। यह आतंकी पहलगाम हमले में शामिल था। शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा कि भाजपा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक राजनीतिक तमाशा बनाया है। पार्टी ने यह भी कहा कि भाजपा का हिंदुत्व और देशभक्ति सिर्फ पाखंड है। 'ऑपरेशन महादेव' की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए शिवसेना-यूबीटी ने कहा, "संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा चल ही रही थी कि कश्मीर में तीन आतंकियों के मारे जाने की खबर आई। कहा गया कि उनमें से एक सुलेमान पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड था। संपादकीय में आरोप लगाया गया, "लोगों का सरकार से विश्वास उठ गया है। ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सरकार सुलेमान जैसे मामले गढ़ने का हथकंडा अपना रही है। लोकसभा में सरकार बेनकाब हो गई है।"शिवसेना-यूबीटी ने संपादकीय में बहस के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान का हवाला दिया और पूछा, "क्या सरकार पहलगाम में मारे गए 26 लोगों के घर जाकर उन्हें बता सकती है कि हमने बदला ले लिया है? अब आप भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच देख सकते हैं?" सामना के संपादकीय में आगे कहा गया, "प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानियों को चेतावनी दी थी कि 'पानी और खून साथ-साथ नहीं बहेंगे', लेकिन जय शाह की कृपा से भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच जरूर होने वाला है। इस पर अमित शाह का क्या कहना है?"संपादकीय में कहा गया, "विपक्ष के सदस्यों जैसे गौरव गोगोई, अरविंद सावंत, सुप्रिया सुले और ओवैसी ने सरकार की सुरक्षा में चूक और ऑपरेशन सिंदूर के परिणाम पर गंभीर सवाल उठाए।

### ऑपरेशन सिंदूर | 22 अप्रैल से 16 जून तक पीएम मोदी-ट्रंप में कोई बातचीत नहीं हुई

# कान खोलकर सुन लें : जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

- भारत की कूटनीतिक सफलता का उदाहरण।
- रूस सहित कई देशों का भारत को समर्थन।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा में बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश और रक्षा नीति पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनिया के किसी भी नेता ने भारत पर दबाव नहीं डाला। इसी दौरान विदेश मंत्री जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जवाब दे रहे थे, तभी विपक्षी नेता हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को टोकते हुए कहा, ''मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक बार भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत नहीं हुई थी।' अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य देशों से जो भी संवाद हुआ, उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम चाहता है, तो उसे हमारे डीजीएमओ चैनल से संवाद करना होगा। चीन और पाकिस्तान को लेकर विपक्ष पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीतिक सफलता इस बात से साबित होती है कि यूएनएससी में भारत भले ही स्थायी सदस्य न हो, लेकिन सुरक्षा परिषद प्रमुख का बयान भारत के पक्ष में आया। रूस सहित कई देशों ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, ''जो लोग मुंबई हमलों पर चुप रहे थे, आज वे हमें ज्ञान दे रहे हैं।' विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय सेना को किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और उसने आतंकियों के ठिकानों पर खुद ही सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। उन्होंने नूर खान एयरबेस सहित कई आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर की गई तबाही का जिक्र करते हुए कहा कि सेना का श्रेय किसी और को देना उसका अपमान होगा।



### एस जयशंकर ने राहुल गांधी को बताया चीन गुरु

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर परोक्ष हमला करते हुए उन्हें नया चीन गुरु करार दिया। गांधी पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि कांग्रेस नेता, खासकर डोकलाम संकट जैसे महत्वपूर्ण क्षणों में, भारत सरकार से जानकारी लेने के बजाय चीनी राजदूत से निजी ट्यूशन लेना पसंद करते हैं। जयशंकर ने याद दिलाया कि 2017 के डोकलाम गतिरोध के दौरान, गांधी ने कथित तौर पर भारत की आधिकारिक स्थिति के साथ तालमेल बिठाने के बजाय चीनी दूत से मिलने का विकल्प चुना था। जयशंकर ने अपने बयान में कहा कि ये रहे 'चीन गुरु'। इनमें से एक मेरे सामने बैठे सदस्य (जयराम रमेश) हैं, जिनका चीन के प्रति इतना गहरा लगाव है कि 'उन्होंने एक संधि बना ली थी भारत और चीन की, चीनिया'... ।

# बेन स्टोक्स 5वें टेस्ट से बाहर, इंग्लैंड ने प्लेइंग-11 में किए सारे बड़े बदलाव

## जो रूट को कप्तानी मिल सकती है दोबारा मौका

**नई दिल्ली । एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ द ओवल में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण इंग्लैंड की प्लेइंग XI में चार बदलाव हुए हैं। इंग्लैंड चयन समिति ने बुधवार को टीम में बदलावों की घोषणा की, जिसमें जैकब बेथेल, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में कप्तानी की जिम्मेदारी अनुभवी ओली पोप को सौंपी गई है।

टीम प्रबंधन ने अपनी गेंदबाजी लाइनअप में बड़े बदलाव किए हैं, जिसमें स्पिनर लियाम डॉसन और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए सरे के गेंदबाज गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। जैकब बेथेल संभवतः छठे नंबर पर खेलेंगे, जिससे इंग्लैंड के मध्य क्रम में नई प्रतिभाएं जुड़ेंगी।

विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी जेमी स्मिथ संभालेंगे, जो स्टंप के पीछे अपनी जगह बनाए रखेंगे। चोटिल बेन स्टोक्स की जगह ओली पोप को कार्यवाहक कप्तान नियुक्त किया गया है। बल्लेबाजी क्रम में जैक क्रॉली और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाए रखेंगे, उनके बाद पोप तीसरे और अनुभवी रूट चौथे नंबर पर होंगे। हैरी ब्रुक बल्लेबाजी क्रम में पांचवें नंबर पर बने रहेंगे, जबकि क्रिस वोक्स निचले क्रम में हरफनमौला खिलाड़ी हैं। नए गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शामिल है।



**बेन स्टोक्स अंतिम टेस्ट से बाहर**

- दाहिने कंधे की चोट के कारण स्टोक्स नहीं खेल पाएंगे द ओवल टेस्ट।
- चोट गंभीर होने के कारण चयन समिति ने उन्हें बाहर रखने का निर्णय लिया।

**इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में चार बदलाव**

- इंग्लैंड ने अंतिम टेस्ट के लिए टीम में 4 नए खिलाड़ियों को शामिल किया।
- बदलावों की घोषणा बुधवार को इंग्लैंड चयन समिति ने की।

### ओवल टेस्ट में भारत की प्लेइंग-11 क्या होगी

## अर्शदीप डेब्यू करेंगे, आकाश की वापसी या कुलदीप को मौका

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ द ओवल में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण इंग्लैंड की प्लेइंग 11। में चार बदलाव हुए हैं। इंग्लैंड चयन समिति ने बुधवार को टीम में बदलावों की घोषणा की, जिसमें जैकब बेथेल, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन और जोश टंग को टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स की अनुपस्थिति में कप्तानी की जिम्मेदारी अनुभवी ओली पोप को सौंपी गई है। टीम प्रबंधन ने अपनी गेंदबाजी लाइनअप में बड़े बदलाव किए हैं, जिसमें स्पिनर लियाम डॉसन और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाजी को मजबूत करने के लिए सरे के गेंदबाज गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है।



## पांचवां टेस्ट मैच खेलने पर जसप्रीत बुमराह पर संशय

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस मैच में नहीं खेलने की सलाह दी है। बुमराह ने इस सीरीज में अब तक तीन मैचों में 14 विकेट लिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पांच मुकाबलों की सीरीज में भारत के 1-2 से पिछड़ने के बावजूद, टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं ने मूल योजना के अनुसार ही आगे बढ़ने का फैसला किया है। सीरीज से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ तीन ही टेस्ट खेलेंगे। बुमराह ने हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेला, लेकिन एजबेस्टन में दूसरा टेस्ट नहीं खेले। इसके बाद लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में बुमराह मैदान पर उतरे। 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' के अनुसार बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने बुमराह को बताया कि उन्हें इस सुझाव पर विचार करना चाहिए।



**कोको गॉफ ने दिखाया दमखम**

- अमेरिका की कोको गॉफ ने डेनिएल कोलिन्स को हराया।
- गॉफ ने सीधे सेटों में मुकाबला अपने नाम किया।



# कैनेडियन ओपन : गॉफ ने कोलिन्स को हराया, इतो ने पाओलिनी को शिकस्त दी

## अमेरिकी स्टार कोको गॉफ ने सीधे सेटों में दर्ज की जीत

**मॉन्ट्रियल (आईएएनएस)**

टॉप सीड कोको गॉफ ने कैनेडियन ओपन में डेनिएल कोलिन्स के खिलाफ लगभग तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने जून में रोलां गैरो जीतने के बाद पहला मैच अपने नाम किया। गॉफ तीसरे सेट में हार से सिर्फ दो अंक दूर थीं, लेकिन उन्होंने पासा पलटते हुए आखिरकार 7-5, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की। कोलिन्स ने आखिरी 80 मिनटों में पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन वह कभी भी मैच प्वाइंट तक नहीं पहुंच सकीं और अंतिम 11 में से 9 अंक गंवा बैठीं। यह मुकाबला आईजीए स्टेडियम में खेला गया। मुकाबला जीतने के बाद कोको गॉफ ने कहा, "मैं अच्छी प्रैक्टिस कर रही थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस मैच में उस तैयारी के अनुरूप खेल सकी। उम्मीद है कि मैंने टूर्नामेंट का अपना खराब मैच जीत लिया है। डेनिएल शानदार बॉल स्ट्राइकर हैं। मैंने जितनी बार उनकी सर्विस ब्रेक की, उससे मुझे कुछ सकारात्मक बातें सीखने को मिलेंगी।

अब गॉफ का अगला मुकाबला पूर्व टॉप-10 खिलाड़ी वेरोनिका कुडरमेतोवा से होगा। पूर्व वर्ल्ड नंबर 9 कुडरमेतोवा ने दूसरे राउंड में नंबर 29 सीड ओल्गा डानिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया था। दूसरी ओर, आओई इतो ने सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए 7वीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 2 घंटे 27 मिनट में 2-6, 7-5, 7-6(5) से हरा दिया। दुनिया की 110वें नंबर की खिलाड़ी एक सेट और 4-1 से पिछड़ रही थीं। दूसरे सेट में 5-4 से पिछड़ने के बाद उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया। इतो अब तीसरे दौर में जेसिका बूजास मानेरो से भिड़ेंगी। आओई इतो ने 2025 की शुरुआत में कैनबरा में अपना पहला डब्ल्यूटीए 125 खिताब जीता और मई में शीर्ष 100 में जगह बनाई। हालांकि, सीजन में उन्होंने इस हफ्ते केटी वोलिनेट्स पर पहले दौर की जीत तक कोई टूर-स्तरीय मैच नहीं जीता था। यह डब्ल्यूटीए 1000 मेन ड्रॉ में उनकी पहली जीत भी थी। इससे पहले, बियांका एंड्रेस्कू अपने घरेलू डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में बाएं टखने की चोट के कारण दूसरे दौर के मैच से हट गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी, चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा, वॉकओवर के जरिए तीसरे दौर में पहुंच गईं।

## टोरंटो ओपन में ज्वेरेव रूने व मुसेट्टी की जीत

**टोरंटो (आईएएनएस)**

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने कैनेडियन ओपन अभियान की शुरुआत एडम वाल्टन को 7-6(6), 6-4 से हराकर की। इस दौरान 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहले गेम में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सेट प्वाइंट हासिल किया। टाई-ब्रेक में 3/5 से पिछड़ने के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 5/5 पर एक लंबी रैली के बाद लय हासिल की और बेसलाइन से बेहतर रिदम के साथ खेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ज्वेरेव जब 5-3 की बढ़त पर मैच सर्व कर रहे थे, तब उनकी सर्विस टूट गई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच को अपने नाम कर लिया। एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं, जिनमें 2017 में कनाडा में मिली खिताबी जीत भी शामिल है। ज्वेरेव अब अपने खिताबों की सूची में एक और नाम जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में ज्वेरेव, अर्नाल्डी से 1-0 से आगे हैं। इस साल उनका एकमात्र मुकाबला अकापुल्को में हुआ था।



### देश पहले, बिजनेस बाद में

## स्पॉन्सर ने भारत-पाकिस्तान डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल से नाम वापस लिया



**टोरंटो (आईएएनएस)**

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने कैनेडियन ओपन अभियान की शुरुआत एडम वाल्टन को 7-6(6), 6-4 से हराकर की। इस दौरान 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहले गेम में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सेट प्वाइंट हासिल किया। टाई-ब्रेक में 3/5 से पिछड़ने के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 5/5 पर एक लंबी रैली के बाद लय हासिल की और बेसलाइन से बेहतर रिदम के साथ खेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ज्वेरेव जब 5-3 की बढ़त पर मैच सर्व कर रहे थे, तब उनकी सर्विस टूट गई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच को अपने नाम कर लिया। एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं, जिनमें 2017 में कनाडा में मिली खिताबी जीत भी शामिल है। ज्वेरेव अब अपने खिताबों की सूची में एक और नाम जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा।

## सीएएफए नेशंस कप खेलेगी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड की तैयारी के तहत भारत की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन ने भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। दरअसल, यह टूर्नामेंट फीफा के आधिकारिक कैलेंडर से बाहर है और मलेशिया ने लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों और खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के चलते इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद भारत को आमंत्रित किया गया। भारत को उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान की तरफ से संयुक्त रूप से आयोजित द्विवार्षिक सेंट्रल एशियन टूर्नामेंट में शामिल किया गया।

## एवर्टन ने बायर्न म्यूनिख से एडम अज्नो को चार साल के अनुबंध पर साइन किया

**लिवरपूल (आईएएनएस)**

एवर्टन ने बायर्न म्यूनिख से एडम अज्नोउ का ट्रांसफर पूरा कर लिया है। 19 वर्षीय डिफेंडर ने जून 2029 के अंत तक ब्लूज के साथ चार साल का अनुबंध किया है। मोरक्को के एक सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अज्नोउ बार्सिलोना की प्रसिद्ध ला मासिया अकादमी के युवा खिलाड़ी हैं। एडम ने जर्मनी में रहते हुए बुंडेसलीगा और चैंपियंस लीग में और फिर इस गर्मी में क्लब विश्व कप में भी हिस्सा लिया था। एडम ने एवर्टन टीवी से कहा, "मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मुझे इस टीम का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। उन्होंने मुझे जो प्रोजेक्ट दिया है, वह वाकई बहुत अच्छा है। प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे अच्छी लीग है, इसलिए मैं शुरुआत करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। एवर्टन के मैनेजर डेविड मोयेस के साथ बातचीत के बाद एडम को तुरंत साइन करने के लिए मना लिया गया। एडम ने बताया, "मोयेस ने मुझसे बात की, उन्होंने मुझे टीम के बारे में बताया मुझसे टीम की उम्मीदों का भी जिक्र किया। बातचीत के बाद मैंने तुरंत अनुबंध को फाइनल करने का निर्णय ले लिया। अपने शुरुआती करियर में अज्नोउ यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों पर बहुमूल्य अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। एडम ने 2024/25 की दूसरी छमाही में ला लीगा में 13 मैच खेले, जिसमें कुल 10 शुरुआती मैच शामिल हैं। मोयेस ने कहा, "हमें एडम को एवर्टन में लाकर खुशी हो रही है। वह एक युवा, प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिसमें अपार क्षमताएं हैं। लेफ्ट-बैक मिलना आसान नहीं है और हम एक युवा खिलाड़ी को लेकर आए हैं, जिसके बारे में हमें उम्मीद है कि वह एवर्टन में अपने समय के दौरान निखरेगा।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

# राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन किए गए इंस्टॉल : नितिन गडकरी


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश में राज्य, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 1,46,342 किलोमीटर की लंबाई में कुल 4,557 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी बुधवार को संसद को दी गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि उत्तर प्रदेश में 507 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं, जिसके बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। उन्होंने कहा, "ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश में राज्य/राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे पर कुल 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) को प्रोत्साहन देने की कोई योजना नहीं है। इस बीच, देश के टियर 2 शहरों में वर्तमान में 1 अप्रैल, 2025 तक 4,625 ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू हैं। सरकार ने हाल ही में कहा था कि 2,000 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में सहायता करेगी।

भारी उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि ये स्टेशन 50 राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों, मेट्रो शहरों, टोल प्लाजा, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, ईंधन आउटलेट और राज्य राजमार्गों जैसे उच्च-यातायात स्थलों पर रणनीतिक रूप से स्थापित किए जाएंगे। पीएम ई-ड्राइव योजना मांग प्रोत्साहनों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने और देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए अक्टूबर 2024 में शुरू की गई थी।





## सोना-चांदी की कीमतों में तेजी, 700 रुसे ज्यादा बढ़े पीली धातु के दाम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोना-चांदी की कीमतों में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 700 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी की कीमत 1 लाख 13 हजार के पार हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 721 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते मंगलवार को 98,296 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,700 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,039 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,263 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,722 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है।

## ब्याज दरों पर फेड के ऐलान से पहले सेंसेक्स तेजी के साथ बंद

**मुंबई (आईएएनएस)।** अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों पर ऐलान से पहले बुधवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 143.91 अंक या 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,481.86 और निफ्टी 33.95 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 पर बंद हुआ। आईटी और इन्फ्रा सेक्टर दोनों ने बाजार की तेजी का नेतृत्व किया और निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी इन्फ्रा इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। इसके अलावा, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, कमोडिटी और सर्विसेज हरे निशान में बंद हुए। वहीं, ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 42.60 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,942.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94.60 अंक या 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,156.85 पर बंद हुआ।



## केरल में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने में लाएं तेजी : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**


केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद में केरल के रेलवे नेटवर्क को लेकर चल रहे विकास कार्यों पर जानकारी दी और पिछली सरकारों, खासकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केरल में रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया, लेकिन केरल के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कुछ खास नहीं किया। आज अगर नई ट्रेनें शुरू करनी हैं, तो सबसे पहले ट्रैक की क्षमता बढ़ानी होगी।" रेल मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने केरल के रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कई प्रमुख रेल मार्गों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये डीपीआर देश के अलग-अलग हिस्सों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए बेहद अहम हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आज केरल में पूरे रेलवे नेटवर्क की क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसके तहत शोरनूर से मैंगलोर तक तीसरी और चौथी लाइन के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार की जा रही है।

शोरनूर से एर्नाकुलम तक तीसरी लाइन की डीपीआर बनाई जा रही है। शोरनूर से कोयंबटूर (99 किमी) तक तीसरी और चौथी लाइन के लिए डीपीआर तैयार हो रही है। एर्नाकुलम से कायनकुलम (115 किमी) तक तीसरी लाइन के लिए डीपीआर बन रही है। कायनकुलम से तिरुवनंतपुरम (105 किमी) तक तीसरी लाइन की डीपीआर बनाई जा रही है। तिरुवनंतपुरम से नागरकोयल (71 किमी) तक तीसरी लाइन की डीपीआर तैयार हो रही है।



## भारत-यूके एफटीए से एमएसएमई कारोबारियों में उत्साह का माहौल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से एमएसएमई कारोबारियों में उत्साह का माहौल है और इससे देश के निर्यात को बड़े स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी व्यापारियों की ओर से दिया गया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए, तमिलनाडु के करूर में मौजूद होमलाइनंस टेक्सटाइल की मालिक एंजेला स्टीफन बाबू ने कहा कि भारत और यूके के बीच साइन हुआ एफटीए काफी अच्छा है, इससे हमारे उत्पादों पर लगने वाला 9.2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत का टैरिफ अब जीरो हो गया है। इससे निर्यातकों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत वर्तमान में ब्रिटेन को प्रति वर्ष लगभग 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल और रेडी-मेड गारमेंट्स का निर्यात करता है। मुक्त व्यापार समझौते के साथ, अगले 5-6 वर्षों में यह मात्रा दोगुनी होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीए होने के बाद यूके के आयातकों से हमारा संचार बेहतर होगा।



## परहैया टोला अंधेरे में डूबा, दो दिन से ट्रांसफार्मर खराब



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग के परहैया टोला में पिछले दो दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे आदिम जनजाति व आदिवासी समुदाय के लगभग 60 घर अंधेरे में डूबे हुए हैं। उमस भरी गर्मी, बच्चों की पढ़ाई और सर्पदंश जैसी आशंकाओं ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थिति की जानकारी मिलने पर कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से मिलकर समस्या की जानकारी ली। स्थानीय निवासी राजकुमार परहिया, कुलेशर परहिया व सुलेंदर परहिया ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है और किसान ढिबरी-लालटेन के सहारे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। पंसस अयूब खान ने विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता से जल्द से जल्द बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## सेरक-एरुद-किता पथ की बदहाली बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

**चंदवा।** सेरक-एरुद-किता मुख्य पथ की दयनीय स्थिति ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बरसात के कारण सड़क में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस रास्ते से मूर्तिया, कुरामु, अम्बाटांड समेत कई गांवों के लोग प्रखंड मुख्यालय आते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन समाधान नहीं मिला। मुखिया अनीता भगत ने भी जिला प्रशासन को इस संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर आश्वासन तो मिला लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने विधायक प्रकाश राम से भी इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## बारियातू थाने में रंजन पासवान ने संभाला कमान



**बारियातू।** बारियातू थाना में मंगलवार को रंजन पासवान ने चौथे थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और गश्ती व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की। मौके पर निर्मला मंडल, सुशील कुमार, द्वारिका नाथ पांडेय, मिथलेश सिंह, सुरेश सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुंदा में विधायक कार्यालय का उद्घाटन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक जनार्दन पासवान ने विधायक कार्यालय का उद्घाटन नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अब क्षेत्र के नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक नया संपर्क बिंदु मिलेगा। इस कार्यालय के माध्यम से आम लोग अपनी शिकायतें सीधे विधायक तक पहुंचा सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में लोजपा जिला अध्यक्ष गौरी प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि जीतेंद्र सौंडिक, सीओ दीपक मिश्रा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह, भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से

**कुंदा (चतरा)।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि अभियान के तहत सभी पंचायतों में घर-घर जाकर। अलबेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। यह दवा शरीर के वजन के अनुसार दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों में सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और एएनएम शामिल होंगी। यह टीम न केवल दवा देंगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगी कि लोग उसे खाएं। डॉ. संजीव ने अपील की है कि सभी लोग इस अभियान में सहयोग करें और दवा अवश्य लें ताकि फाइलेरिया से क्षेत्र को मुक्त किया जा सके।

## थाना दिवस में दर्जनों शिकायतों का हुआ समाधान

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना में आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का स्थल पर ही निपटारा किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना दिवस का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अंचलकर्मी सोनू कुमार और अधिकार मित्र अजित कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में किशुन गंझु, लवकुश गुप्ता, जयकुमार यादव, इंद्रदेव भारती समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मानव तस्करी के खिलाफ सेरक में जागरूकता कार्यक्रम




**चंदवा।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को सेरक पंचायत भवन में जन साहस संस्था की ओर से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानव तस्करी की पहचान, इसके तरीके और रोकथाम पर जानकारी दी गई। लोक कला के जरिए लोगों को शिक्षित किया गया। मुखिया अनीता भगत ने प्रवासी मजदूरों के पंजीकरण और तस्करी रोकथाम को लेकर जानकारी साझा की। जनसाहस के जिला समन्वयक शुभम कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर तस्करी के शिकार बनाया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए संस्था प्रयासरत है। कार्यक्रम में मजदूर हेल्पलाइन नंबर 180012011211 की जानकारी भी दी गई। मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, उपमुखिया शांति देवी और जनसाहस टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# बुलेट और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में पिता की मौत, बेटा घायल

- नशे में धुत बुलेट चालक ने खैरा मोड़ के पास मारी टक्कर, परिजनों में मचा कोहराम

**नवीन मेल संवाददाता**





**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा मोड़ के समीप सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका 11 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। शालेय गांव निवासी भोलू चंद्रवंशी (36 वर्ष) अपने पुत्र आलोक कुमार के साथ साइकिल से खैरा मोड़ स्थित एक चाउमीन सेंटर जा रहे थे, जब रात करीब 8:35 बजे विपरीत दिशा से आ रही एक बुलेट बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम बलिया निवासी सोम पंडा, जो नशे की हालत में था, तेज रफ्तार बुलेट (JH 02B N9241) से चला रहा था। उसकी बाइक ने साइकिल सवार पिता-पुत्र को सीधे टक्कर मारी, जिससे साइकिल दो टुकड़ों में टूट गई और दोनों दूर जा गिरे। हादसे में भोलू को सिर में और बेटे आलोक को पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। दोनों को हजारीबाग स्थित शेख भिखारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भोलू चंद्रवंशी को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सोम पंडा दिन भर नशे की हालत में वाहन चला रहा था और बार-बार खैरा मोड़ से गुजर रहा था।

थाना प्रभारी आशीष प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बुलेट और घायल चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। सोम पंडा को भी इलाज के लिए इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

मृतक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी सुमन देवी, 15 वर्षीय बेटी अंजलि कुमारी, 11 वर्षीय आलोक कुमार और 9 वर्षीय अंश कुमार को छोड़ गए हैं। वे चार भाइयों में सबसे बड़े थे। बताया जा रहा है कि बुलेट नवल पंडा के नाम पर है, और पहले भी इसी वाहन से चोरहा गांव के एक युवक की मौत हो चुकी है। घटना से गांव में मातम पसरा है।

## दो सड़क हादसों में दो की मौत, दो रेफर

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना में ट्रिपल लोड मोटरसाइकिल सवार संदीप महतो, तिलक खेरवार और देवपाल महतो रेगाई-केनाटोली गांव के पास एक ट्रैक्टर से टकरा गए। बिना हेलमेट सवार ये तीनों महुआडांड़ बाजार से मेढारी गांव जा रहे थे। घायलों को महुआडांड़ सीएचसी लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गुमला रेफर किया गया। रास्ते में संदीप महतो की मौत हो गई। दूसरी घटना में रेंगाई गांव निवासी 60 वर्षीय किसान विनय भुणष कुजूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वे पैदल अपने दामाद के यहां शिवनगर जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# ओटीसी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन, आरा की टीम विजयी

- चिता की टीम को दो गोल से हराकर आरा चमातू ने जीता प्रथम पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ (लातेहार)।** ओटीसी क्लब द्वारा न्यू तिलैयाटांड़ ओजा टोला में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन मंगलवार देर शाम जोरदार उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में आरा चमातू की टीम ने चिता की टीम को दो गोल से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया।

टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से चार टीमें फाइनल चरण में पहुंचीं। निर्णायक मुकाबले में आरा चमातू बनाम चिता टीम के बीच शानदार टक्कर देखने को मिली। आरा चमातू की टीम ने बेहतर तालमेल और रणनीति के बल पर चिता को 2-0 से हराया।

विजेता टीम को बालूमाथ के प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम द्वारा 20,000 रुपये नकद एवं विजेता शील्ड प्रदान की गई। उपविजेता चिता टीम को क्लब अध्यक्ष दुर्गा उरांव के हाथों 15,000 रुपये और शील्ड प्रदान किया गया। तीसरे स्थान पर रही देवलगड्ढा टीम को 10,000 रुपये, जबकि चौथे स्थान पर रही मगध एफसी को 5,000 रुपये नकद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कामेश्वर राम ने अपने संबोधन में कहा, "गांवों में ऐसे खेल आयोजनों से ना केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को भी बल मिलता है। खेल युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रभावी माध्यम है।" आयोजन को सफल बनाने में ओटीसी क्लब के अध्यक्ष दुर्गा उरांव और उनकी समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रही। समापन समारोह में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का जोशवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

## जोगियाडीह में हुआ वॉलीबॉल मैच, खेलों से मिलता है अनुशासन का पाठ

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत जोगियाडीह स्थित बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में बुधवार को एक रोमांचक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैच में बालूमाथ और बेलगड्डा की टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को जीवन में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच सिखाते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी शिवनाथ ठाकुर (छोटू), अरुण केसरी, और मोहम्मद अजहर भी उपस्थित रहे। आयोजन में टीम के कप्तान पंकज पांडे, विकास रजक, अमन सोनी, अनुराग गुप्ता समेत दर्जनों युवा खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## डीएवी टंडवा के छात्रों ने जीते 83 पदक, विद्यालय में सम्मान समारोह



- खेलों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** रांची में आयोजित राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, टंडवा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 83 पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। बुधवार को स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन कर विजेता छात्रों को प्राचार्य पुष्पा कुमार झा द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने खो-खो, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक, जुडो-कराटे, बॉक्सिंग और दौड़ में भाग लिया और 17 स्वर्ण, 38 रजत व 28 कांस्य पदक अर्जित किए। सम्मानित छात्रों में सौरव राज, साईं राज, राकेश रंजन, श्रेयांश पांडेय, कुंदन यादव, लक्ष्मी उरांव, महक कुमारी, अलीशा अंजुम, पवन यादव, ऋतिका सिंह, रेशमी भोक्ता, संकेत तिवारी और अंश कुमार शामिल रहे।

## हेरहंज पहुंचे वरीय अधिकारी, लिया विकास योजनाओं का जायजा

**हेरहंज।** बुधवार को जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अगुवाई में अधिकारियों की टीम हेरहंज पहुंची। बीडीओ सह सीओ अमित कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान, आम बागवानी योजना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। टीम पातम-डाटम जलप्रपात भी पहुंची जहां आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई का जन्मदिन मनाया गया और वनभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सईद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय रजक, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सीएस डॉ राजमोहन खलको समेत अनेक अधिकारी एवं समाजसेवी मनीष कुमार जायसवाल मौजूद थे।

## संत इग्नासियुस लोयोला पर्व हर्षोल्लास से संपन्न

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज में 30 जुलाई को जेसुइट समाज के संस्थापक संत इग्नासियुस लोयोला की स्मृति में पर्व श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोस ने संत के जीवन दर्शन और उनके चार मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत, नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर फादर लियो, फादर समीर टोप्पो, सिस्टर चंद्रोदय, प्रोफेसर एलिस, मैक्स, रीमा, शालिनी, अंकिता, शशि, रोनित और सुकुट समेत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर समन्वित कार्रवाई का आह्वान

**लातेहार।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर वेदिक सोसाइटी के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों और संगठनों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, बीडीओ रेशमा मिंज, स्टेशन मास्टर अरुण कुमार, आरपीएफ के अधिकारी और अन्य बाल अधिकार कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एकमत होकर कहा कि बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के लिए सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। वेदिक सोसाइटी ने बीते वर्ष 409 बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह और ट्रैफिकिंग से बचाया है। कार्यक्रम में बताया गया कि ट्रैफिकिंग सिर्फ श्रम तक सीमित नहीं बल्कि जबरन विवाह व यौन शोषण तक फैली हुई समस्या है, जिसके विरुद्ध समयबद्ध कानूनी कार्रवाई आवश्यक है।

## पेज एक के शेष

### इसरो ने लांच...

इसकी क्षमता इसे विमानन और नौवहन क्षेत्रों के लिए एक अग्रणी उपकरण बनाती है। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि निसार से प्राप्त इनपुट पूरे विश्व समुदाय को लाभान्वित करेंगे, 'विश्वबंधु' की सच्ची भावना के अनुरूप। ऐसे समय में अंतरिक्ष विभाग से जुड़ने पर गर्व है, जब टीम इसरो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोगात्मक संरक्षण में, एक के बाद एक वैश्विक उपलब्धियां दर्ज कर रही है। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने सभी टीमों को 'निसार मिशन' की सफल लांचिंग के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन से सभी को फायदा होगा और धरती की बेहतर निगरानी होगी।

### अलकायदा की महिला...

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी मोहम्मद फैक, अहमदाबाद निवासी मोहम्मद फरदीन, अरावली के मोडासा निवासी सेफुल्लाह कुरैशी और उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी जीशान अली के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए गुजरात एटीएस के डीआईजी ने कहा कि सभी चार संदिग्धों की गतिविधियों और सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही थी, जिनके अलकायदा से संबद्ध प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन एक्यूआईएस से जुड़े होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि यह अभियान विशिष्ट खुफिया जानकारी और समन्वित निगरानी के आधार पर चलाया गया था। जानकारी के अनुसार, शमा परवीन झारखंड की निवासी है, लेकिन वह कुछ दिनों से बेंगलुरु में रह रही थी। शमा परवीन पाकिस्तान से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए सीधे संपर्क में थी और कम से कम चार से पांच ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल पर काम कर रही थी। वह कर्नाटक में पूरे मॉड्यूल को खुद हैंडल कर रही थी। इधर, गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सिंघवी ने इस मामले पर कहा कि गुजरात एटीएस ने पहले चार एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा) आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। अब बेंगलुरु से एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। वह अत्यधिक कट्टरपंथी है और एक ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल चलाती थी। उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से महत्वपूर्ण पाकिस्तानी संपर्क बरामद हुए हैं। कुल मिलाकर, गुजरात एटीएस ने ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल चलाने वाले 5 एक्यूआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

### कोई भी कानून...

कोर्ट ने पूछा कि जब किरण देवी की ओर से ऑनलाइन एफआईआर दी गई थी, तो उसे अब तक रजिस्टर क्यों नहीं किया गया? अदालत ने इस पर राज्य सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा है। इसके अलावा प्रार्थी की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार इस मामले की सुनवाई में जान-बूझकर देरी कर रही है, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर कॉल रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी सीमित समय में ही मोबाइल कंपनियों से प्राप्त की जा सकती है, लेकिन देर होने से ऐसे प्रमाण नष्ट हो सकते हैं। अमन की मां किरण देवी ने याचिका में आरोप लगाया है कि 11 मार्च को पलामू में उनके बेटे का पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर कर दिया। उन्होंने कहा है कि उनके बेटे को रायपुर सेंट्रल जेल से रांची स्थित एनआईए कोर्ट में पेशी के लिए लाया जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में साजिश के तहत उसे मार दिया गया। याचिका में बताया गया है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में अमन को 75 पुलिसकर्मियों की टीम के साथ चाईबासा जेल से रायपुर स्थानांतरित किया गया था, लेकिन रायपुर से रांची लाने के दौरान केवल 12 सदस्यीय एटीएस टीम तैनात थी। किरण देवी का कहना है कि उन्हें पहले से आशंका थी कि पुलिस उनके बेटे की हत्या की साजिश कर रही है और बाद में उसे एनकाउंटर का नाम दे देगी। इस मामले में याचिकाकर्ता ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, सीबीआई निदेशक, झारखंड गृह सचिव, डीजीपी, एसएसपी रांची और एटीएस के अधिकारियों को भी पक्षकार बनाया है और सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### रूस के कामचटका...

चेतावनी जारी की गई है। अलास्का और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रशांत तट पर सुनामी निगरानी जारी है। जापान भी खतरे में है। जापान में मौसम विभाग ने पुष्टि की है कि होक्काइडो द्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित टोकाशी में 40 सेंटीमीटर (1.3 फीट) ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई है। लगभग 30 सेंटीमीटर (1 फुट) ऊंची एक अन्य लहर होक्काइडो के पूर्वी तट पर नेमुरो तक पहुंच गई। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कई प्रशांत देशों और क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि कुछ क्षेत्रों में 3 मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठने की आशंका है। अलास्का, हवाई, चिली, सोलोमन द्वीप और न्यूजीलैंड जैसे तटीय इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हवाई में, होनोलुलु में सुनामी की चेतावनी के सायरन बजने लगे, जिससे निवासियों और पर्यटकों को ऊंचे स्थानों पर भेजने के लिए कहा गया। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने अपने आधिकारिक अलर्ट में कहा, जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की जरूरत है। साथ ही, चेतावनी दी कि स्थानीय समयानुसार मंगलवार (स्थानीय समय के अनुसार) शाम 7:00 बजे के आसपास पहली लहर आने की उम्मीद है। यूएसजीएस ने पहले इस भूकंप की तीव्रता 8.0 बताई थी, लेकिन बाद में नए आंकड़ों के आधार पर इसे 8.7 कर दिया गया। भूकंप 19.3 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिसके कारण सतह पर तीव्र झटके महसूस किए गए और सुनामी का खतरा बढ़ गया। भूकंप के तुरंत बाद, रूस के कुरील द्वीप समूह की मुख्य बस्ती सेवेरो-कुरीलस्क में पहली सुनामी लहर आई थी। स्थानीय गवर्नर वालेरी लिमारेंको ने लहर के आने की पुष्टि की और कहा कि एहतियात के तौर पर लोगों को निकाला गया है।

### डोनाल्ड ट्रंप का...

दुनिया में सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक। साथ ही, उनके पास किसी भी देश की तुलना में सबसे कठिन व आपत्तिजनक गैर-आर्थिक व्यापार अवरोध हैं। इसके अलावा, भारत हमेशा से अपने सैन्य उपकरणों की बड़ी हिस्सेदारी रूस से खरीदता रहा है, और वह चीन के साथ मिलकर रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार भी है। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे, ये सब बातें ठीक नहीं हैं! इसलिए, भारत को अब 1 अगस्त से 25% टैरिफ देना होगा, साथ ही उपरोक्त कारणों के लिए एक दंड भी लगाया जाएगा। इस विषय पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद। एमएजीए! ट्रंप ने भारत की व्यापार व्यवस्था को 'सबसे कठिन और आपत्तिजनक गैर-मौद्रिक व्यापार अवरोधों' में से एक बताया है। उनका मानना है कि इसी कारण वर्षों से भारत के साथ अमेरिका का व्यापार सीमित रहा है। मालूम हो कि भारत में विदेशी उत्पादों पर अक्सर ऊंचे आयात शुल्क लगाए जाते हैं। इससे घरेलू उद्योग को बढ़ावा मिलता है, लेकिन विदेशी कंपनियों को शिकायत रहती है कि उन्हें बाजार में प्रवेश करने में दिक्कत होती है। मोदी जिस ट्रंप को अपना मित्र कहते हैं, उस ट्रंप की निगाह भारत में बड़े बाजार पर है। यह विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या भारत में होने के चलते है। ट्रंप अपने देश के कृषि व डेयरी उत्पाद तथा अन्य सामान भारत में हर हालत में बेचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, भारत में ऐसे उत्पादों पर टैक्स ज्यादा है, चाहे वह अमेरिकी या अन्य किसी देश का हो। यह भारत के किसानों के हित को देखते हुआ किया गया है। वैसे तो मोदी ने कृषि बाजार को खोलने की कोशिश की थी, लेकिन किसानों के धरने और उसमें लगभग साढ़े सात सौ किसानों की मौत के बाद मोदी को माफी मांग कर वह बिल वापस लेना पड़ा था। इसलिए भी मोदी सरकार को डर है कि यदि अमेरिका के कृषि उत्पाद को भारत में आयात की इजाजत दे दी गई, वह भी मामूली टैक्स पर, तो भारतीय किसानों को बहुत नुकसान होगा। अन्य भारतीय उत्पादकों को भी घाटा होगा, और इस तरह भारत का कई क्षेत्र में विकास रुक जाएगा। इसका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। और, फिर अमेरिका या अन्य किसी देश पर निर्भरता होने पर वे कभी भी दाम बढ़ा कर या माल रोक कर भारत को परेशानी में डाल सकते हैं। फिलहाल ट्रंप ने जो ऐलान किया है, देखिए वह एक अगस्त 2025 से लागू होता है या कुछ दिन बाद फिर कुछ होता है। क्योंकि, अपने सब कुछ में धंधा वाले ट्रंप विश्वसनीय नहीं हैं। अपने स्वार्थ के लिए वह किसी भी स्तर पर जाने के लिए कुख्यात हैं। कब क्या करेंगे, कब क्या कहेंगे, केवल वह ही जानते हैं।

**पहल**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए

# शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और अधोसंरचना से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय प्रबंध समिति की पहली बैठक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने की, जिसमें विद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन, परीक्षा परिणाम, अधोसंरचना विकास और आवश्यक क्रय प्रक्रिया पर विमर्श किया गया।

प्राचार्य ने जानकारी दी कि इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जा रहा है। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आर. पासवान, सिविल सर्जन प्रतिनिधि डॉ. शोभना टोप्पो, आशीष टैगोर, संत जेवियर एकेडमी की प्राचार्य, अभिभावक सदस्य आभा टोप्पो, मनोज पवइया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रय समिति को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रय समिति को मंजूरी दी गई और पुराने, क्षतिग्रस्त कंप्यूटर व अन्य सामग्रियों के निष्पादन की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कंप्यूटर लैब हेतु दो एसी, पुस्तकालय के लिए पुस्तकों, फर्नीचर और खेल सामग्री की खरीद को अनुमोदन मिला। विद्यालय में एक मेडिकल कैंप आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। विद्यालय के वॉशरूम की मरम्मत एवं दरवाजों की मरम्मती का भी प्रस्ताव पारित किया गया। खेल मैदान की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए मैदान में मौजूद पेड़ों की कटाई हेतु पुन: पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

# ब्रिटेन और फ्रांस सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे सकते हैं

लंदन (आईएएनएस)

ब्रिटेन की सरकार ने इजरायल से कहा है कि वह गाजा में लोगों की बदतर हालत को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और लंबे समय तक चलने वाली शांति के लिए गंभीरता से काम करे। अगर ऐसा नहीं होता है, तो ब्रिटेन सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे सकता है, ताकि दो देशों वाले समाधान (द्वि-राज्य समाधान) की संभावना को बचाया जा सके।

एक बयान में डाउनिंग स्ट्रीट ने इजरायल से अपील की कि वह संयुक्त राष्ट्र को गाजा में लोगों तक खाने-पीने की मदद पहुंचाने की अनुमति दे, युद्धविराम के लिए सहमत हो, और यह साफ करे कि वह वेस्ट बैंक (पश्चिमी तट) पर कब्जा नहीं करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, बयान में हमास से अपील की गई है कि वह सभी बंधकों को तुरंत रिहा करे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार का मुख्य लक्ष्य जमीनी हालात को बदलना है और यही इस फैसले का मकसद भी है। स्टारमर ने घोषणा के समय को लेकर कहा, "मैं इस बात को लेकर खास तौर पर चिंतित हूं कि दो-राज्य समाधान (इजरायल और फिलिस्तीन के लिए) का विचार अब धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है और आज यह पहले से कहीं ज्यादा दूर नजर आता है।

ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, "क्षेत्र के भविष्य के लिए दो-राज्य समाधान से बेहतर कोई रास्ता नहीं है।" उन्होंने कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षित सीमाओं के भीतर आतंकवाद के खतरे से मुक्त होकर शांतिपूर्वक रहने का अधिकार है और फिलिस्तीनियों को भी एक स्वतंत्र देश में सम्मान और सुरक्षा के साथ, बिना किसी कब्जे के जीने का हक मिलना चाहिए।



### लैमी का भावुक बयान

- बैठक में बयान देने के बाद लैमी ने मीडिया से बात की।
- कहा, "यह कदम फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता की दिशा में है।

### बच्चों पर हिंसा को लेकर गहरा दुख

- लैमी ने कहा, मदद मांगते बच्चों पर गोली चलाई गई।
- इस दृश्य को उन्होंने "दुखद और डरावना" बताया।

## फिलिस्तीन को मान्यता देने की योजना पर भड़के नेतन्याहू ब्रिटेन हमास को इनाम दे रहा



**तेल अवीव ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उस योजना पर कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की बात कही। नेतन्याहू ने इस कदम को हमास के "भयावह आतंकवाद" को इनाम देने के बराबर बताया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "स्टार्मर हमास के भयावह आतंकवाद को इनाम दे रहे हैं और इससे पीड़ितों को दंडित कर रहे हैं। आज इजरायल की सीमा पर एक जिहादी जमीन कल ब्रिटेन के लिए खतरा बनेगी। जिहादी आतंकवादियों को खुश करने की नीति हमेशा विफल होती है। यह आपको भी विफल करेगी। इस बीच, इजरायली विदेश मंत्रालय ने भी इस फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार का ऐसा कदम गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के प्रयासों को कमजोर करेगा। इजरायली विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "इजरायल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के बयान को खारिज करता है।

## ताइवान के पास दिखे 11 चीनी विमान और 6 युद्धपोत: रक्षा मंत्रालय

**ताइपे ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के मुताबिक बुधवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के पास 11 चीनी एयरक्राफ्ट और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। ताइवान के 'एमएनडी' के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 11 में से 10 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान साउथ-वेस्टर्न एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। चीन की सैन्य कार्रवाई के जवाब में, ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित प्रणालियां तैनात कीं। ताइवान के एमएनडी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "बुधवार सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास 11 पीएलए विमान और 6 पीएलएएन जहाज देखे गए। 11 में से 10 उड़ानें मध्य रेखा पार करके ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं।

# कर्नाटक की महिला में पाया गया दुर्लभ ब्लड ग्रुप 'सीआरआईबी'

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कोलार जिले से एक चौंकाने वाला अनोखा मामला सामने आया है। एक महिला को कार्डियक अरेस्ट को बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसका ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए सैंपल लैब में भेजा। लैब असिस्टेंट की जांच में जो रिपोर्ट सामने आई उसने सभी को हैरान कर दिया। 38 वर्षीय महिला में एक नया ब्लड ग्रुप पाया गया है। यह ब्लड ग्रुप अब तक दुनिया में कहीं भी नहीं देखा गया था। हार्ट की सर्जरी के लिए भर्ती कराई गई महिला का ब्लड ग्रुप O RH+ था, जो कि आम है। लेकिन कोई भी O पॉजिटिव ब्लड यूनिट उसके ब्लड से मैच नहीं हो हुआ। इसके बाद गहन जांच के लिए ब्लड सैंपल को रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर भेजा गया। बैंगलोर में आधुनिक तरीके से ब्लड की जांच की गई लेकिन महिला का ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स के साथ मेल नहीं खा रहा था। परिवार के करीब 20 लोगों के सैंपल भी लिए गए, लेकिन किसी का ब्लड महिला के ब्लड सैंपल से मैच नहीं हुआ। रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि मामले को काफी सावधानी से लिया गया। महिला का ऑपरेशन बिना ब्लड के ट्रांसफर के सफलतापूर्वक हो गया है। महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरिटी यूके भेजा गया। दस महीने की रिसर्च के बाद एक नया ब्लड ग्रुप एंटीजन मिला, जिसे CRIB नाम दिया गया। यह रिसर्च जून 2025 में इटली में हुई ISBT की एक मीटिंग में बताई गई।रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि टीम ने एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, 'एडवांस तकनीकों से पता चला कि उनका ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स से मेल नहीं खा रहा था। यह एक दुर्लभ ब्लड टाइप हो सकता है। इसलिए, हमने परिवार के सदस्यों के ब्लड सैंपल लिए, लेकिन कोई मैच नहीं मिला।' जहां तक सीआरआईबी नाम रखने का सवाल है, सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' और आईबी का मतलब 'इंडिया', 'बैंगलोर' है। डॉ. माथुर ने यह भी कहा कि रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर ने दुर्लभ ब्लड डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। वे पहले भी कई दुर्लभ ब्लड टाइप के मरीजों की मदद कर चुके हैं।



- सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' व आई का 'इंडिया', बी का'बैंगलोर'
- हृदय की सर्जरी के लिए भर्ती महिला का ब्लड ग्रुप किसी भी ज्ञात ब्लड सैंपल से मेल नहीं खाया

# विटामिन बी 12 की हर दूसरे आदमी में है कमी

## हाथ-पैरों में झनझनाहट और सुन्नपन हो सकती है विटामिन बी 12 की कमी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन बी 12 का सेवन बहुत ही जरूरी है। यह विटामिन हमारे शरीर में नहीं बनता बल्कि हमें ये भोजन से मिलता है। विटामिन बी 12 से जुड़ी डाइट की बात करें तो ये विटामिन हमें मांसाहारी खाद्य जैसे अंडा, दूध,मछली,मांस व बीफ का सेवन करने से पर्याप्त मिलता है। जानवर व उनके मांस संबंधित खाद्य इस विटामिन का बेहतर स्रोत माना जाता है। लेकिन शाकाहारी लोगों के लिए दूध, दही, मशरूम, आदि भी इसके स्रोत हैं। शरीर के लिए जरूरी ये विटामिन नर्वस सिस्टम को स्वस्थ रखता है। डीएनए व आरएनए के निर्माण में मददगार ये विटामिन शरीर में फोलेट व आयरन को सही तरह से काम करने में मदद करता है। ये विटामिन ब्रेन हेल्थ व याददाश्त को बेहतर बनाए रखने में मददगार है। पाचन से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे लोगों में भी इस विटामिन की कमी होती है। विटामिन बी12 एक पानी में घुलनशील विटामिन है जिसकी क मी से शरीर में कई तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानियां होने लगती हैं। इसकी कमी से हाथ-पैरों में झनझनाहट या सुन्नपन होना, थकान व कमजोरी होना, याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना या सिर भारी लगना, भूख कम लगना, मूड स्विंग्स या डिप्रेशन, जीभ पर जलन या फिर सूजन होने जैसे लक्षण दिखते हैं। इस विटामिन की कमी ज्यादातर बुजुर्गों में होती है। जो युवा एक जैसी डाइट लेते हैं उनकी बॉडी में भी इस विटामिन की कमी होने लगती है।चिकित्सकों के अनुसार इन दिनों विटामिन बी12 की कमी हर दूसरे आदमी में देखने को मिल रही है। इस विटामिन को शरीर में बढ़ाना जरूरी है। एक स्वस्थ व्यक्ति में विटामिन बी 12 का स्तर 200-300 पिको ग्राम प्रति मिली होना चाहिए। शाकाहारी लोगों में इस विटामिन की खासतौर पर कमी होती है, क्योंकि विटामिन बी 12 का मुख्य स्रोत एनिमल फूड है। इस विटामिन की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में कुछ खास आहार शामिल करें ताकि आपके शरीर में इस विटामिन की भरपाई हो सके। चलिए जानते हैं कि शरीर में विटामिन बी 12 को बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ कौन से हैं-यदि शरीर में विटामिन बी 12 की कमी को पूरा करना चाहते हैं तो आप पनीर का सेवन करें। दूध की मलाई निकालकर बनाया गया पनीर शरीर के विटामिन की कमी को पूरा करेगा। यदि आप हर रोज़ एक पाव दूध पीते हैं तो आपकी शरीर में विटामिन बी 12 की कमी पूरी होगी। 250 मिली ग्राम दूध में लगभग 1.1 से 1.4 माइक्रोग्राम विटामिन बी 12 होता है। एक वयस्क व्यक्ति को रोज लगभग 2.4 माइक्रोग्राम बी12 की जरूरत होती है। आधी विटामिन बी 12 की ज़रूरत मात्र 1 गिलास दूध से पूरी हो सकती है।दही भी विटामिन बी 12 का अच्छा स्त्रोत है जो नर्वस सिस्टम, याददास्त व एनर्जी लेवल के लिए ज़रूरी है। ये विटामिन पाचन में सुधार करता है। दही में प्रोबायोटिक बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों की सेहत सुधारते हैं और बी 12 को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करते हैं।प्रोटीन व कैल्शियम से भरपूर दही का सेवन करने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। हां, मशरूम भी शरीर में में विटामिन बी 12 की कमी पूरी करता है। शिटेक मशरूम में इस विटामिन की अच्छी खासी मात्रा मौजूद होती है। शिटेक मशरूम खासतौर पर जब धूप में सुखाए गए होते हैं, तो इनमें विटामिन डी के साथ-साथ बी 12 की भी मात्रा ज्यादा होती है। यह मशरूम नर्व हेल्थ, ब्लड सेल बनाने व इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में सहायता करता है।

## बांग्लादेश में 'जुलाई नेशनल चार्टर' पर विवाद



**ढाका ।** बांग्लादेश में कई राजनीतिक दलों ने 'जुलाई नेशनल चार्टर' के मसौदे पर आपत्तियां उठाई हैं। इनमें जमात-ए-इस्लामी, नेशनल सिटीजन्स पार्टी (एनसीपी) और इस्लामी आंदोलन शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह दल, खासकर राष्ट्रीय चुनावों के बाद सरकार बनने के दो साल के भीतर सुधार प्रस्तावों को लागू करने के प्रावधान का विरोध कर रहे हैं। इन दलों की मांग है कि जुलाई चार्टर को एक कानूनी ढांचे में शामिल किया जाए, ताकि इसका कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। बांग्लादेश की नेशनल कंसेंसस कमीशन (एनसीसी) ने हाल ही में राजनीतिक पार्टियों से अपील की है कि वह 'जुलाई नेशनल चार्टर 2025' में दिए गए सुधारों को सत्ता में आने के दो साल के अंदर लागू करने का वादा करें।कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी 'जमात-ए-इस्लामी' ने जुलाई चार्टर को दो साल के भीतर लागू करने के प्रस्ताव को खतरनाक बताया।

# स्विस बैंक में भारतीयों की जमा राशि हो गई है 37,600 करोड़

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्विस बैंकों में भारतीयों का कितना पैसा जमा है, यह सवाल अक्सर चर्चा का विषय बना रहा है। संसद में भी इसको लेकर कई बार सवाल उठते है। एक बार फिर इसको लेकर सवाल उठे। क्या 2024 में भारतीयों की जमा राशि 3 गुना बढ़कर लगभग 37,600 करोड़ रुपये हो गई है? क्या इसमें काला धन भी शामिल है? 2022 से अब तक विदेशों से कितना काला धन वापस लाया गया है? इन सवाल का केंद्र सरकार ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि स्विस नेशनल बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि बढ़ी है।वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्य सभा सदस्य जावेद अली खान द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, "स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों पर आधारित कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उल्लेख किया गया है कि 2024 में स्विस बैंकों में भारतीयों से जुड़ी धनराशि बीते वर्ष की तुलना में बढ़ी है।" उन्होंने कहा, 'मीडिया रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्विस अधिकारियों के अनुसार, एसएनबी के आंकड़ों में, अन्य बातों के अलावा, ग्राहकों की जमा राशि (किसी भी देश में स्थित स्विस बैंकों की विदेशी शाखाओं में जमा राशि सहित) और अन्य देनदारियों के साथ-साथ बैंकों को देय राशि भी शामिल है, और स्विस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि एसएनबी के वार्षिक बैंकिंग आंकड़ों का उपयोग स्विट्जरलैंड में भारत के निवासियों द्वारा जमा राशि के विश्लेषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।' सरकार ने एसएनबी डेटा का नेचर स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें ग्राहकों की जमा राशि, अन्य देनदारियां, विभिन्न बैंकों को देय राशि और विदेशी ब्रांच में जमा राशि शामिल है। इसलिए, यह मान लेना गलत है कि यह पूरी राशि स्विट्जरलैंड में भारतीय नागरिकों द्वारा जमा "काला धन" है।मंत्री महोदय की तरफ से यह भी बताया गया है कि सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान स्ट्रक्चर के तहत वर्ष 2018 से स्विट्जरलैंड हर वर्ष भारत को भारतीय निवासियों से संबंधित वित्तीय जानकारी प्रदान करता रहा है। पहली बार, यह डेटा भारत को सितंबर 2019 में प्राप्त हुआ था और यह प्रक्रिया अब हर साल जारी है। इसके अलावा, भारत को 100 से अधिक विदेशी कर क्षेत्राधिकारों से विदेशी आय और संपत्ति से संबंधित जानकारी भी मिलती है।सरकार ने कहा कि काला धन अधिनियम 2015 के लागू होने के बाद 2015 में 3 महीने की एकमुश्त अनुपालन अवधि के दौरान, 684 खुलासों से 4,164 करोड़ रुपये मूल्य की अघोषित विदेशी संपत्ति का पता चला, जिस पर 2,476 करोड़ रुपये का टैक्स और जुर्माना वसूला गया।काला धन अधिनियम के तहत 31 मार्च, 2025 तक 1,021 असेसमेंट पूरे किए गए, जिनसे 35,105 करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स और जुर्माना वसूला गया। इन मामलों में कुल 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गईं। पहले ही कर/जुर्माना/ब्याज के रूप में 338 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। सरकार कह रही है कि इस बात को समझना काफी जरूरी है कि स्विस बैंकों में जमा पैसा हमेशा ब्लैक मनी नहीं होता है। किसी भी व्यक्ति या संस्था का स्विट्जरलैंड में खाता रखना गैरकानूनी नहीं है, बशर्ते कि धन घोषित किया गया हो और उस पर आवश्यक टैक्स चुकाया गया हो।




**2022 से अब तक कितनी ब्लैक मनी हुई रिकवर ?**

कहानी फिल्म जगत की

# अधिकारी से निर्माता निर्देशक बने सनातन

## भोजपुरी फिल्म 'बाट निहारुँ घर आ जा सजनवा' दूसरी फिल्म



शिखा स्वरूप
मुख्य अभिनेत्री

प्रतीक पांडे
मुख्य अभिनेता

सनातन एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता, लेखक और निर्देशक हैं, जिन्हें मीडिया का खासा अनुभव है। केंद्र सरकार के प्रमुख विभागों- विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, श्रम मंत्रालय और दूरदर्शन में विभिन्न वरिष्ठ पदों पर तीन दशकों से अधिक समय तक सेवा देने के बाद, उन्होंने खुद को थिएटर और फिल्म निर्माण में पूरी तरह से समर्पित करने के लिए 2021 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना.भावनात्मक यथार्थवाद और सांस्कृतिक गहराई में निहित कहानियों के लिए आजीवन जुनून के साथ, सनातन ने सिनेमा की दुनिया में सफलतापूर्वक प्रवेश किया है।

एक निर्माता के रूप में, वह अपने साथ प्रशासनिक कौशल, कथात्मक अंतर्दृष्टि और रचनात्मक अनुशासन का एक असाधारण मिश्रण लाते हैं। उनकी लघु फिल्म "सबीना" का लेखन, निर्माण और निर्देशन किया, जो सार्वजनिक सेवा में उनके व्यापक अनुभव से प्रेरित है। फिल्म को आधिकारिक तौर पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों के लिए चुना गया है और फ्लोरेंस फिल्म अवाड्र्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का रजत पुरस्कार पहले ही मिल चुका है। सबीना को पूरी तरह से उनके नेतृत्व में अवधारणा, वित्तपोषित और निर्मित किया गया था। सनातन वर्तमान में अपनी आगामी भोजपुरी फीचर फिल्म 'बाट निहारुँ घर आ जा सजनवा' पर काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण संस्कृति, भावनात्मक गहराई और झारखंड और बिहार से संबंधित सामाजिक विषयों पर आधारित है. प्रामाणिक भारतीय कथाओं को प्रदर्शित करने की एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ, वह इस फिल्म का निर्माण झारखंड की स्थानीय प्रतिभा, क्षेत्रीय भाषा और क्षेत्रीय सिनेमा को मजबूत करने के दृष्टिकोण के साथ कर रहे हैं। एक निर्माता के रूप में सनातन का दृष्टिकोण अत्यंत व्यक्तिगत और पेशेवर है - कुशल प्रोडक्शन प्लानिंग के साथ कलात्मक संवेदनाओं को संतुलित करना उनकी विशेषता है । उनका उद्देश्य क्षेत्रीय फिल्मों के विकास में सार्थक योगदान देना है, विशेष रूप से वे जो भारत के हृदय स्थल की सांस्कृतिक आत्मा को चित्रित करती हैं। फिल्म 10 सितंबर को फ्लोर पर आ जाएगी और पूरी शूटिंग रांची के निकट जोन्हा के आसपास होगी अधिकांश कलाकार और क्रू मेंबर्स झारखंड के हैं।